राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 17 जून 2026

वर्ष 07, अंक 250, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

मनोरमा जनजागृति यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, नदी संरक्षण हेतु प्रदेश की सबसे बड़ी एवं लंबी जनजागरण यात्रा ...02

कानपुर में अनुराग ठाकुर ने अयोध्या पर विपक्ष को घेरा, राम मंदिर का विरोध करने वाले अब उठा रहे सवाल..11

# क्या घुसपैठिए नागरिकता के लिए 'आधार' का कर रहे इस्तेमाल? सुप्रीम कोर्ट

● सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों को जारी किया नोटिस

● सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आधार कार्ड के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई की है. याचिका में मांग की गई है कि आधार का इस्तेमाल सिर्फ पहचान की पुष्टि के लिए ही सीमित किया जाए.



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र और राज्यों सरकारों से एक याचिका पर नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि यूआईडीएआई (यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया) द्वारा जारी आधार कार्ड का इस्तेमाल नागरिकता और पते के सबूत के तौर पर गलत तरीके से किया जा रहा है। याचिका में मांग की गई है कि आधार का इस्तेमाल सिर्फ पहचान की पुष्टि के लिए ही सीमित किया जाए.।याचिका में आरोप लगाया गया कि आधार का घुसपैठिए और अवैध प्रवासी अपनी नागरिकता के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर यूआईडीएआई (यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया) द्वारा जारी आधार कार्ड को लेकर सुनवाई की है. इस दौरान बेंच ने केंद्र, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. याचिका में केंद्र, राज्यों और चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है ताकि यह पक्का किया जा सके कि आधार का इस्तेमाल सिर्फ पहचान के सबूत के तौर पर हो, न कि नागरिकता, निवास, पते या जन्मतिथि के सबूत के तौर पर।

**वोटर रजिस्ट्रेशन में आधार का इस्तेमाल कानून के खिलाफ**

याचिका के अनुसार, नए वोटर रजिस्ट्रेशन (फॉर्म-6) में आधार को जन्मतिथि और पते के सबूत के तौर पर लिया जा रहा है. याचिकाकर्ता का तर्क है कि यह प्रक्रिया कानून के खिलाफ है. यह आधार अधिनियम 2016 की धारा 9, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 23(4) और संविधान के अनुच्छेद 14 का सीधा उल्लंघन है. आधार अधिनियम की धारा 9 साफ कहती है कि आधार नागरिकता या अधिवास का प्रमाण नहीं है. यूआईडीएआई की 22 अगस्त 2023 की अधिसूचना में भी यही बात स्पष्ट की गई थी कि आधार केवल पहचान का प्रमाण है, नागरिकता या जन्मतिथि का नहीं।

**घुसपैठिए और अवैध प्रवासी कर रहे गलत इस्तेमाल**

याचिका में कहा गया है, 'आधार एक्ट, 2016 की धारा 9 साफ तौर पर कहती है कि 'आधार नागरिकता या निवास का सबूत नहीं है.' यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा 22 अगस्त, 2023 को जारी एक नोटिफिकेशन में भी यह साफ किया गया है कि 'आधार पहचान का सबूत है, न कि नागरिकता, पते या जन्मतिथि का सबूत'.' घुसपैठिए और अवैध प्रवासी आधार का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

**किन जगहों पर इस्तेमाल हो रहा आधार कार्ड?**

याचिका में कहा गया है, 'इसके बावजूद, आधार का इस्तेमाल न सिर्फ स्कूल में दाखिले, प्रॉपर्टी खरीदने और जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज पाने के लिए हो रहा है. उम्र, नागरिकता और निवास का सबूत के तौर पर किया जा रहा है. इतना ही नहीं नए वोटर रजिस्ट्रेशन (फॉर्म-6) के लिए भी जन्मतिथि और निवास के सबूत के तौर पर इसका इस्तेमाल हो रहा है।

**वेरिफिकेशन सिस्टम में बड़े बदलाव की**

याचिका में चुनावी प्रक्रियाओं में इस्तेमाल होने वाले वेरिफिकेशन सिस्टम में बड़े बदलाव की मांग की गई थी. साथ ही, सुधारों की निगरानी के लिए एक हाई-लेवल मॉनिटरिंग कमिटी बनाने का प्रस्ताव भी दिया गया था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज के साथ-साथ साइबर सिक्योरिटी और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स भी शामिल हों।

# ममता बनर्जी फिर पहुंचीं हाई कोर्ट... भवानीपुर के चुनावी नतीजों को दी चुनौती

● तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से हार मामने को तैयार नहीं हैं. अब उन्होंने भवानीपुर सीट के चुनावी नतीजों को कलकत्ता हाई कोर्ट में चुनौती दी है. ममता ने एक याचिका के जरिए आरोप लगाया है कि वोटों की गिनती में धांधली हुई थी. इसी धांधली की वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था





तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में एक चुनावी याचिका दायर की, जिसमें भवानीपुर सीट के चुनावी नतीजों को चुनौती दी गई है. इस सीट पर बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को 15,105 वोटों से हराया था. पीटीआई के मुताबिक, ममता बनर्जी ने एक याचिका के जरिए आरोप लगाया है कि वोटों की गिनती में धांधली हुई थी. इसी धांधली की वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

ममता बनर्जी की ओर से दायर चुनावी याचिका में भवानीपुर के नतीजों की न्यायिक समीक्षा की मांग की गई है. हालांकि, जिन आधारों पर नतीजों को चुनौती दी गई है, उनसे जुड़ी जानकारी तुरंत उपलब्ध नहीं थी. ममता बनर्जी परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका की पुष्टि करने के लिए हाई कोर्ट की रजिस्ट्री गई. उनके साथ तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष और डोला सेन भी थे।

**ममता ने लगाए थे वोट लूट के आरोप**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के वोटों की गिनती 4 मई को हुई थी. चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद उन्होंने 5 मई को ममता बनर्जी ने अपने कालीघाट स्थित आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, जिसमें कहा था कि हम हारे नहीं हैं. वोट जबरदस्ती लूटे गए थे. अब, उन्होंने उन नतीजों को चुनौती देने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

**14 मई को भी हाई कोर्ट पहुंचीं थीं ममता**

इससे पहले ममता बनर्जी इससे पहले 14 मई को भी कलकत्ता हाई कोर्ट गई थीं. उस समय वह वकील की पोशाक में पहुंची थीं. क्योंकि वह खुद कोर्टरूम में केस की पैरवी करना चाहती थीं. हालांकि, इस बार वह साड़ी पहनकर पहुंचीं. ममता का आरोप है कि वोट की लूट करके उन्हें भवानीपुर सीट से हराया गया है.

**2021 में भी शुभेंदु से हारने पर किया था कोर्ट का रुख**

बंगाल विधानसभा चुनाव में बीजेपी की बड़ी जीत के बाद सुवेंदु अधिकारी राज्य में पार्टी के पहले मुख्यमंत्री बने. गौरतलब है कि इससे पहले, ममता ने 2021 में नंदीग्राम में शुभेंदु से हारने के बाद कोर्ट का रुख किया था. वह मामला आज तक सुलझा नहीं है. यह मामला अभी तक कोर्ट में विचाराधीन है।

**भवानीपुर में कितने वोट से हुई ममता की हार**

भबानीपुर में ममता बनर्जी को बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी ने 15,105 वोटों के अंतर से हराया था। हालांकि, उन्होंने शुरू से ही इस हार को मानने से इनकार कर दिया है। चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए गए थे और 5 मई को उन्होंने अपने कालीघाट स्थित आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, जिसमें कहा था कि हम हारे नहीं हैं। वोट ज़बरदस्ती लूटे गए थे। अब, उन्होंने उन नतीजों को चुनौती देने के लिए कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### उमरवैश्य समाज सभा का 21वां छात्र- छात्रा सम्मान समारोह 28 जून को

**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा की एक बैठक सभा के अध्यक्ष गुलाबचंद उमरवैश्य की अध्यक्षता में मकरंदुगंज प्रतापगढ़ में संपन्न हुई। जिसमें समाज सभा द्वारा आयोजित 21वां छात्र- छात्रा सम्मान समारोह में हाईस्कूल, इंटर एवं स्नातक में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण 128 मेधावियों को 28 जून को चिलबिला उमरवैश्य धर्मशाला में सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मदनलाल आभार ज्ञापन कोषाध्यक्ष कैलाश मैनेजर द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री राम, विश्वनाथ, विजय कुमार, दीपक सभासद, हनुमान प्रसाद, अजय कुमार, देवेंद्र गुप्ता, डॉ0 श्याम, पवनेश कुमार, रमेश, जवाहरलाल बच्चा, गुलाबचंद, जीतलाल आदि समाज सभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नये जिला सूचना अधिकारी ने कार्यभार किया ग्रहण

**सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को संतोष कुमार द्विवेदी जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर के पद पर पूर्वान्ह में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन के समक्ष कार्यभार ग्रहण किया है। नवागत जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी 2018 बैच के यूपीपीसीएस से चयनित हुए हैं। जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी इससे पूर्व जनपद अंबेडकर नगर, अयोध्या एवं बहराइच में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

जिला सूचना कार्यालय सिद्धार्थनगर पहुंचकर कार्यालय के कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया एवं मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता किया। जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि मीडिया प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर शासन की योजनाओं का प्रचार - प्रसार एवं जिला प्रशासन के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण में समन्वय बनाकर कार्य करना प्राथमिकता होगी।

# इंटरलॉकिंग में मची लूट, लोगों में भारी आक्रोश

● ग्रामीणों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, किया जाँच व गुणवत्ता परक कार्य कराने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोन/सोनभद्र-** विकास खण्ड कोन के जिला पंचायत क्षेत्र कचनरवा में इंटर लॉकिंग का कार्य में भारी अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। बतातें चलें कि जिला पंचायत से इंटर लॉकिंग का कार्य कामेश्वर जायसवाल के घर से पांडु नदी तक लगभग 300 मीटर में मानक के विपरीत कार्य कराया जा रहा है जहाँ स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इंटरलॉकिंग का कार्य जिला पंचायत मद से शुरू तो जरूर हुआ किन्तु संबंधित ठेकेदार की मिली भगत से इंटर लॉकिंग का कार्य चढ़ा भ्रष्टाचारियों की भेंट।

ग्रामीण अजय जायसवाल व स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीमेंट ईट लगाने से पहले न तो मानक के अनुरूप गिट्टी डाला जा रहा है और न ही बालू का प्रयोग किया जा रहा है बल्कि बिना गिट्टी डाले ही सीमेंटेड ईट का प्रयोग किया जा रहा है। यहाँ तक कि साइड वॉल भस्सी से जोड़ा जा रहा है जो जनहित में बिल्कुल उचित नहीं है।

मौके पर उपस्थित जे ई प्रदीप यादव व स्थानीय लोगों के सामने इंटर लॉकिंग कार्य की गुणवत्ता की जाँच की गई जिसमें गुणवत्ता विहीन पाया गया जिस पर जे ई द्वारा संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता परक कार्य कराने व पुनः नये सिरे से कार्य कराने के दिये निर्देश।

जिसके क्रम में स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी ( जिला पंचायत) का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गुणवत्ता परक कार्य कराने की मांग किया है।इस मौके पर कामेश्वर जायसवाल, अजय जायसवाल, सुनील जायसवाल, विनय, संतोष जायसवाल, जगदीश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। इस बावत अपर मुख्य अधिकारी ( जिला पंचायत) ने कहा कि जाँच कर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## लव मैरिज के छह माह बाद टूटा रिश्ता

**बेटी से मारपीट का आरोप, दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**ससुराल से लौटकर मायके पहुंची युवती घर पहुंचकर गाली-गलौज और धमकी देने का भी आरोप**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में लव मैरिज के बाद पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट और ससुराल पक्ष को धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला चौबयाना निवासी सूरज कुशवाहा पुत्र कैलाश कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री लक्ष्मी ने करीब छह माह पूर्व मोहल्ला तालाबपुरा निवासी सुनील कुशवाहा उर्फ लिल्ले पुत्र चंदन कुशवाहा के साथ प्रेम विवाह किया था। शिकायत के अनुसार 13 जून 2026 को सुनील कुशवाहा ने लक्ष्मी के साथ मारपीट की, जिसकी सूचना युवती ने अपने पिता को दी। बेटी के साथ मारपीट की जानकारी मिलने पर सूरज कुशवाहा उसे अपने घर ले आए। आरोप है कि अगले दिन 14 जून को सुनील कुशवाहा चौबयाना स्थित ससुराल पहुंच गया और वहां भी गाली-गलौज करते हुए लक्ष्मी के साथ मारपीट करने लगा। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

## इटवा में चाकू से हमला: एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल, केस दर्ज, आरोपी गिरफ्तार







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के इटवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत इटवा में मंगलवार को दिनदहाड़े चाकू से हमला किया गया। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। यह वारदात नगर पंचायत इटवा के वार्ड नंबर 4, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर (मस्जिदिया) में राजेश सोनी के घर में हुई। भैसाहीं निवासी शमशाद ने घर में घुसकर राजेश सोनी और उनके परिवार के सदस्यों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में राजेश सोनी सहित अन्य लोग घायल हुए। पीड़िता सुनीता सोनी ने पुलिस को दी तहरीर देकर कर बताया कि मंगलवार सुबह भैसाही निवासी शमशाद और कुछ अन्य लोग उनके दुकान-मकान में घुस आए। और लोग उनके पति राजेश सोनी व पुत्र रवि सोनी और ओम को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी शमशाद को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीन प्रकाश ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## इलाज सरकारी, दवा बाजार से ! विक्रमजोत सीएचसी पर मरीजों के गंभीर आरोप

● जिले में अधिकतर सामुदायिक स्वास्थ्य केदो पर बाहर की दवा लिखी जा रही है गरीब मरीज दवा खरीदने में उनको पैसे जुटाना पड़ते हैं सरकार जबकि फ्री में दवा वितरित करने का आदेश दिया है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** विक्रमजोत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टरों पर मरीजों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मरीजों का कहना है कि अस्पताल में सरकारी दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें नहीं दी जातीं और अधिकांश दवाएं बाहर की मेडिकल दुकानों से खरीदने के लिए लिख दी जाती हैं। सरोज देवी, अनीता, कमला, राम करन और गोविंद प्रसाद सहित कई मरीजों ने बताया कि वे सरकारी अस्पताल में इस उम्मीद से इलाज कराने आते हैं कि उन्हें बेहतर चिकित्सकीय सुविधा और निःशुल्क दवाएं मिलेंगी। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर अधिकांश दवाएं बाहर से खरीदने के लिए लिख देते हैं, जिससे गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

मरीजों का कहना है कि सरकार द्वारा अस्पतालों में मुफ्त दवा उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अस्पताल में दवाएं उपलब्ध हैं तो मरीजों को उनका लाभ मिलना चाहिए। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से सीएचसी विक्रमजोत की व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# तालाब की भूमि की पैमाइश के दौरान 150 एअर जमीन पर मिला अवैध कब्जा- हल्का लेखपाल अख्तर आलम

● बैनामा की जमीन की आड़ में तालाब की भूमि पर किया जा रहा अवैध अतिक्रमण- ग्रामीणतालाब के पानी की निकासी बन्द होने पर ग्रामीणों ने थाना दिवस में किया था शिकायतग्रामीणों की शिकायत पर हल्का लेखपाल ने राजस्व टीम के साथ तालाब की भूमि की किया पैमाइश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के तहसील हरैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बसन्तपुर में सोमवार को शाम 04 बजे राजस्व टीम ने गोयरी तालाब की पैमाइश किया । राजस्व टीम की पैमाइश के दौरान पता चला कि बैनामे की जमीन के आड़ में तिलकराम पुत्र सुक्खू बसन्तपुर निवासी द्वारा तालाब की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है । राजस्व टीम के पैमाइश के दौरान बैनामेदार तिलक राम द्वारा लगभग 150 एअर भूमि पर अवैध अतिक्रमण मिला।

आप को बता दे कि रामचेत पुत्र स्व0 भगवान दत्त एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम बसन्तपुर सेमरहिया थाना दुबौलिया जिला बस्ती ने आरोप लगाया था कि ग्राम पंचायत बसन्तपुर में गोयरी नामक तालाब है जिसका गाटा सं0-375 है इसी तालाब में अमृत सरोबर का भी निर्माण हुआ है। इसी तालाब में पूरब तरफ प्रधान प्रतिनिधि सोमनाथ शर्मा के सहयोग से तिलक राम पुत्र सुक्खू ग्रा0 बसन्तपुर ( सेमरहिया ) द्वारा जे0 सी0बी लगाकर अवैध कब्जा किया जा रहा था जिसपर ग्रामीण रामचेत पुत्र भगवान दत्त द्वारा 112 पर पुलिस को फोन करके सूचना दी गयी थी 112 पुलिस द्वारा उस समय कार्य बन्द करा दिया गया था 112 पुलिस जाने के बाद पुनः कार्य किया जाने लगा। तालाब से एक नाला निकला हुआ था जो मनोरमा नदी में गिरता था जिसे बन्द कर दिया दिया गया था इसी नाले से होकर 08 से 10 गांवों का पानी बारिश के मौसम में नदी में जाता था। इस नाले के बन्द होने से सभी 10 गांवों के लोग परेशान हैं एवं उनके फसल को काफी नुकसान होने की संभावना है।

न्याय हित में ग्रामीणों ने थाना दिवस के दिन दुबौलिया थाने पर लिखित शिकायत किया था। राजस्व टीम ने ग्राम प्रधान समेत अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में पैमाइश किया। बैनामे दार तिलक राम पर 150 एअर जमीन अवैध कब्जा करने की पुष्टि होने पर ग्रामीणों ने तत्काल तालाब की जमीन को खाली करने की मांग कर रहे हैं और तालाब की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले भूमाफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उक्त प्रकरण में हल्का लेखपाल अख्तर आलम ने बताया कि तालाब की जमीन का पैमाइश निष्पक्ष रूप से किया गया जिस पर बैनामे दार द्वारा तालाब की 150 एअर अवैध कब्जा पाया गया है जिसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जायेगी जिसके आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 17 जून को अमेठी तहसील सभागार में महिला जनसुनवाई, राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या सुनेंगी शिकायतें

#### जंगल रामनगर में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में करेंगी प्रतिभाग



**अमेठी।** जनहित में महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद अमेठी में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 17 जून 2026 को उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या का जनपद भ्रमण प्रस्तावित है। कार्यक्रम के तहत महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न तथा घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए तहसील सभागार, अमेठी में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने जनपद की महिलाओं से अपील की है कि यदि उन्हें महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न या घरेलू हिंसा से संबंधित कोई शिकायत है तो वे निर्धारित समय पर जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्या प्रस्तुत कर सकती हैं, जिससे उनका त्वरित निस्तारण कराया जा सके। इसके अतिरिक्त तहसील अमेठी अंतर्गत ग्राम पंचायत जंगल रामनगर में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करेंगी, साथ ही समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी करेंगी।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योगाभ्यास शिविर आयोजित



**ललितपुर।** आगामी 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से पतंजलि युवा भारत योग समिति शैडो ग्रुप के तत्वावधान में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी, योगाचार्य मुकेश कुमार साहू (एड.) तथा योगशिक्षक परशुराम साहू ने उपस्थित योग साधकों को नियमित योग के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही सभी से 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की गई। कार्यक्रम में योग प्रोटोकॉल अंतर्गत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने साधकों को सही विधि से योग करने के तरीके भी बताए। इस अवसर पर अशोक सेन, प्रकाश, राहुल एड., राजेश साहू, नेताजी, फूलसिंह आमीन, रूपेंद्र राठौर, अजीत नापित सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल एवं प्रभावी बनाना रहा।

### सोमवती अमावस्या पर हरदौल बाबा मंदिर में सुंदरकांड

#### कथा एवं भंडारे का आयोजन

**ललितपुर।** विकासखंड बिरधा अंतर्गत ग्राम तेरा के मजरा कंचनपुरा स्थित हरदौल बाबा मंदिर पर सोमवती अमावस्या एवं पुरुषोत्तम मास के समापन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ, श्री सत्यनारायण भगवान की कथा तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान क्षेत्र में सुख-समृद्धि, ग्रामवासियों की खुशहाली तथा आगामी आषाढ़ मास में अच्छी वर्षा होने की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान से प्रार्थना की कि आने वाली फसलें रोगमुक्त रहें और किसानों को भरपूर उत्पादन प्राप्त हो। ग्रामीणों का मानना है कि आषाढ़ मास के पूर्व देवी-देवताओं के मंदिरों में पूजा-अर्चना एवं भंडारे के आयोजन से क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण का संचार होता है तथा जनकल्याण की भावना मजबूत होती है। कथा एवं पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कृष्ण किशोर पांडे, भगवत सिंह बैंस, सूरज, महेश सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

## मनोरमा जनजागृति यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, नदी संरक्षण हेतु प्रदेश की सबसे बड़ी एवं लंबी जनजागरण यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में मनोरमा नदी को स्वच्छ, अविरल एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने की मांग को लेकर आयोजित 'मनोरमा जनजागृति यात्रा' रविवार को जनसमर्थन के अभूतपूर्व उत्साह के बीच संपन्न हुई। यात्रा का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने किया। मखौड़ा धाम से प्रारंभ होकर जिलाधिकारी कार्यालय बस्ती तक लगभग 65 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली इस यात्रा में हजारों लोगों ने मोटरसाइकिलों एवं अन्य माध्यमों से सहभागिता की। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मखौड़ा धाम में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने मखौड़ा धाम एवं मनोरमा नदी के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल, जीवन का आधार है तथा नदियों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि मनोरमा नदी केवल एक जलधारा नहीं बल्कि क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और पर्यावरणीय संतुलन की पहचान है।

इसके उपरांत हजारों समर्थकों के साथ मोटरसाइकिल यात्रा के रूप में जनजागरण अभियान प्रारंभ हुआ। यात्रा मार्ग में अनेक स्थानों पर स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों द्वारा यात्रियों का स्वागत किया गया तथा जलपान की व्यवस्था की गई। प्रत्यक्षदर्शियों एवं उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार छोटी नदियों की सफाई एवं संरक्षण को समर्पित यह प्रदेश की सबसे बड़ी एवं सबसे लंबी जनजागरण यात्राओं में से एक रही।

जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचने पर यात्रा से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर मनोरमा नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने, नियमित सफाई कराने तथा नदी पुनर्जीवन के लिए प्रभावी कार्ययोजना लागू करने की मांग रखी। इस दौरान अधिकारियों के साथ लंबी वार्ता एवं बहस हुई। प्रतिनिधिमंडल को विकास भवन में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक का आश्वासन दिया गया, किंतु वहां पहुंचने पर अपेक्षित स्तर पर अधिकारियों की उपलब्धता नहीं होने से समाधान की दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हो सकी। श्री पाण्डेय ने आरोप लगाया कि नदी संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रशासनिक उदासीनता चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जनहित के इस मुद्दे पर प्रशासन का सहयोग अपेक्षित था, किंतु न तो पर्याप्त व्यवस्थाएं दिखाई दीं और न ही जनभावनाओं के अनुरूप तत्परता। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं हुआ तो वह शासन स्तर पर विस्तृत शिकायत एवं सुझाव प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल समस्याओं को उठाना नहीं बल्कि समाधान के लिए रचनात्मक सहयोग देना भी है। उन्होंने बताया कि बीते डेढ़ दशक में मनोरमा नदी के संरक्षण के लिए अनेक ज्ञापन, पत्र, धरना-प्रदर्शन एवं सुझाव दिए गए हैं। साथ ही स्थानीय युवाओं एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से विभिन्न घाटों के आसपास लगभग तीन किलोमीटर क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर 1500 कुंतल से अधिक मलबा निकालने का कार्य भी किया गया, किंतु प्रशासनिक स्तर पर अपेक्षित सहयोग नहीं मिला।

श्री पाण्डेय ने कहा कि मनोरमा नदी को पुनर्जीवित करने की लड़ाई किसी व्यक्ति या संगठन की नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के भविष्य, पर्यावरण संरक्षण और जनहित की लड़ाई है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिवचरन जायसवाल, शक्तीदीप पाठक, विमलेन्द्र सिंह, अनुज त्रिपाठी, विनोद चौधरी, अवशेष पाठक, अभिषेक शर्मा, हीरालाल वर्मा, अवधेश वर्मा, रत्नेश श्रीवास्तव, देवशरण शुक्ल, उमानाथ द्विवेदी, राहुल शास्त्री, अतुल शास्त्री, विवेक पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, पशुपतिनाथ चौबे, नवीन तिवारी सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### बलरामपुरः राप्ती नदी में डूबी मासूम हरीम का शव 24 घंटे बाद मिला, परिवार में छाया मातम



**बलरामपुर।** मां के साथ राप्ती नदी के किनारे गई मासूम नहाने लगी और डूब गई। घटना के बाद से मासूम की तलाश की जा रही थी, आखिरकार 24 घंटे बाद सोमवार शाम नदी किनारे जिगना घाट साइफन के पास उसका शव बरामद होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। ननिहाल आई बच्ची की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। **यह है पूरा मामला** सिद्धार्थनगर जिले के ढेबरुआ थाना क्षेत्र स्थित मलगहिया गांव निवासी आरिफ खान की दो वर्षीय पुत्री हरीम अपने ननिहाल ग्राम तय्यबपुर परसौना आई हुई थी। रविवार को वह मां दरकशा व अन्य लोगों के साथ राप्ती नदी किनारे गई थी। इसी दौरान नहाते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। देखते ही देखते मासूम नदी की तेज धारा में ओझल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नदी में बच्ची की तलाश के लिए गोताखोरों की मदद ली गई।

## विद्यालय में घुसकर ताला तोड़ा, दस्तावेज व नकदी लेकर फरार; प्रबंधक ने एसपी से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सियरापार (संभलपुर) स्थित किसान पूर्व माध्यमिक विद्यालय चमरौहा में घुसकर ताला तोड़ने, महत्वपूर्ण अभिलेख और नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। विद्यालय के प्रबंधक ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने, चोरी गए सामान की बरामदगी और विद्यालय की सुरक्षा की मांग की है।शिकायत कर्ता के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के उद्देश्य से वर्ष 1980-81 में स्थापित विद्यालय को अस्थायी मान्यता वर्ष 1983 तथा स्थायी मान्यता वर्ष 1988 में प्राप्त हुई थी। वर्तमान में ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते विद्यालय बंद है। इसी दौरान आरोप है कि सियरापार निवासी विकास चौधरी, चंद्र प्रकाश चौधरी और लक्ष्मी चौधरी सहित अन्य लोग विद्यालय परिसर में घुस गए। आरोपियों ने पहले विद्यालय के बाहर लगा वर्षों पुराना बोर्ड उखाड़ लिया और फिर कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर रखी अलमारी उठा ले गए।प्रबंधक का आरोप है कि अलमारी में विद्यालय के महत्वपूर्ण अभिलेख, एसआर रजिस्टर, छात्र उपस्थिति पंजिका, टीसी, अंकपत्र, अन्य आवश्यक दस्तावेज तथा करीब 4,200 रुपये नकद रखे थे। इसके अलावा मेज पर रखे पानी और चाय के बर्तन भी उठा ले जाने का आरोप लगाया गया है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी विद्यालय की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से यह कार्रवाई कर रहे हैं तथा विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। प्रबंधक ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस से शिकायत के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रबंधक ने एसपी से मांग की है कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को तत्काल मुकदमा दर्ज करने, चोरी गए सामान की बरामदगी कराने और विद्यालय की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए जाएं।

## सातवें बड़े मंगलवार पर क्षेत्रभर में सजे भंडारे, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

● कटरा चौराहा, कस्बा, पांडे गंज, पूरे भंजन, दारानगर, शिवली सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए भंडारे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार (अमेठी)।** ज्येष्ठ मास के सातवें बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर शुकुल बाजार क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा भगवान श्रीहनुमान जी की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कस्बा शुकुल बाजार के कटरा चौराहे पर स्टेट बैंक एवं आदर्श इंटर कॉलेज के प्रबंधक जयसिंह चंदेल के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं दारानगर में ग्राम प्रधान मनोरज यादव के सौजन्य से भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर बीसीपीएम एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उदय राज यादव द्वारा आगंतुक अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।

इसी क्रम में पूरे भंजन में दिनेश पांडे के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पांडेयगंज चौराहे पर सदाशिव तिवारी द्वारा आयोजित भंडारे में भी बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शिवली गांव में प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित विशाल भंडारे में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक आयोजनों के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन-पूजन के साथ प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजकों एवं स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं की सेवा में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ योगदान दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह, ठेकेदार समर बहादुर सिंह, पूर्व प्रमुख प्रत्याशी भूपेंद्र विक्रम सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक विनय चौरसिया, युवा भाजपा नेता अरुण शंकर शुक्ला तथा युवा भाजपा नेता सोनू शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। दिनभर चले भंडारों में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा।

## बीएसए कार्यालयकी लापरवाही से अटका अनुदेशकों कामानदेय भुखमरी के कगार पर अनुदेशक

● डी0सी0 अमित सोनी ने किया खेल , फंसा अनुदेशकों का प्रशिक्षण मानदेयरानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण ऑनलाइन पूर्ण करने के पश्चात भी नही मिला अनुदेशकों/प्रशिक्षकों को उनका प्रशिक्षण भत्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्तीमाननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत प्रदेश के परिषदीय जूनियर विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जाना था उसी क्रम में जनपद बस्ती में भी सभी जूनियर विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को प्रशिक्षित करने के लिए खेल अनुदेशकों/प्रशिक्षकों को विद्यालय आवंटित किए गए थे। परियोजना कार्यालय के आदेश में यह स्पष्ट निर्देश था कि जैसे जैसे ऑनलाइन प्रशिक्षण जिन विद्यालयों पर पूर्ण होता रहेगा उस विद्यालय का प्रशिक्षण मानदेय का भुगतान वैसे- वैसे होता रहेगा। जनपद बस्ती में भी पहले चरण में जिन विद्यालयों में प्रशिक्षण पूरा हुआ उस विद्यालय का प्रशिक्षण मानदेय का भुगतान कर दिया गया किन्तु दूसरे चरण में जो विद्यालय शेष थे उस पर खेल अनुदेशकों/प्रशिक्षकों ने अपना प्रशिक्षण ऑनलाइन समय से पूर्ण कर लिया किन्तु उसका भुगतान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा नही किया गया। जब खेल अनुदेशको/प्रशिक्षकों ने इसकी शिकायत डीसी बालिका अमित सोनी से की तो उनके द्वारा बताया गया कि भुगतान हेतु फ़ाइल बैंक भेजी गई है,

उसके पश्चात जब खेल अनुदेशकों ने इसके संदर्भ में बैंक से जानकारी की तो पता चला कि जो पीपीए 102000 रुपये का भुगतान हेतु बैंक आया था वह फेल हो गया है क्योंकि वह 2 अप्रैल 2026 को भेजी गई जबकि किसी की भी वित्तीय वर्ष में भुगतान का अंतिम तारीख 30 मार्च होती है। डीसी बालिका अमित सोनी की लापरवाही से खेल अनुदेशकों/प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण मानदेय का भुगतान समय से न करने के कारण मानदेय का भुगतान आज तक नही हो पाया। एक तरफ तो सरकार अनुदेशकों के सम्मान का ढिढोरा पीट रही है और दूसरी तरफ उनके ही अधिकारी अनुदेशकों को प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भी उनका प्रशिक्षण मानदेय का भुगतान नही करते और इतनी बड़ी घोर लापरवाही पर जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी के चुप्पी को लेकर जनपद में चर्चाओं का दौर जारी है।

## 'पति के साथ मारपीट और महिला से अभद्रता का आरोप

» उराखंड में मजदूरी के दौरान उत्पीड़न का आरोप, घर लौटने पर भी पीछा कर धमकाने की शिकायत
» पीड़िता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से लगाई न्याय की गुहार



**महरौनी।** थाना सौंजना क्षेत्र के ग्राम गोना निवासी एक महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी महरौनी को शिकायती पत्र देकर अपने साथ अभद्रता, मारपीट और उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता लक्ष्मी पत्नी नन्दकिशोर कुशवाहा के अनुसार वह अपने पति के साथ उत्तराखंड में मजदूरी का कार्य करती थीं। वहां उनके साथ गांव के ही कुछ लोगों द्वारा लगातार छेड़छाड़ और परेशान किए जाने का आरोप है। महिला का कहना है कि करीब चार वर्ष पूर्व गांव की एक महिला ने उनके पति के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद राजीनामा हो गया था।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि राजीनामे के बाद भी आरोपी उन्हें और उनके पति को परेशान करते रहे। महिला के अनुसार उत्तराखंड में मजदूरी के दौरान कई बार छेड़छाड़ की कोशिश की गई। वहीं हाल ही में जब उसका पति घर वापस आया तो आरोपियों ने उसका पीछा किया और 14 मई 2026 को जबरदस्ती करने का प्रयास किया। विरोध करने पर पति के साथ मारपीट की गई और महिला के कपड़े फाड़कर बदसलूकी करने का भी आरोप लगाया गया है। महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अब यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और पुलिस द्वारा शिकायत की जांच किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

## इंडो-नेपाल बॉर्डर पर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त गश्त, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए व्यापक पैदल गश्त की। अभियान के दौरान सीमावर्ती गांवों, संवेदनशील स्थलों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच की गई। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान सीमा क्षेत्र में होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। संयुक्त टीम ने नेपाल सीमा से जुड़े गांवों में भ्रमण कर लोगों से संवाद स्थापित किया तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी साझा की।

पुलिस एवं एसएसबी के अधिकारियों ने ग्राम सुरक्षा समितियों एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों को मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, गौ तस्करी, अवैध कटान तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम में सहयोग करने की अपील की। साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए कहा गया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के संयुक्त अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। पुलिस और एसएसबी की सतर्कता से सीमा पार होने वाली अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिल रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाई गई चौकसी, पुलिस-एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप का माहौल है।

## एसएसबी और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में चंदन तस्करी का भंडाफोड़, तीन तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 09वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चंदन की लकड़ी की तस्करी का खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ बोटा चंदन की लकड़ी तथा एक वाहन बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जून 2026 को एसएसबी को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना हरैया क्षेत्र के ग्राम चौधरीडीह में बिना सरकारी परमिट चंदन की लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर एसएसबी और बनकटवा वन विभाग की संयुक्त टीम ने चौधरीडीह गांव में नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी।

शाम करीब सात बजे सिरसिया की ओर से आ रही एक लाल रंग की गाड़ी और उसके आगे चल रही एक बाइक को रोकने का प्रयास किया गया। संयुक्त टीम को देखकर वाहन सवार भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन सतर्क जवानों ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी के दौरान वाहन से आठ नग चंदन की लकड़ी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपित चंदन की लकड़ी की कटान एवं परिवहन से संबंधित कोई वैध परमिट या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

इसके बाद टीम ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लकड़ी और वाहन को कब्जे में लेते हुए बनकटवा रेंज कार्यालय पहुंचाया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुशील पांडेय निवासी नेवादा तारपत, थाना शिवराजपुर, जनपद कानपुर, सत्येंद्र सिंह निवासी नदीहा खुर्द, जनपद कानपुर तथा महेश निवासी मुबारकपुर टीला, जनपद कन्नौज के रूप में हुई है।

वन विभाग ने बरामद आठ नग चंदन की लकड़ी को जब्त करते हुए भारतीय वन संरक्षण अधिनियम, 1927 की धारा 41, 42 एवं 69 के तहत रेंज केस संख्या 15/2026-27 दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। एसएसबी एवं वन विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई को सीमा क्षेत्र में वन संपदा की तस्करी के खिलाफ बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## सातवें बड़े मंगलवार पर (महावीर कॉलोनी एंड प्रॉपर्टीज) के सौजन्य से विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

● वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, पंडित राम उंजेरे शुक्ला, डॉक्टर प्रदीप तिवारी, प्रमुख राजेश विक्रम सिंह ,मुन्ना त्रिवेदी, चंद्र मौली सिंह, हिंदेश सिंह, रोहित पासी सहित हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**जगदीशपुर (अमेठी)।** ज्येष्ठ मास के सातवें बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में भक्ति, सेवा और जनकल्याण की भावना से प्रेरित विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन अंकित मिश्रा, कुलदीप तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, दीपू तिवारी, अंशुमन शुक्ला, शुभम शुक्ला एवं रवि कौशल (महावीर कॉलोनी एंड प्रॉपर्टीज) के सौजन्य से संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान हनुमान जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

भंडारे के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें सुबह से ही प्रसाद ग्रहण करने के लिए लगी रहीं। आयोजकों एवं स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ श्रद्धालुओं की सेवा की तथा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, सेवा भाव और धार्मिक आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, भारतीय जनता पार्टी के जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, मुन्ना त्रिवेदी, डॉ. प्रदीप तिवारी, सत्यम त्रिपाठी, श्रीराम क्रांतिकारी, भाजपा नेता रोहित पासी, ब्लॉक प्रमुख जगदीशपुर राजेश विक्रम सिंह, हैदरगढ़ नगर पंचायत के चेयरमैन आलोक तिवारी, विद्युत विभाग के एसडीओ अनमोल कपूर, भाजपा जिला प्रवक्ता चंद्रमौली सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह तथा क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।अतिथियों ने आयोजकों द्वारा किए गए धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बड़े मंगलवार के अवसर पर आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज में भाईचारे, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में भंडारे और जनसेवा की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जो समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है।

क

ार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि धर्म और सेवा के ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर किए जाते रहेंगे। विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने आयोजन की भव्यता और सफलता को प्रमाणित किया। पूरे क्षेत्र में दिनभर धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम की अध्यक्षता में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

**रायबरेली:-** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में जनपद में चलाये जा रहे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त टीबी सूचकांको की समीक्षा करते हुए कार्यकम में सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा द्वारा अवगत कराया गया कि अभियान के दौरान अब तक 27146 व्यक्तियों की जांच हेतु इनरोलमेंट करते हुए 14848 एक्सरे तथा 8261 नाट जांचे करायी गयी है। माह जून में विकास खण्ड बछरावां, डीह, दीनशाहगौरा तथा सतांव में मेडिकल मोबाइल यूनिट के माध्यम से चिन्हित हाई रिस्क ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर चलाया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर में हैण्ड हेल्ड एक्सरे मशीन द्वारा एक्सरे तथा खून की जांचे तथा बलगम संग्रहण किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा अभियान की सफलता हेतु जनमानस से सहभागिता हेतु अपील की गयी। साथ ही समस्त अधीक्षक सामु0 स्वा0 केन्द्र को उनके सीएचसी क्षेत्र में चिन्हित समस्त हाई रिस्क ग्रामों में सम्बन्धित ब्लाक अधिकारी तथा ग्राम प्रधान के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर लगाते हुए टीबी स्क्रीनिंग एवं क्षयरोग से सम्बन्धित प्रचार प्रसार हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा समस्त ग्राम प्रधानों को टीबी मुक्त भारत ऐप डाउनलोड कराकर निःक्षय मित्र बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, जिला क्षयरोग अधिकारी सहित समस्त सीएचसी अधीक्षक तथा एनटीईपी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुए प्रो. सुनील कुमार



**सीतापुर/**आचार्य नरेन्द्र देव टीचर्स ट्रेनिंग पीजी कॉलेज, सीतापुर में आचार्य के पद पर कार्यरत प्रो सुनील कुमार क़ो लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय, लुम्बिनी नेपाल देश द्वारा दिनाँक 15 व 16 जून 2026 क़ो आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में लम्बे समय तक उनके शिक्षा, शोध और सामाजिक क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान गौरव सम्मान से विभूषित किया गया, इस अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में कई देशों के विद्वानों ने ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये, प्रो सुनील ने वहाँ रिसोर्स पर्सन की भूमिका में प्रतिभाग किया। प्रो सुनील विभिन्न राज्य व केंद्र द्वारा प्रायोजित सेमिनार व प्रोजेक्ट कार्य का सफल आयोजन व संचालन कर चुके हैं तथा वर्तमान में शिक्षक शिक्षा की देश की सबसे बड़ी व प्रतिष्ठित संस्था भारतीय शिक्षक शिक्षा संघ ( आई ए टी ई ) की उत्तर क्षेत्रीय समिति के सचिव भी हैं तथा इन्होने पिछले वर्ष इसके अंतर्गत एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन छोटे से सीतापुर जनपद के अपने महाविद्यालय में किया था। वे शैक्षिक व सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय रहते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रबंधक रामशंकर अवस्थी अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्रा, प्राचार्य प्रो एस पी सिंह सहित सभी शिक्षकों ने बधाई व शुभकामनायें प्रेषित कीं।

### राम मंदिर दान राशि चोरी मामला: शिवपाल सिंह यादव बोले- भारी गबन हुआ, निष्पक्ष जांच की मांग की



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने अयोध्या राम मंदिर में दान राशि चोरी के मुद्दे पर बयान दिया है। उन्होंने चंदे के पैसों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने की आशंका जताई है। मीडिया से बातचीत करते हुए शिवपाल यादव ने कहा, 'राम मंदिर के चंदे में भारी हेराफेरी हुई है। इसकी पूरी तरह से निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। 'बता दें कि राज्य सरकार की ओर से गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के तीनों सदस्य सोमवार को अपराह्न रामजन्मभूमि परिसर में पहुंच गए। एसआईटी में शामिल तीनों सदस्यों के साथ जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर भी पहुंचे थे। परिसर में पहुंचते ही एसआईटी सदस्यों ने यात्री सुविधा केंद्र के सभागार में बैठककर लंबी चर्चा की। इस दौरान दानपात्रों की धनराशि की गणना से जुड़े प्रत्येक बिंदुओं पर ट्रस्ट पदाधिकारियों व मंदिर से जुड़े लोगों के साथ चर्चा हुई।

# बिना एफआईआर राम मंदिर महाघोटाले की एसआईटी जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह/तिजोरी से पिछले एक साल से अधिक समय से चढ़ावे और दान की राशि चोरी होने का एक बड़ा मामला सामने आया है। इस मामले की जांच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने विशेष जांच टीम (स्ढ्ढञ्ज) गठित करके कार्रवाई तेज कर दी है। लेकिन सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस महाघोटाले में अब तक पुलिस ने कोई औपचारिक आधिकारिक स्नढ्ढक्र दर्ज नहीं की है। इसके बावजूद स्ढ्ढञ्ज संदिग्धों को हिरासत में लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। इससे तमाम सवाल उठ रहे हैं कि बिना एफआईआर किस तरह संदिग्ध हिरासत में लिए जा रहे हैं और अदालत में क्या मुकदमा बिना एफआईआर चलेगा। लखनऊ के एक पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस महाघोटाले में करीब 7 करोड़ रुपये की चोरी का अनुमान है, जिसमें से अब तक कुल 2.98 करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं। शनिवार रात को पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की थी। मीनापुर ठाकुरान फगौली: यहाँ एक घर पर मारे गए छापे में पुलिस ने 12 लाख रुपये नकद बरामद किए।मिल्कीपुर: इसके बाद मिल्कीपुर में एक अन्य घर पर छापेमारी की गई, जहाँ से लाखों रुपये की नकदी हाथ लगी। जांच में सामने आया है कि मंदिर में चढ़ावे को इकट्ठा करने, उसकी गिनती करने और उसे बैंकों में जमा करने के लिए 6-6 लोगों की दो टीमें बनाई गई थीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तिजोरी और उसके मुख्य दरवाजे पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की जिम्मेदारी जिन लोगों को दी गई थी, उन्होंने जानबूझकर ऐसे कैमरे लगाए जो काम ही नहीं कर रहे थे (नॉन-फंक्शनल थे)। इससे साफ संकेत मिलता है कि इस पूरी साजिश में राम मंदिर प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य और ऊंचे पदों पर बैठे लोग शामिल हैं। पुलिस ने मंदिर प्रबंधन समिति से जुड़े कम से कम पांच लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा कानूनी सवाल यह खड़ा हो रहा है कि बिना एफआईआर दर्ज किए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कैसे की जाएगी और उन्हें सजा कैसे मिलेगी? अयोध्या के 45 वर्षीय निवासी विक्रम तिवारी, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राम सेवा और मंदिर निर्माण कार्यों में लगाया है, ने इस घटना को लेकर रविवार को पुलिस में अर्जी दी। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए अपनी गहरी निराशा व्यक्त की। भारत में टेलीग्राम पर अस्थायी रोक: नीट री-एग्जाम से पहले केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, 22 जून तक पाबंदियां केंद्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का फैसला किया है। नीट 2026 की पुनर्परीक्षा के चलते सरकार ने यह कदम उठाया है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट री-एग्जाम से पहले केंद्र सरकार द्वारा मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के फैसले का स्वागत किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने निर्देश जारी कर भारत में टेलीग्राम की सेवाओं पर 22 जून 2026 तक अस्थायी रोक लगाने को कहा है। यह कदम 21 जून को आयोजित होने वाली नीट री-एग्जाम की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। एनटीए का मानना है कि परीक्षा से जुड़े प्रश्नपत्रों, अफवाहों, फर्जी सूचनाओं के प्रसार को रोकने में यह फैसला मददगार साबित होगा। एजेंसी ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एनटीए के अनुसार, हाल के वर्षों में विभिन्न प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के दौरान सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से गलत सूचनाओं और परीक्षा सामग्री के कथित प्रसार की घटनाएं सामने आई थीं। ऐसे में एहतियाती कदम के तौर पर यह फैसला लिया गया है। पुनर्परीक्षा में शामिल



होने वाले अभ्यर्थियों से एनटीए ने अपील की है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट और अधिकृत सूचना माध्यमों पर ही भरोसा करें तथा किसी भी अपुष्ट जानकारी या अफवाह से बचें। एनटीए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 की धारा 69ए के तहत टेलीग्राम पर अस्थायी रूप से रोक लगाई गई है और यह रोक 22 जून 2026 तक जारी रहेगी। एक अन्य आदेश के तहत टेलीग्राम को भारत में पहले से भेजे गए संदेशों को संपादित करने की सुविधा 30 जून 2026 तक बंद करनी होगी। इसका उद्देश्य उस सुविधा का दुरुपयोग रोकना है, जिसके जरिए राष्ट्रीय परीक्षाओं के बाद नकली पेपर लीक के सबूत तैयार किए जाते थे। इन दोनों कदमों का उद्देश्य सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना और उन संगठित गिरोहों पर रोक लगाना है जो नीट री-एग्जाम देने वाले छात्रों को धोखा देने के लिए टेलीग्राम का उपयोग कर रहे थे।

## ओयो होटल में एसडीएम-पुलिस की छापेमारी से हड़कंप

**● अवैध रूप से संचालित स्विमिंग पूल भी मिला**

**पुलिस ने होटल मैनेजर को हिरासत में लिया**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बृजेंद्र नगर मोहल्ला स्थित एक होटल में मंगलवार को एसडीएम और पुलिस की संयुक्त छापेमारी से हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान होटल में अफरा तफरी का माहौल बन गया। कई लोग जल्दबाजी में बाहर निकलते नजर आए। मोहल्ले के लोगों ने स्थानीय प्रशासन को शिकायत देकर होटल में संदिग्ध गतिविधियां होने और रिहायशी क्षेत्र में स्विमिंग पूल संचालित किए जाने की जानकारी दी थी। शिकायत के बाद प्रशासन ने जांच की कार्रवाई शुरू की। मंगलवार दोपहर एसडीएम राजेश श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार ऋतुराज और प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ होटल पहुंचे। अधिकारियों ने होटल के कमरों और अभिलेखों की जांच की। जांच के दौरान होटल में ठहरने वाले लोगों का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। अधिकारियों को होटल का सराय एक्ट के तहत पंजीकरण भी नहीं मिला। इसके अलावा परिसर में बिना अनुमति स्विमिंग पूल संचालित होता पाया गया। अनियमितताएं मिलने पर प्रशासन ने होटल को सीज कर दिया है। पुलिस ने होटल के मैनेजर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसडीएम राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर कार्रवाई की गई। जांच में सराय एक्ट के तहत पंजीकरण नहीं मिला और आवश्यक अभिलेख भी उपलब्ध नहीं कराए गए। साथ ही स्विमिंग पूल के संचालन में भी अनियमितताएं मिली हैं। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## वित्त एवं लेखा अधिकारी बनने पर सुशील कुमार बच्चा का भव्य अभिनंदन

**● महासंघ कार्यालय में हुआ सम्मान समारोह, अधिकारियों ने दी बधाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 16 जून जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा एवं प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लेखा सेवा परिसंघ संजय कुमार पांडे की वित्त एवं लेखा अधिकारी पद पर पदोन्नति होने पर मंगलवार को महासंघ कार्यालय में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे ने की।

उन्होंने पदोन्नति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि यह उपलब्धि वित्त एवं लेखा सेवा के अधिकारियों की कार्यकुशलता एवं समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष निशांत उपाध्याय, महामंत्री सालिगराम, निदेशक पेंशन रविंद्र कुमार मिश्रा, संयुक्त निदेशक पेंशन अभिलेश चंद्र मौर्य, पूर्व वित्त नियंत्रक वीरेंद्र चौबे, उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा परिसंघ के संरक्षक दिलीप सक्सेना एवं महामंत्री शरद शुक्ला सहित अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारी नेताओं ने नवपदोन्नत अधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार स्टेनोग्राफर्स महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश वर्मा, उत्तर प्रदेश सचिवालय सत्कार सेवा कर्मचारी संघ के महामंत्री सुजीत कुमार आर्य, महासंघ के महामंत्री रामकुमार धुन, उपाध्यक्ष उमंग निगम, आकिल सईद, बबलू, अमित शुक्ला, मंत्री अजय कुमार धानुक, सर्वेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सुशील कुमार बच्चा और संजय कुमार पांडे को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर ट्रक में घुसी आम लदी पिकअप दो युवक घायल

**पीआरवी टीम ने रस्सी बांधकर वाहन खींचा और फंसे घायलों को निकाला**

**लालगंज (रायबरेली)।** गंगा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। ऐहार क्षेत्र में आम से लदी एक पिकअप अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चालक व परिचालक वाहन में फंस गए। सूचना मिलते ही पीआरवी 7981 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन में रस्सी बांधकर क्षतिग्रस्त पिकअप को खींचा। इसके बाद दोनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल कर अस्पताल भेज दिया। मलिहाबाद निवासी नवजीवन व सिद्धार्थ पटेल पुत्र रविशंकर पटेल पिकअप में आम लेकर प्रयागराज जा रहे थे। गंगा एक्सप्रेसवे पर ऐहार गांव के निकट उनकी पिकअप सामने चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। पीआरवी वाहन पर तैनात उपनिरीक्षक मुन्ना सिंह ने बताया कि दोनों घायलों को वाहन से निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## लगाए गए आरोपों पर डॉ. इरफान खान ने तोड़ी चुप्पी, बोले- निष्पक्ष जांच में सामने आएगा सच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद, सीतापुर-** न्यू नेशनल हॉस्पिटल महमूदाबाद के प्रबंधक डॉ. इरफान खान ने उन पर लगाए गए शादी, आर्थिक शोषण और दूसरी शादी से संबंधित आरोपों पर प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष सार्वजनिक किया। उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा और अस्पताल की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से उन्हें विवाद में घसीटा जा रहा है। डॉ. खान ने कहा कि वह वर्षो से क्षेत्र में चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और लोगों का विश्वास उनके साथ जुड़ा हुआ है। ऐसे में बिना किसी ठोस साक्ष्य के लगाए जा रहे आरोप न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि उनके परिवार और अस्पताल से जुड़े लोगों को भी मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी सक्षम एजेंसी द्वारा मामले की जांच कराई जाती है तो वह उसमें पूर्ण सहयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित जांच की मांग करते हुए कहा कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है और सत्य सामने आने पर वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। महिला द्वारा बैंक खाते से धनराशि निकलवाने के लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. खान ने कहा कि यदि आरोप लगाने वाली महिला के पास अपने दावों के समर्थन में कोई दस्तावेज या साक्ष्य हैं तो उन्हें संबंधित जांच एजेंसियों अथवा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल आरोप लगाने मात्र से किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। दूसरी शादी के आरोपों को लेकर भी उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताते हुए कहा कि उनकी छवि खराब करने के लिए भ्रामक बातें प्रचारित की जा रही हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि आरोप लगाने वाली महिला वर्तमान में किसी अन्य व्यक्ति के साथ रह रही है। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र और आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। डॉ. इरफान खान ने कहा कि पूरे विवाद के बावजूद उनकी प्राथमिकता मरीजों की सेवा है और न्यू नेशनल हॉस्पिटल में पूर्व की तरह स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से जारी



रहेंगी। उन्होंने आमजन और मरीजों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी मामले में जांच पूरी होने से पहले अफवाहों और एकतरफा दावों पर विश्वास न करें। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा, 'मैं कानून और न्याय व्यवस्था का सम्मान करता हूं। यदि किसी स्तर पर जांच होती है तो मैं पूरा सहयोग करूंगा। मुझे विश्वास है कि निष्पक्ष जांच में सत्य सामने आएगा और मेरी छवि को नुकसान पहुंचाने के प्रयास विफल होंगे। 'फिलहाल मामला जांच और कानूनी प्रक्रिया के दायरे में है। ऐसे में संबंधित एजेंसियों की जांच और न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

## अनोखी साहित्यिक प्रतिभा के धनी थे शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी

**● भारतीय सभ्यता और इंसानियत के सच्चे पैरोकार थे अफसर बिसवानी**

**25 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें किया गया याद, दी गई श्रद्धांजलि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)-** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी की 25 वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर मंगलवार को साहित्य प्रेमियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बज़्म-ए-सुखनो-अदब एण्ड वेलफेयर सोसायटी जहांगीराबाद के चेयरमैन डॉ0 वकील अहमद खान 'अजहर खैराबादी' के निवास पर आयोजित सभा में उनके



अदबी योगदान को याद किया गया। डॉ0 अजहर खैराबादी ने कहा कि स्वर्गीय खुर्शीद अफसर बिसवानी भारतीय सभ्यता और इंसानियत के सच्चे पैरोकार थे। उनकी शायरी में मोहब्बत, कौमी एकता और समाज के संघर्षो की गहरी झलक मिलती है। 16 मार्च 1940 को बिसवां में जन्मे खुर्शीद अफसर ने 21 वर्ष की उम्र से ही साहित्य लेखन शुरू कर दिया था। बचपन में कानपुर में मौलाना हसरत मोहानी से तालीम ली और बाद में जिगर बिसवानी के शागिर्द बने। पेशे से अधिवक्ता रहे खुर्शीद अफसर ने दर्जनों



काव्य संग्रह, गीत-गजल संकलन और साहित्यिक ग्रंथों की रचना की। पत्र-पत्रिकाओं में नियमित लेखन से साहित्य को समृद्ध किया। उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। 17 जून 2001 को उनका इंतकाल हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में जहांगीराबाद सहित आसपास के दर्जनों साहित्य प्रेमी व शायर मौजूद रहे।उनका ये शेर आज भी लोगों को हौसला देता है:- बढ़ते हैं भटकते हैं गिरते हैं, संभलते हैं। मंजिल के तमन्नाई हर हाल में चलते हैं।

## ज्येष्ठ के सातवें मंगलवार पर गूंजे जय बजरंगबली के जयकारे

**● जगह जगह हुआ प्रसाद वितरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** ज्येष्ठ माह के सातवें मंगलवार को क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान हनुमान का पूजन-अर्चन किया। कई स्थानों पर सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। कस्बे के नई बाजार मोहल्ले में सुंदरकांड पाठ के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने विधि-विधान से बजरंगबली की पूजा की और हलुए का प्रसाद बांटा। इस अवसर पर पूर्व विधायक चरण बहादुर सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भक्ति और सेवा भाव को मजबूत करते हैं। प्रसाद वितरण से लोगों को सेवा का अवसर मिलता है। अस्पताल परिसर में चिकित्सकीय स्टाफ ने मरीजों और उनके तीमारदारों को प्रसाद वितरित किया। वहीं



नई बाजार मोहल्ले में श्रद्धालुओं को कढ़ी-चावल का प्रसाद बांटा गया। कार्यक्रम में आदित्य मिश्रा, विकास मणि त्रिपाठी, गौरव शुक्ला, अंकुर वर्मा, विवेक शर्मा, पप्पू, रजनीश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**हरदेवललन मंदिर में भंडारे का आयोजन**

ऐहार गांव में भी जेष्ठ माह के सातवें मंगलवार को हरदेवललन मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जिसमें सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया पूडी सब्जी, छोला चावल, प्रसाद के रुप में ग्रहण किया इस मौके पर ललई,रविकुमार, बबलू, राकेश कुमार, भोलेनाथ, अंशु, महेश यादव, रामचरन,केडी तिवारी आदि मौजूद रहे।

### महमूदाबाद थाने के सामने कबाड़ में खड़ी मारुति वैन में लगी आग, दमकल ने समय रहते पाया काबू



**महमूदाबाद, सीतापुर।** महमूदाबाद थाना गेट के सामने कबाड़ में खड़े वाहनों के बीच अचानक एक मारुति वैन में आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास खड़े अन्य कबाड़ वाहनों तक आग फैलने से बच गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। संबंधित विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय पर दमकल टीम नहीं पहुंचती तो आग अन्य वाहनों तक फैल सकती थी।

### सीतापुर: पुलिस चौकी के पास झाड़ियों में मिला महिला का शव, गले पर कटे के निशान; हत्या की आशंका

**सीतापुर।** रामपुर मथुरा-गोड़ैचा मार्ग पर बांसुरा पुलिस के पास झाड़ियों में महिला का शव सोमवार सुबह मिला। गले पर कटे निशान। गला रेतकर हत्या किए जाने की आशंका है। चर्चा है कि शव कहीं और से लाकर यहां डाला गया है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। थाना पुलिस के साथ ही फोरेंसिक टीम घटना का मुआयना किया है। ग्रामीणों के बयान और मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच को दिशा देने का प्रयास पुलिस कर रही है। हालांकि, पुलिस अब तक एक बिंदु पर ठहर नहीं पा रही है। पुलिस जांच को दिशा देने के लिए मजबूत साक्ष्य जुटाने में लगी है। नजदीकी गैरजनपद मुख्यालय बराबंकी, बहराइच और लखनऊ हैं। पुलिस इन जनपदों से भी सम्पर्क करके हाल ही लिखे गए गुमशुदगी के मामलों के परीक्षण की कवायद शुरू कर दी है। एक वर्ष पहले से घटना स्थल से करीब तीन किलोमीटर कोठवल गांव के पास महिला का शव मिला था। पुलिस अब तक इस प्रकरण में खाली हाथ है। महिला की पहचान तक नहीं कर पाई।

## बसपा की चुनावी रणनीति: जीत के लिए मायावती ने दिया पिछड़ों को साधने का मंत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** वर्ष 2027 के विधान सभा चुनावों में बढ़त बनाने के लिए बसपा सामाजिक समीकरणों की गोलबंदी की कोशिश में जुटी है। वर्ष 2007 में बसपा की बहुमत की सरकार बनाने के लिए दलितों के साथ पिछड़ों और सवर्णो में विशेषकर ब्राह्मणों की भूमिका को अहम माना जाता है। पार्टी अगले चुनाव में उसी समीकरण को दोहराना चाहती है और दलितों व ब्राह्मणों को तो साधा ही जा रहा है। अब बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने पिछड़ा वर्ग में जनाधार बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पार्टी के अनुसार, चुनावी तैयारियों के लिए लगातार चल रही बैठकों में बसपा सुप्रीमो ने कहा है कि विरोधी पार्टियों व उनकी सरकारों में चुनावी स्वार्थ के लिए व्यक्तिगत तौर पर तो किसी को आगे बढ़ाया जा सकता है, परंतु ओबीसी समाज की सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक विकास के लिए इन पार्टियों का रवैया संकीर्ण व जातिवादी रहा है। 27 प्रतिशत आरक्षण लाभ देने संबंधी मंडल आयोग की रिपोर्ट



का विरोध करने और वर्तमान में आरक्षण को एक प्रकार से निष्क्रिय बनाने से यह बात साबित होती है। दूसरी तरफ बसपा ने अपनी स्थापना के बाद मंडल रिपोर्ट लागू कराने से लेकर अपनी सरकार में पूरे समाज को हर स्तर पर वाजिब हक दिया था। सदियों से उपेक्षित रहे उनके महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों में भी भी सम्मान दिया। अलग से मंत्रालय, मंत्री, आयोग एवं विकास योजनाएं आदि बनाई गई थी, परंतु सरकारों की नीयत में खोट के कारण ये सब काम अब कागजों पर नाम के रह गए हैं। मायावती ने निर्देश दिए है कि संगठन पदधिकारी पिछड़ा वर्ग में ये विश्वास जगाएं कि उनका वास्तविक हित बसपा की सरकार में ही हो सकता है, किसी और पार्टी में नहीं।

## पिपरी-प्रयागराज कॉरिडोर के 94.73 किमी के दो खंडों का काम जल्द शुरू

**● लोक निर्माण विभाग इस वर्ष पिपरी-प्रयागराज कॉरिडोर के 94.73 किमी के दो खंडों (टांडा-सुरहूपुर और शाहगंज-मुगराबाद) का काम शुरू करेगा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के उत्तरी हिस्से से दक्षिणी हिस्से को हाईवे से जोड़ने के लिए प्रस्तावित छह नार्थ-साउथ हाईवे कॉरिडोर योजना में शामिल पिपरी (भारत-नेपाल सीमा) से प्रयागराज कॉरिडोर दो वर्ष में बन जाने की उम्मीदें बढ़ी हैं। नेपाल सीमा से प्रयागराज को जोड़ने के क्रम में यह हाईवे शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तथा विंध्य एक्सप्रेसवे से भी जुड़ेगा, जिससे पूर्वांचल के कई जिलों के लोगों का सफर न सिर्फ आसान होगा बल्कि पिछड़े पूर्वांचल में कारोबारी और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। कॉरिडोर का काम जल्द शुरू कराने के लिए लोक निर्माण विभाग इस हाईवे के निर्माण के लिए अपने हिस्से के शेष दो बड़े खंडों का काम भी इसी वर्ष शुरू कराएगा। टांडा से सुरहूपुर और शाहगंज से मुंगरा बादशाहपुर मार्ग तक 94.73 किमी हाईवे बनाने की योजना को विभाग ने इस वर्ष की कार्ययोजना में शामिल कर लिया है। पिपरी से बर्डपुर तक 9.4 किमी का काम पहले ही स्वीकृत किया जा चुका है, जिसकी टेंडर प्रक्रिया चल रही है। 94.73 किमी लंबे इन दो खंडों के काम पर 2192.42 करोड़ रुपये खर्च होंगे। टांडा




से सुरहुपुर 29.700 किमी अभी अन्य जिला मार्ग है, मौके पर यह मार्ग तीन मीटर से लेकर सात मीटर तक चौड़ा है। हाईवे कॉरिडोर के तहत इसे 14 मीटर चौड़ा करते हुए फोर लेन बनाया जाना है। वहीं, शाहगंज-मुंगरा बादशाहपुर मार्ग राज्यमार्ग संख्या-79 है, जिसकी चौड़ाई सात मीटर है। इस मार्ग को भी 14 मीटर चौड़ाई में फोर लेन बनाया जाना है। इस कॉरिडोर में 123 किमी हाईवे बनाने का काम सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को कराना है।

## सीतापुर में प्रशासन ने खलिहान की जमीन पर बन रही मस्जिद गिरवाई

**सीतापुर।** कुर्मिनपुरवा में रविवार को बिसवां तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्षों से विवादित एवं अर्द्धनिर्मित मस्जिद के ढांचे को बुलडोजर से हटवा दिया। साथ ही मस्जिद से सटे चकमार्ग को भी अतिक्रमण मुक्त कराकर आम आवागमन के लिए खाली कराया गया। कुर्मिनपुरवा गांव निवासी हबीब, मजीद, इस्लाम एवं इन्शान पुत्रगण मकदूम ने कई वर्ष पहले खेत में मस्जिद का निर्माण शुरू कराया गया था। निर्माण कार्य आधा ही हो पाया कि पारिवारिक विवाद के चलते बंद हो गया था। जिसके बाद से यह ढांचा विवाद का विषय बना हुआ था। रविवार को तहसीलदार बिसवां अनिल कुमार, लेखपाल अंकुर शेखर वर्मा, थानाध्यक्ष थानगांव विमल गौतम, थानाध्यक्ष रामपुर मथुरा श्यामू चौरसिया भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और अर्द्धनिर्मित मस्जिद को बुलडोजर से दिया गया। साथ ही उससे सटे चकमार्ग को भी खाली कराकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बताया जाता है कि आसपास तालाब और खलिहान की लगभग 25 बीघा सरकारी भूमि भी दर्ज है।

# आखिर कौन है राममंदिर चंदा गबन का अहम किरदार

अयोध्या में श्री राम मंदिर की दान की राशि में हेरफेर कर करोड़ों रुपये के गबन का मामला इन दिनों सुर्खियों में है। इस मामले में अब पांच किरदार सामने आए हैं। ये सभी दान राशि की गिनती की ड्यूटी से जुड़े हैं। बताया जा रहा है कि इनके खिलाफ पुख्ता सुबूत भी मिले हैं। अभी भी वह राज खोल रहे हैं। हालांकि हेरफेर के पीछे किसकी शह थी, क्या कोई बड़ा शख्स इसका साजिशकर्ता है? आखिर कौन है वह जो जानबूझकर इस मामले को दबाने के लिए कथित आंतरिक कमेटी बना कर अपने पापों पर परदा डालने की कोशिश करते रहे देर सवेर इस बड़े किरदार के धतकरम के सारे राज सामने आएंगे तो बहुत से लोगों को गहरा धक्का लगा सकता है।

करीब एक सप्ताह पहले राम मंदिर में आए चढ़ावे और दान (चंदे) में कथित गड़बड़ियों और चोरी को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोपों के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने एक विशेष जांच दल का गठन किया है, जो पूरे मामले की जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने दान में हेराफेरी के आरोपों की जांच के लिए 3 सदस्यीय स्ब्रुञ का गठन किया है। इसे 7 दिन में प्रारंभिक और 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। मंदिर के दानपात्र और चढ़ावे की गिनती का काम करने वाले कुछ कर्मचारी जांच के घेरे में हैं। 18-20 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने वाले कर्मचारियों द्वारा डेढ़ करोड़ रुपये तक की जमीन खरीदने की बात सामने आई है। एक कर्मचारी के घर से भारी नकदी बरामद होने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने संदेह के आधार पर कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मामले को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। वहीं, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आंतरिक ऑडिट का हवाला देते हुए किसी बड़ी गड़बड़ी से फिलहाल इनकार किया है।

आपको बता दें कि कुछ ऐसे विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिनमें दान की गिनती के दौरान कर्मचारी और पुजारी रूपये की गड्डी हेरफेर कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रमाशंकर से पूछताछ जारी है । रिकवरी भी की गई है। । इससे ये स्पष्ट हो गया है कि इनकी इसमें भूमिका है लेकिन इतने संवेदनशील जगह से रकम पार करते रहने और पकड़ा न जाना कई सवाल खड़े करता है। जब वह पकड़े गए हैं तब तक करोड़ों की रकम इधर से उधर की जा चुकी है। ऐसे में अंदेशा है कि क्या इसके पीछे किसी बड़े शख्स की साजिश है। वह ट्रस्ट से जुड़ा या फिर किसी अन्य विभाग आदि से है। फिलहाल इसको लेकर कोई स्पष्टता नहीं है इतने संवेदनशील व बड़े मामले में अब तक ट्रस्ट के किसी बड़े जिम्मेदार ने कोई बयान जारी नहीं किया है। हर कोई खामोश है। इसलिए तमाम तरह की चर्चाओं व कयास का दौर जारी है। ट्रस्ट से जुड़े जुड़े दो ऐसे लोग भी हैं, जिन पर कई सवाल उठ रहे हैं। उनकी कोई भूमिका है या नहीं, ये तभी पता चल सकेगा जब कोई एजेंसी या एसआईटी मामले की विस्तृत जांच करेगी।

ट्रस्ट से जुड़े एक पदाधिकारी का टिन्नू करीबी है। वह दशकों से उनसे जुड़ा है। जिन पांच संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है, उसमें शामिल रमाशंकर का टिन्नू रिश्तेदार भी है। सूत्रों के मुताबिक टिन्नू का हस्तक्षेप हर किसी काम में रहता था। इसलिए उस पर सवाल उठ रहे हैं। उसको लेकर ट्रस्ट के एक पूर्व पदाधिकारी ने कैमरे सामने गंभीर आरोप लगाए थे।

पुलिस अधिकारी का कहना है कि मामले में कोई लिखित शिकायत तक नहीं मिली है। लिहाजा पूछताछ आदि का सवाल ही नहीं उठता है। पुलिस के बड़े अधिकारी भी खामोश हैं। हालांकि सूत्रों का कहना है कि पूछताछ से लेकर रिकवरी की प्रक्रिया में पुलिस की एक टीम लगी है। राम मंदिर की



दान राशि में गबन के मामले में अब तक 2.98 करोड़ रुपये की रिकवरी की जा चुकी है। यह रकम पकड़े गए संदिग्धों की निशानदेही पर बरामद की गई है। गुपचुप ढंग से चल रही जांच में आठ करोड़ रुपये से अधिक के हेरफेर के संकेत व साक्ष्य मिले हैं। हालांकि जांच पूरी होने के बाद यह राशि घट या बढ़ सकती है।

श्रीराम मंदिर के दानपात्रों की धनराशि चोरी करने का खेल शायद सामने भी नहीं आ पाता, यदि इसके सूत्रधार वे नहीं बनते, जो मंदिर प्रबंधन में दखल बढ़ाने को लेकर परेशान थे।इन्हीं लोगों ने रणनीति के तहत पहले सूचनाएं एकत्र कीं, फिर ट्रस्ट के एक पदाधिकारी को जानकारी देकर आरोपित को रंगे हाथ पकड़वाया।इसे छिपाने का प्रयास हुआ तो जानकारी लीक कर दी गई। सूत्र बताते हैं कि ट्रस्ट के एक पदाधिकारी के ड्राइवर रहे रामशंकर यादव 'टिन्नू' का बहुत कम समय में इतना हस्तक्षेप बढ़ गया कि वह न केवल राम मंदिर का प्रबंधन देखने लगा, बल्कि परिसर के अन्य आयोजनों व कार्यों का भी दायित्व संभालने लगा।पता चला कि यह गड़बड़ी लंबे समय से चल रही है। इस प्रकरण से उक्त ट्रस्ट पदाधिकारी को सूचित कर रंगे हाथ पकड़वाने के बारे में सोचा गया।

पांच जून को दोपहर में अचानक ट्रस्ट पदाधिकारी रामजन्मभूमि के यात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) पहुंच गए। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने तुरंत सुरक्षाकर्मी को बुला कर निकलते समय एक गणना कर्मी की तलाशी करा दी, तो कुछ धन बरामद हो गया। उससे पीएफसी के कमरे में ले जाकर गहन पूछताछ हुई तो दूसरे लोगों के नाम भी सामने आ गए। बता दें कि इस सनसनीखेज मामले के खुलासे के बाद से ट्रस्ट गोपनीय जांच में जुटा है। लेकिन पदाधिकारी लगातार चुप्पी साधे हैं। आधिकारिक तौर पर पुलिस को भी शामिल नहीं किया गया है। लेकिन करोड़ों का गबन की रिकवरी की जद्दोजहद में सभी जुटे हैं।

पकड़े गए संदिग्धों के अलावा और कौन-कौन लोग इसमें शामिल हैं इसका पता लगाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक अभी तक गबन की राशि सही आंकड़ा सामने नहीं आया है, लेकिन संदिग्धों से पूछताछ में मिली जानकारी व साक्ष्यों के आधार पर आठ करोड़ से अधिक के खेल का अंदेशा है। संदिग्धों के घर व ठिकानों के साथ बैंक खाते भी खंगाले जा रहे हैं। इनमें अवनीश के खाते से पांच लाख रुपये मिले हैं। यह रकम उसने दान राशि से गायब की थी। जेवरात भी मिले हैं।पुलिस ने शनिवार को रुदौली के मीनापुर ठकुरन फगौली गांव में मंदिर कर्मचारी लवकुश के घर छापा मारा गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान 10-12 लाख रुपये बरामद किए गए।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर को मिले दान में गबन के तूल पकड़ने के बाद आखिरकार राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया। एसआईटी में लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, लखनऊ जोन की पुलिस महानिरीक्षक किरन एस और विशेष वित्त सचिव नीलरतन शामिल हैं। दल सात दिन में प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा और 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट देगा।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष के इस बयान के बाद श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहाकि मंदिर नियमित रूप से आने वाले ट्रस्ट का ऑडिट करवाता है। ऐसे में किसी भी गलती की गुंजाइश नहीं है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वर्तमान ऑडिट अभी चल रहा है। अभी तक कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। ट्रस्ट की तरफ से कहा गया कि यह सभी आरोप तीर्थ क्षेत्र की छवि को खराब करने के लिए और करोड़ों श्रृद्धालुओं की भावनाओं को आहत करने की गंभीर साजिश का हिस्सा हैं।

ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय और ट्रस्ट का बयान भले ही सामने आ गया हो, लेकिन मंदिर में गबन की खबरों के बाद मामला तूल पकड़ गया। सरकार की तरफ से भी इस पर तमाम ऐक्शन की खबरें सामने आईं। इतना ही नहीं पीएमओ ने भी इन आरोपों पर नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले की जांच एसआईटी कर रही है और उसकी रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर आने की संभावना है। जांच पूरी होने से पहले एफआइआर दर्ज करने की मांग करना जल्दबाजी होगी। जाहिर है कि राम मंदिर से जुड़े मामले के कारण सरकार संगठन और मंदिर प्रबंधन सभी सधे कदमों से फूंक फूंक कर कदम रख रहे हैं लेकिन कोई चोरों का संरक्षण देने वाला किरदार जरूरी है और इस अहम किरदार का नाम सामने आने से होने वाली बदनामी से बचना चाहते हैं। लेकिन क्या यह उचित है?

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# कोविड के बाद 3 वर्षों में 6 करोड़ मधुमेह रोगी बढ़ेः भारत कैसे बन रहा 'डायबिटीज कैपिटल'?




**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

कोविड-19 खत्म हुए 3 साल हो गए, लेकिन उसकी एक चुप छाप अब भारत की सेहत पर भारी पड़ रही है। आईसीएमआर और इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन की रिपोर्ट बताती हैं कि 2021 से 2024 के बीच भारत में मधुमेह के मरीजों की संख्या में 6 करोड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ है। 2021मे भारत में डायबिटीज के मरीज करीब 7.7 करोड़ थे। 2024 में ये संख्या बढ़कर 8.98 करोड़ पहुंच गई। यानी 1.28 करोड़ का इजाफा सिर्फ 3 साल में। 2026 तक आईसीएमआर के मुताबिक देश में अब 10 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं। 13 करोड़ लोग ऐसी स्थिति में हैं जहां अगर लाइफस्टाइल न बदली तो अगले 5-10 साल में वो डायबिटीज के मरीज बन जाएंगे। आईडीएफ की 'डायबिटीज एटलस 2025' कहती है कि भारत में 2050 तक ये संख्या 15.67 करोड़ तक पहुंच सकती है। कोविड का क्या रोल रहा? डॉक्टरों का मानना है कि महामारी ने डायबिटीज की रफ्तार को 5 साल आगे बढ़ा दिया। लाइफस्टाइल ठप- लॉकडाउन में शारीरिक गतिविधि कम हुई, स्क्रीन टाइम और बैठे रहने का समय बढ़ा। मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन की डॉ. अंजना कहती हैं कि कोविड के बाद फिजिकल इनएक्टिविटी डायबिटीज का बड़ा रिस्क फैक्टर बन गई। स्ट्रेस और अनियमित नींद काम का दबाव, अनिश्चितता और नींद का पैटर्न बिगड़ने से इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ा।

डाइट में बदलाव- घर पर बैठे-बैठे प्रोसेस्ड फूड, मीठे पेय और फास्ट फूड की खपत बढ़ी। पोस्ट-कोविड इफेक्ट- कई स्टडी में दिखा कि कोविड से उबरने वाले लोगों में पहले साल में डायबिटीज का खतरा 40% तक बढ़ गया। वायरस अग्न्याशय पर असर डाल सकता है। कौन सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है? शहर या गांव - रांची, जमशेदपुर, धनबाद जैसे शहरों में 13-14% लोग डायबिटीज से ग्रसित हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में ये 3-5% है। युवा और बच्चे- अब ये बीमारी सिर्फ 45+ की नहीं रही। दिल्ली में 14 साल से कम उम्र के बच्चों में भी मौतें दर्ज हुई हैं।

**आदिवासी इलाके-** झारखंड जैसे राज्यों में आदिवासी समुदाय में भी डायबिटीज तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह प्रोसेस्ड फूड, मोबाइल-स्क्रीन का बढ़ता इस्तेमाल और बदलती जीवनशैली है।

**मौतें भी बढ़ीं-** दिल्ली सरकार के एमसीसीडी डेटा के मुताबिक 2024 में डायबिटीज से 2,459 लोगों की मौत हुई, जबकि 2023 में ये 1,823 थी। अस्पतालों में डायबिटीज से मौतें 544 बढ़ीं। राष्ट्रीय स्तर पर 2024 में हर 9 सेकंड में एक मौत डायबिटीज की वजह से हुई। क्यों नहीं रुक रहा ये सिलसिला?

**डॉक्टर 4 वजहें बताते हैं-** पश्चिमी डाइट तले-भुने, बेकरी प्रोडक्ट, मीठे ड्रिंक्स और परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट का बढ़ता चलन। मोटापा देश में 60 करोड़ लोग ओवरवेट या ओबेस हैं। मोटापा टाइप-2 डायबिटीज का सबसे बड़ा रिस्क फैक्टर है।

**जागरूकता की कमी-** ज्यादातर लोग तब जांच कराते हैं जब बीमारी बढ़ चुकी होती है। अनियंत्रित दवाएं- दवाएं बिना डॉक्टर की सलाह के ली जा रही हैं, जिससे किडनी और पैंक्रियाज को नुकसान पहुंच रहा है। आगे का रास्ता- स्क्रीनिंग बढ़ाओ- 30 साल से ऊपर हर व्यक्ति को साल में एक बार शुगर टेस्ट कराना चाहिए। लाइफस्टाइल रिवर्स करो- रोज 30 मिनट चलना, शुगर-प्रोसेस्ड फूड कम करना, नींद 7-8 घंटे। स्कूल लेवल पर बदलाव- बच्चों में फास्ट फूड और कोल्ड ड्रिंक पर रोक जरूरी है। सरकारी स्तर पर- एनसीडी स्क्रीनिंग प्रोग्राम को ग्रामीण इलाकों तक ले जाना होगा। कोविड ने सिर्फ फेफड़े ही नहीं, मेटाबॉलिज्म भी खराब किया। 6 करोड़ नए मरीजों का मतलब है कि हर 2 सेकंड में एक भारतीय डायबिटीज की चपेट में आ रहा है। अगर अभी कदम नहीं उठाए गए तो 2050 तक भारत में हर 7वां व्यक्ति डायबिटिक होगा। ये सिर्फ स्वास्थ्य का नहीं, देश की अर्थव्यवस्था का भी संकट है, क्योंकि डायबिटीज दिल, किडनी और आंखों की बीमारियों का सीधा रास्ता है। वैज्ञानिक तौर पर भले ही पुष्टि नहीं हुई हो, मगर कोविड काल के बाद लोगों में बीमारियां बढ़ने का रुझान देखा गया है। मधुमेह को लेकर कोविड काल के बाद आए राष्ट्रीय परिवार कल्याण सर्वेक्षण -6 के आंकड़े भी इसकी पुष्टि कर रहे हैं।

# संस्कारों और चरित्र से श्रेष्ठ समाज एवं राष्ट्र का निर्माण।

प्राचीन काल से लेकर आज तक विचारधाराएँ समाज की मार्गदर्शक रही हैं। उन्होंने मानव सभ्यता को दिशा दी है, उसे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य किया है। व्यक्ति का जीवन उसके विचारों का ही प्रतिफल होता है। जैसा वह सोचता है, वैसा ही बनता जाता है। यही कारण है कि महान चिंतकों और दार्शनिकों के विचार समय और सीमाओं को लांघकर पीढ़ियों को प्रभावित करते रहे हैं।विचार और सिद्धांत मनुष्य की अंतःप्रज्ञा के दर्पण होते हैं। यही विचार व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करते हैं और वही चरित्र आगे चलकर समाज तथा राष्ट्र की दिशा निर्धारित करता है। जब कोई श्रेष्ठ विचार जनमानस तक पहुँचता है और लोग उसे आत्मसात कर लेते हैं, तब वह केवल विचार नहीं रहता, बल्कि एक जनआंदोलन का स्वरूप धारण कर लेता है। इतिहास साक्षी है कि युग परिवर्तन की प्रत्येक बड़ी लहर किसी न किसी महान विचार से ही उत्पन्न हुई है।

प्राचीन यूनान के महान दार्शनिक इसका सर्वोत्तम उदाहरण हैं। वे रूप-रंग से भले ही आकर्षक नहीं थे, किंतु उनकी विद्वता, मौलिक चिंतन और जनजागरण की क्षमता असाधारण थी। सामान्य जन उन्हें तत्कालीन शासकों से अधिक बुद्धिमान और सम्माननीय मानते थे। उनकी स्वतंत्र विचारधारा तत्कालीन सत्ता को असहज करती थी। परिणामस्वरूप उन्हें मृत्युदंड दिया गया और विषपान के लिए बाध्य किया गया। किंतु सुकरात का शरीर भले समाप्त हो गया, उनके विचार आज भी जीवित हैं और मानवता का मार्गदर्शन कर रहे हैं। यह विचारों की अमरता का सबसे बड़ा प्रमाण है।



इसी प्रकार ने दासप्रथा के विरुद्ध आवाज उठाते हुए कहा था कि दास भी उतने ही मनुष्य हैं जितने उनके स्वामी। उनके इस विचार ने तत्कालीन अमेरिकी समाज को झकझोर दिया। विरोध इतना तीव्र था कि अंततः उनकी हत्या कर दी गई, किंतु उनके विचारों ने दासप्रथा उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त किया। जनमानस की अंतरात्मा जागृत हुई और मानव अधिकारों की स्थापना का नया अध्याय आरंभ हुआ।

भारत में ने विचारों की शक्ति को अत्यंत सरल शब्दों में व्यक्त किया था– 'हम जो सोचते हैं, वही बन जाते हैं।' उनके अनुसार विचार ही व्यक्ति का निर्माण करते हैं। वही उसे महानता की ओर ले जाते हैं अथवा पतन के मार्ग पर धकेलते हैं। विचारों के बिना व्यक्ति का कोई अस्तित्व नहीं है। आज विवेकानंद हमारे बीच सशरीर उपस्थित नहीं हैं, किंतु उनके विचार आज भी करोड़ों युवाओं को प्रेरणा दे रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भौतिक शरीर नष्ट हो सकता है, परंतु श्रेष्ठ विचार कभी नष्ट नहीं होते।

विचारों की यही अमरता किसी भी तानाशाह के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है। इतिहास में अनेक बार सत्ता ने व्यक्तियों को कुचलने का प्रयास किया है, किंतु विचारों को समाप्त नहीं कर सकी। चाहे वह हो या , दोनों के मूल में विचारों की शक्ति ही थी। जब जनमानस जागृत हुआ तो दमन और भय की दीवारें ढह गईं। यही कारण है कि कहा जाता है–व्यक्ति को दबाया जा सकता है, पर विचारों को नहीं।

एक व्यक्ति का विचार तब तक सीमित रहता है जब तक वह केवल उसके मन में है। किंतु जैसे ही वह विचार समाज तक पहुँचता है, हजारों-लाखों लोग उससे जुड़ जाते हैं। तब वह विचार एक सामूहिक चेतना का रूप धारण कर लेता है। विचारों की यही सघनता और व्यापकता किसी भी परिवर्तनकारी आंदोलन की आधारशिला होती है। विचार एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुँचते हैं और निरंतर विकसित होते रहते हैं। यही प्रक्रिया उन्हें अमर बनाती है। इसके विपरीत जहाँ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन किया जाता है, वहाँ विचारों का स्वाभाविक विकास अवरुद्ध हो जाता है। किसी भी समाज में ज्ञान, संवाद और स्वतंत्र चिंतन का वातावरण आवश्यक है। स्वस्थ लोकतंत्र वही है जहाँ व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता हो तथा समाज नवीन और उत्कृष्ट चिंतन को स्वीकार करने के लिए तैयार हो।

ज्ञान व्यक्ति को दिशा देता है, संस्कार उसे मर्यादा प्रदान करते हैं और चरित्र उसे विश्वसनीय बनाता है। इन तीनों का समन्वय ही श्रेष्ठ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। केवल आर्थिक विकास किसी राष्ट्र को महान नहीं बना सकता। राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों के ज्ञान, उनके संस्कारों और उनके चरित्र में निहित होती है।

अतः आवश्यकता इस बात की है कि हम आने वाली पीढ़ियों को केवल तकनीकी शिक्षा ही न दें, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों, मानवीय संवेदनाओं और उच्च आदर्शों से भी जोड़ें। क्योंकि विचार ही भविष्य का निर्माण करते हैं, संस्कार उसे स्थायित्व प्रदान करते हैं और चरित्र उसे महानता के शिखर तक पहुँचाता है। यह शाश्वत सत्य है कि विचार अनादि काल से गतिशील रहे हैं और अनंत काल तक गतिशील रहेंगे। जो व्यक्ति मानवता के हित में श्रेष्ठ विचारों का प्रतिपादन करता है, वह अपने शरीर के नष्ट हो जाने के बाद भी अपने विचारों के माध्यम से अमर बना रहता है। यही विचार युगों का निर्माण करते हैं, समाज को दिशा देते हैं और राष्ट्रों की नियति बदल देते हैं।

**संजीव ठाकुर**

# कविता

## अपनी सादगी में मुस्कुरा देना।




अपनी सादगी में मुस्कुरा देना।

मिल जाओ कहीं तो मुस्कुरा देना,
दिल की हर कशिश में मुस्कुरा देना।

विषम स्थिति में बड़ी दवा मुस्कुरा देना,
ग़म की हर घड़ी में मुस्कुरा देना।

जब भी ज़िंदगी इम्तिहाँ लेने लगे,
हौसलों की लौ में मुस्कुरा देना।

दर्द जब हद से गुज़रने लगे कभी,
अश्क़ की नमी में मुस्कुरा देना।

राह में जब अँधेरों का राज हो,
दिल की रोशनी में मुस्कुरा देना।

लोग जब तुम्हें समझ न पाएँ कभी,
अपनी सादगी में मुस्कुरा देना।

वक़्त जब ख़िलाफ़तों में ढलने लगे,
सब्र के सागर में मुस्कुरा देना।

टूटते हुए ख़्वाब जब सताएँ बहुत,
नई एक सदी में मुस्कुरा देना।

इश्क़ हो, वफ़ा हो या जुदाई का सफ़र,
हर एक बंदगी में मुस्कुरा देना।

'संजीव' ये हुनर गर आ गया तुम्हें,
ज़िंदगी की हर घड़ी में मुस्कुरा देना।

**संजीव ठाकुर**

# दैनिक राशिफल

**मेष** कल का दिन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।
शुभ रंगः लाल 7 शुभ अंकः 9

**वृषभ** धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।
शुभ रंगः सफेद 7 शुभ अंकः 6

**मिथुन** व्यापार में लाभ के संकेत हैं। संचार कौशल के कारण आपके कार्य बनेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।
शुभ रंगः हरा 7 शुभ अंकः 5

**कर्क** भावनाओं पर नियंत्रण रखें। परिवार में किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।
शुभ रंगः चांदी 7 शुभ अंकः 2

**सिंह** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। निवेश के लिए समय अनुकूल है।
शुभ रंगः सुनहरा 7 शुभ अंकः 1

**कन्या** कार्यस्थल पर मेहनत का फल मिलेगा। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।
शुभ रंगः हरा 7 शुभ अंकः 5

**तुला** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नए लोगों से संपर्क भविष्य में लाभदायक सिद्ध होंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखें।
शुभ रंगः गुलाबी 7 शुभ अंकः 6

**वृश्चिक** महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर लें। करियर में प्रगति के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।
शुभ रंगः लाल 7 शुभ अंकः 9

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा। धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। यात्रा के योग बन सकते हैं।
शुभ रंगः पीला 7 शुभ अंकः 3

**मकर** धन निवेश में सावधानी बरतें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, लेकिन आपकी मेहनत रंग लाएगी।
शुभ रंगः नीला 7 शुभ अंकः 8

**कुंभ** साझेदारी के कार्यों में सफलता मिलेगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।
शुभ रंगः आसमानी 7 शुभ अंकः 4

**मीन** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी और व्यवसाय में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। पुराने विवाद समाप्त हो सकते हैं।
शुभ रंगः पीला 7 शुभ अंकः 7

# रोजगार का सूखा, विकास की हरियाली: युवा भारत की असली तस्वीर क्या?

**[ बेरोजगारी की तपती आग में राख हो रहा विकसित भारत का सपना ]**

**[ विकास की जय-जयकार में दब गई लाखों युवाओं की रोजगार की पुकार ]**

देश के राजमार्ग विस्तृत हो रहे हैं, हवाई अड्डे आधुनिक बन रहे हैं, डिजिटल अर्थव्यवस्था नए कीर्तिमान गढ़ रही है और भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। लेकिन इस चमकदार विकास के बीच एक प्रश्न लगातार उठ रहा है–यदि प्रगति इतनी तेज़ है, तो रोजगार के अवसर क्यों सिकुड़ रहे हैं? हालिया आँकड़ों के अनुसार, मई 2026 में बेरोजगारी दर 5.5 प्रतिशत तक पहुँचना केवल एक आर्थिक संकेतक नहीं, बल्कि लाखों युवाओं, ग्रामीण परिवारों और शिक्षित बेरोजगारों की बढ़ती चिंता का प्रतिबिंब है। विकास की रफ्तार बढ़ रही है, पर रोजगार उसका साथ नहीं दे पा रहा। यही असंतुलन आज भारत की सबसे बड़ी आर्थिक और सामाजिक चुनौती बन गया है। क्या रोजगार सृजन के बिना विकास की यह यात्रा सचमुच पूर्ण कही जा सकती है?

इस चुनौती का सबसे गहरा असर ग्रामीण भारत में दिखाई देता है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) के अनुसार मई 2026 में ग्रामीण बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। यह आँकड़ा भले छोटा लगे, पर इसके पीछे की सच्चाई कहीं अधिक गंभीर है। गाँव का युवा अब केवल खेती के सहारे अपना भविष्य नहीं देखता। कृषि आय की अनिश्चितता, बढ़ती लागत और सीमित अवसरों ने उसका भरोसा डगमगा दिया है। वहीं गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगार सृजन की गति भी अपेक्षित नहीं रही। नतीजतन, लाखों युवा या तो शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं या बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। मनरेगा में बढ़ती मांग इस बात का स्पष्ट संकेत है कि रोजगार संकट अब गाँवों की चौखट तक पहुँच चुका है।

शहरी क्षेत्रों की तस्वीर भी पूरी तरह संतोषजनक नहीं है। यद्यपि शहरी बेरोजगारी दर 6.4 प्रतिशत रही, लेकिन रोजगार बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने अवसरों को सीमित कर दिया है। जिन शहरों को कभी संभावनाओं का केंद्र माना जाता था, वहीं आज हजारों योग्य युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं। आईटी और सेवा क्षेत्र, जो लंबे समय तक रोजगार वृद्धि के प्रमुख आधार रहे, अब अपेक्षाकृत धीमी गति से अवसर पैदा कर रहे हैं। तकनीकी बदलावों और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं ने भी रोजगार के नए अवसरों को प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप, शहर अब केवल उम्मीदों ही नहीं, बल्कि बढ़ती निराशा के भी केंद्र बनते जा रहे हैं।

सबसे चिंताजनक स्थिति युवाओं की है। 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी दर लगभग 15 प्रतिशत (मार्च 2026 में 15.2%) तक पहुँचना केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि भविष्य को लेकर बढ़ती असुरक्षा का संकेत है।



उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी लाखों युवा रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। युवा महिलाओं की स्थिति और भी गंभीर है, जिनके लिए अवसर अपेक्षाकृत कम हैं। शिक्षा संस्थानों से निकलने वाले युवाओं के हाथ में डिग्रियाँ तो हैं, लेकिन उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल का अभाव अक्सर उनके मार्ग में बाधा बन जाता है। यही बढ़ता 'स्किल गैप' भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश को शक्ति के बजाय चुनौती में बदलने का खतरा पैदा कर रहा है।

इस स्थिति ने स्वाभाविक रूप से सरकार पर भी दबाव बढ़ाया है। पीएम किसान, आत्मनिर्भर भारत, स्किल इंडिया और स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं ने रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक पहल की है, लेकिन व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन अब भी अपेक्षित गति नहीं पकड़ सका है। विनिर्माण क्षेत्र में 'चाइना प्लस वन' रणनीति ने भारत के लिए नए अवसरों के द्वार खोले हैं, किंतु उन्हें बड़े पैमाने पर रोजगार में बदलने की प्रक्रिया अभी अधूरी है। विशेषकर एमएसएमई क्षेत्र वित्तीय चुनौतियों, सीमित ऋण उपलब्धता और अन्य संरचनात्मक बाधाओं से जूझ रहा है, जबकि सबसे अधिक रोजगार सृजन की क्षमता इसी क्षेत्र में निहित है।

वास्तविक आवश्यकता अब ऐसी आर्थिक दृष्टि की है, जिसमें विकास और रोजगार को अलग-अलग नहीं, बल्कि एक-दूसरे का आधार माना जाए। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, बुनियादी ढाँचे का विस्तार और डिजिटल अर्थव्यवस्था का सशक्तीकरण निस्संदेह महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हैं, किंतु केवल इनके बल पर रोजगार संकट का स्थायी समाधान संभव नहीं है। ग्रामीण भारत को नई शक्ति और गति देने के लिए फूड प्रोसेसिंग, पर्यटन, हस्तशिल्प, लघु उद्योगों तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में व्यापक और लक्षित निवेश की आवश्यकता है। यदि रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगे, तो पलायन कम होगा और क्षेत्रीय असमानताएँ भी घटेंगी।

महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी बढ़ाना भी उतना ही आवश्यक है। सुरक्षित कार्य वातावरण, कौशल विकास कार्यक्रमों और उद्यमिता को प्रोत्साहन देकर लाखों महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सकता है। साथ ही शिक्षा संस्थानों और उद्योग जगत के बीच मजबूत एवं व्यावहारिक तालमेल स्थापित करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है, ताकि युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि वास्तविक रोजगार योग्य कौशल भी प्राप्त हो सके। रोजगार का प्रश्न केवल नौकरी तक सीमित नहीं है; यह आत्मसम्मान, सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय प्रगति से जुड़ा एक गहन एवं व्यापक विषय है। यह आँकड़े वर्तमान साप्ताहिक स्थिति पर आधारित हैं, जो अल्पकालिक बेरोजगारी को अधिक स्पष्ट दिखाते हैं, जबकि सामान्य स्थिति (वार्षिक) में यह दर लगभग 3.2 प्रतिशत रहती है।

दरअसल, यह संकट एक बड़ा अवसर भी है। भारत के पास विश्व का सबसे बड़ा युवा कार्यबल बनने की क्षमता है, पर यह तभी संपदा बनेगा जब रोजगार को राजनीतिक विमर्श से ऊपर उठाकर राष्ट्रीय संकल्प बनाया जाए। 5.5 प्रतिशत बेरोजगारी दर चेतावनी देती है कि विकास का अर्थ केवल ऊँची जीडीपी, निवेश या चमकते शहर नहीं हैं। विकास तभी सार्थक है जब वह युवाओं को काम, परिवारों को सुरक्षा और समाज को विश्वास दे। ग्रामीण भारत की उम्मीदों को केंद्र में रखकर रोजगार-प्रधान और समावेशी नीतियाँ अपनाई जाएँ, तभी 'विकसित भारत' का सपना साकार हो सकता है, वरना विकास की चमक के पीछे बेरोजगारी की परछाई और गहरी होती जाएगी।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भीषण गर्मी में खुले परिषदीय विद्यालय, बच्चों का टोटा

**रूद्रपुर, देवरिया।** सरकारी फरमान के तहत मंगलवार 16 जून से परिषदीय विद्यालय खुल गये। ग्रामीण क्षेत्र के ज्यादातर विद्यालयों में बिजली की सुविधा भी नहीं है। चिलचिलाती धूप में ड्यूटी के डर शिक्षक तो स्कूल पहुंचे किन्तु बच्चे नदारद रहे। कुछ स्कूलों में इक्का-दुक्का बच्चे दिखे। परिजनों ने कहा कि गर्मी के चलते जीना मोहाल है पढ़ाई क्या होगी। बहुत से शिक्षक अभी जनगणना कार्य में लगे हैं। शिक्षक संगठन लगातार छुट्टियां बढ़ाने की मांग कर रहे हैं किन्तु शासन में बैठे लोग सुनने को तैयार नहीं हैं। 15 जून के बाद भी मानसून आने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। जब तक बरसात नहीं होगी,तब तक तापमान में गिरावट नहीं होगी। उच्च तापमान में जीना हराम हो गया है। लोग बरसात का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जबकि मौसम विभाग की भविष्यवाणी कम बरसात और सूखे की संभावना व्यक्त कर रही है।

### प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला 19 को

**देवरिया।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में 17 और 18 जून को विकास भवन परिसर में भव्य प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा सांस्कृतिक विरासत को आमजन के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। प्रदर्शनी में देवराहा बाबा स्थल, दुग्धेश्वरनाथ मंदिर और रुद्रपुर सहित प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। वहीं महर्षि देवराहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सड़क निर्माण और अन्य आधारभूत परियोजनाओं की उपलब्धियां भी प्रदर्शित की जाएंगी। आगंतुकों के लिए प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी प्वाइंट तथा विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा 19 जून को कृषि कल्याण केंद्र, बैतालपुर में प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला आयोजित होगी। इसमें किसानों को जीवामृत, बीजामृत, जैविक खाद एवं प्राकृतिक कीटनाशक बनाने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। गौ-आधारित खेती, जल संरक्षण और कम लागत में अधिक आय जैसे विषयों पर विशेषज्ञ किसानों से संवाद करेंगे। उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। सीडीओ ने जिले के नागरिकों और किसानों से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की है।

### आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर चार अधिकारियों को चेतावनी

**देवरिया।** जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस प्रकरणों की फीडबैक समीक्षा के दौरान गंभीर खामियां पाए जाने पर तीन खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और एक सहायक विकास अधिकारी (एडीओ) को चेतावनी जारी की है। समीक्षा में पाया गया कि संबंधित अधिकारियों ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया। कई मामलों में अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आख्या अपलोड की गई, जिससे शिकायतकर्ताओं ने भी निस्तारण पर असहमति जताई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी गौरी बाजार, भटनी, रामपुर कारखाना तथा सहायक विकास अधिकारी पथरदेवा को चेतावनी जारी की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या औपचारिकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में त्रुटिपूर्ण निस्तारण या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समयबद्ध, तथ्यपरक और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता का प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

## भ्रष्टाचार रोकने में मुख्य विकास अधिकारी नाकाम धरातल पर 10 मजदूर, कागजों में 61 की हाजिरी गोरखर में मनरेगा कार्य की खुली रही पोल

● मनरेगा में बाल संरक्षण कानूनों की अनदेखी, किशोरों से कराया जा रहा काम, खुली बाल श्रम की पोलप्रधान-सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से सरकारी धन पर डाका

सिकंदरपुर पुलिया से गिधानी सरहाद तक नाला खुदाई मे फर्जी हाजिरी गोरखर से जुड़ा मामला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्तीजिले मेंमनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना केवल फर्जी हाजिरी तक सीमित नहीं रह गयी है, बल्कि नियमों को ताक पर रखकर 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों से कार्य कराए जाने तक पहुंच गयी है। इससे न केवल योजना की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है, बल्कि सरकार की छवि भी प्रभावित हो रही है विकास खंड सल्टौआ गोपालपुर की ग्राम पंचायत गोरखर में सिकंदरपुर पुलिया से गिधानी सरहद तक नाला खुदाई एवं सफाई कार्य भ्रष्टाचार की भेट चढ़ रही है संबंधित मस्टर रोल में 61 मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की गयी है, जबकि मौके पर मात्र 10 मजदूर ही कार्य करते पाए गए। इतना ही नहीं, कार्यस्थल पर दो किशोर भी काम करते मिले, जो मनरेगा प्रावधानों एवं बाल संरक्षण कानूनों की सीधा उल्लंघन किया जा रहा है। शेष 51 मजदूरों को अनुपस्थित रहने के बावजूद हाजिर दर्शाया गया है।

सरकारी अभिलेखों में फर्जी प्रविष्टि कर सरकारी धन के दुरुपयोग उजागर हो रहा है। रोजगार सेवक रामतौल मौर्य एवं पंचायत सचिव अमरनाथ गौतम की मिलीभगत से फर्जी हाजिरी लगाकर मनरेगा की धनराशि का गबन करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकारी धन के इस दुरुपयोग से न केवल मनरेगा की पारदर्शिता प्रभावित हो रही है, बल्कि योजना के मूल उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराने को भी नुकसान पहुंच रहा है।सवाल उठना लाजिमी हो जाता है कि जब मौके पर केवल 10 मजदूर मौजूद थे तो 61 की हाजिरी किस आधार पर दर्ज की गयी है और 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों से कार्य कराने की अनुमति किसने दी? ब्लाक प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आखिर नियमित निरीक्षण क्यों नहीं किया गया?यदि ऐसे ही फर्जी हाजिरी रजिस्टर में दर्ज होता रहेगा तो सरकारी धन की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारी मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करते हैं या फिर यह मामला भी कागजों में दबकर रह जाएगा।

### पबजी खेलते खेलते हो गया प्यार, शादी करने के लिए फतेहपुर से आ पहुंची युवती; पुलिस पर पहुंचा मामला

**मैनपुरी।** पबजी खेलते समय हुई दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद युवती घर परिवार छोड़कर प्रेमी के साथ संसार बसाने का सपना लेकर फतेहपुर से कुरावली निवासी प्रेमी के घर पहुंच गई। युवक के स्वजन की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले आई। जानकारी पाकर युवती के स्वजन भी आ गए। समझा बुझाकर पुलिस ने युवती को स्वजन के सिपुर्द कर दिया है। फतेहपुर जिले के एक गांव की रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती 14 जून को घर से चलकर कुरावली क्षेत्र के गांव नानामऊ स्थित प्रेमी के यहां पहुंच गई और उससे शादी करने का प्रस्ताव रख दिया। युवती को अचानक सामने देखकर प्रेमी भी चौंक गया। प्रेमी के समझाने के बाद भी युवती शादी कर उसी के साथ रहने की जिद पर अड़ गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले आई। जहां से युवती को वन स्टाप सेंटर भेजकर स्वजन और जहानाबाद थाना पुलिस मामले की जानकारी। मंगलवार को स्वजन मैनपुरी पहुंचे और युवती को कुरावली थाने लेकर आए।

## पीएम स्वनिधि योजना के छः वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोक कल्याण मेला का हुआ आयोजन

● पीएम स्वनिधि योजना के पथ विक्रेताओ को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** पीएम स्विनिधि योजना के छः वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका बेल्हा प्रतापगढ़ में लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योजना से लाभन्वित पथ विक्रेताओ को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न चरणो के अंतर्गत ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र तथा क्यूआर कोड का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद् बेल्हा के अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा सीमा भारती ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियो और पथ विक्रेताओ के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से पथ विक्रेता अपने व्यवसाय का विस्तार कर आत्मनिर्भर बन रहे है तथा उनकी आर्थिक स्थिति मे लगातार सुधार हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान बैंको द्वारा लाभार्थियो को प्रथम चरण में 15000, 25000 व 50000 रु0 के ऋण वितरण किया जाता है। साथ ही डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश से क्यूआर कोड का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद् बेल्हा के अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार, आनंद प्रकाश मौर्या शहर मिशन प्रबंधक डूडा, जितेन्द्र यादव, नगर पालिका के लाल बहादुर राजस्व निरीक्षक, राजेश कुमार बिन्द लिपिक, अरविंद मिश्रा व कंप्यूटर ऑपरेटर आदित्य व अभिषेक उपस्थित रहे।

## कार चालक ने की टेम्पो चालक की पिटाई, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के असुरैना चौराहे पर मंगलवार को गाड़ी हटाने के विवाद में एक कार चालक ने कथित तौर पर पत्रकारिता का रौब झाड़ते हुए एक टेम्पो चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित चालक ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।जानकारी के अनुसार पीड़ित टेम्पो चालक मोहन चौहान परसामलिक गांव का निवासी है। पुलिस को दी गई तहरीर में उसने बताया कि वह असुरैना चौराहे पर सड़क के किनारे अपना टेम्पो खड़ा करके सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान सोनौली कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला एक व्यक्ति वहां कार से पहुंचा और टेम्पो हटाने के लिए कहने लगा। आरोप है कि जब मोहन अपना टेम्पो हटा रहा था तभी कार चालक ने उसे गाली देनी शुरू कर दी। जब उसने इस गाली-गलौज का विरोध किया तो कार चालक नीचे उतरा और खुद को पत्रकार बताते हुए उसे सड़क पर पटक दिया। आरोप है कि कथित पत्रकार ने पैर में जूता पहने उसके सीने पर प्रहार किया। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि इस मारपीट के कारण उसके सीने में गंभीर चोट आई है और काफी दर्द है। जाते-जाते कार चालक उसे जान से मारने की धमकी भी दे गया। घायल टेम्पो चालक ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के लिए बांटे निमंत्रण पत्र

**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को किसानों, व्यापारियों एवं युवाओं से संपर्क कर उन्हें विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। सम्मेलन 17 जून को देवरिया क्लब सभागार में आयोजित होगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने बताया कि सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री प्रबुद्धजनों से संवाद करेंगे तथा केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल की हैं। सम्मेलन के माध्यम से सरकार की योजनाओं और उनके प्रभावों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। इस दौरान अंबिकेश पांडेय, अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान, डॉ. विनोद पांडेय, वीरेंद्र पाठक, विजय कुशवाहा और सोनू सिंह सहित किसान मोर्चा के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महराजगंज पुलिस का जन सूचना जवाब बना मजाक, सुरक्षा लगी और हटी पर फाइल में दर्ज नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज।** सूचना का अधिकार कानून को महराजगंज पुलिस ने मजाक बना दिया है। हिंदू युवा वाहिनी पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय ने अपने आवास पर लगी पुलिस सुरक्षा का पूरा ब्यौरा मांगा तो विभाग ने ऐसा जवाब भेजा जिसे पढ़कर हर कोई हंस देगा। पुलिस ने मान लिया कि सुरक्षा लगी भी और हटी भी, लेकिन उसका कोई सरकारी आदेश, कोई फाइल, कोई रिकॉर्ड मौजूद ही नहीं है। यानी बिना कागज के ढ्ढ्क्कड्यूटी चलती रही और जनता के सवालों का जवाब धाराओं में उलझाकर टाल दिया गया। नौतनवा के सरोजिनी नगर वार्ड निवासी नरसिंह पाण्डेय ने जनसूचना अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज से पूछा था कि वर्ष 2025 में उनके आवास पर पुलिस सुरक्षा कब से शुरू हुई, कब तक चली, इसे लगाने और हटाने का आदेश किस अधिकारी ने दिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी कौन थे। उन्होंने राहुल अपहरण कांड के मुख्य आरोपी अमर मणि त्रिपाठी से जान को खतरा बताकर धारा सात एक के तहत 48 घंटे में सूचना भी मांगी थी।

नौतनवा थाने से जो रिपोर्ट भेजी गई उसने पुलिस की कार्यशैली का पूरा चिट्ठा खोल दिया। रिपोर्ट में सिर्फ इतना बताया गया कि सुरक्षा सोलह सितंबर 2025 से चौबीस अक्टूबर 2025 तक लगाई गई थी। इसके आगे पुलिस ने हाथ खड़े कर दिए। सुरक्षा लगाने और हटाने के आदेश की प्रमाणित प्रति मांगने पर जवाब आया कि ऐसी कोई सूचना अभिलेख में उपलब्ध ही नहीं है। यानी सरकारी तंत्र बिना आदेश, बिना फाइल के सुरक्षा देता है और हटा भी देता है। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के नाम और पद पूछे गए तो धारा आठ एक छह लगाकर पल्ला झाड़ लिया गया। तर्क दिया गया कि नाम बताने से उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरा हो जाएगा।

सवाल सीधा है कि अगर सुरक्षा का आदेश बना ही नहीं था तो ये ड्यूटी किसके कहने पर लगी थी। जनता के टैक्स के पैसे से चलने वाली पुलिस ड्यूटी का कोई हिसाब-किताब नहीं है क्या। जन सूचना का अधिकार कानून पारदर्शिता के लिए बना था लेकिन यहां तो सूचना मांगने वाले को ही धारा दिखाकर डरा दिया गया। बिना रिकॉर्ड के सुरक्षा देना और रिकॉर्ड मांगने पर रिकॉर्ड का न होना, ये दोनों ही सरकारी लापरवाही की हद है। हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह पाण्डेय ने इस गोलमोल और भ्रामक जवाब को जन सूचना के अधिकार की भावना के खिलाफ बताया है और अब वह प्रथम अपीलीय अधिकारी के यहां अपील की तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकारी सुरक्षा कोई खैरात नहीं है जिसका हिसाब न देना पड़े। अब देखना होगा कि अपील में महराजगंज पुलिस अपनी गायब फाइलों का जवाब दे पाती है या फिर पारदर्शिता का गला घोंटती रहती है।

## पंचायत सहायकों ने विभिन्न मांगों को लेकर एडीओ पंचायत को सौंपा पत्र

● नयमित मानदेय न मिलने और संसाधनों की कमी से नाराज पंचायत सहायकों ने ब्लॉक अधिकारियों संग बैठक कर सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों ने अपनी लंबित मांगों और कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक पंचायत सहायक विकास अधिकारी और ब्लॉक के सचिवों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक के दौरान पंचायत सहायकों ने एकजुट होकर अपनी चार सूत्रीय मांगों को अधिकारियों के समक्ष रखा और उनके जल्द से जल्द निस्तारण की अपील की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के अध्यक्ष विकास यादव और उपाध्यक्ष गिरीजेश पासवान समेत अन्य ने कहा कि पंचायत सहायक ग्रामीण स्तर पर डिजिटल और प्रशासनिक कार्यों को पूरी निष्ठा से संभाल रहे हैं, लेकिन उन्हें बुनियादी सुविधाओं और समय पर मानदेय के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पंचायत सहायकों ने मुख्य रूप से मांग की कि उन्हें हर महीने नियमित मानदेय का भुगतान किया जाए ताकि उनकी आर्थिक परेशानियां दूर हो सकें। इसके साथ ही पंचायतों की आय बढ़ाने और वित्तीय प्रबंधन को मजबूत करने के लिए व्यवस्था को ओएसआर खाता से जोड़ने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। कार्यप्रणाली में आ रही तकनीकी दिक्कतों का जिक्र करते हुए उपस्थित कर्मियों ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल और सरकारी ऐप पर काम करने के लिए उन्हें अपने निजी खर्चों पर निर्भर रहना पड़ता है। इसलिए प्रशासन द्वारा उन्हें मोबाइल व मासिक मोबाइल रिचार्ज की सुविधा दी जानी चाहिए। इसके अलावा वर्तमान महंगाई को देखते हुए सभी ने एक सुर में मानदेय बढ़ोतरी की मांग की है। वहीं बैठक के अंत में पंचायत सहायकों ने अधिकारियों को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा, जिस पर अधिकारियों ने नियमों के तहत उचित कार्रवाई और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया है।

बैठक के दौरान राकेश कुमार पासवान, श्रवण पासवान, संजय और नीलम सहित ब्लॉक के भारी संख्या में अन्य पंचायत सहायक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंत्री के नाम का धौंस दिखाकर महिला की जमीन पर कब्जे का प्रयास, रिवॉल्वर तानकर दी जान से मारने की धमकी

● ग्राम महर्रा में 10-15 हथियारबंद लोगों के साथ पहुंचे आरोपित, पीड़िता ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महर्रा में एक महिला की पुश्तैनी भूमि पर जबरन कब्जा करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि स्वयं को एक राज्यमंत्री का पुत्र एवं पुत्री बताने वाले दो लोग 10 से 15 हथियारबंद साथियों के साथ उसकी भूमि पर पहुंचे और बाउंड्रीवाल निर्माण कराकर कब्जा करने का प्रयास किया। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से कर कार्रवाई की मांग की गई है। ग्राम महर्रा निवासी प्रेमबाई पत्नी रामसेवक द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि वह ग्राम महर्रा स्थित आराजी संख्या 201मि, रकबा 0.121 हेक्टेयर की वैध भूमिधर हैं। उक्त भूमि उन्होंने वर्ष 2016 में पंजीकृत बैनामे के माध्यम से क्रय की थी और तब से उस पर उनका कब्जा चला आ रहा है। पीड़िता के अनुसार 14 जून को दोपहर करीब तीन बजे वह अपने पति रामसेवक के साथ भूमि पर मौजूद थीं। इसी दौरान एक युवक और एक महिला अपने साथ 10 से 15 लोगों को लेकर वहां पहुंचे। आरोप है कि सभी लोग हथियारों से लैस थे और आते ही भूमि पर बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू करा दिया। जब प्रेमबाई और उनके पति ने निर्माण कार्य का विरोध किया तो आरोपितों ने कथित रूप से स्वयं को राज्यमंत्री का पुत्र और पुत्री बताते हुए सत्ता का प्रभाव दिखाया। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें धमकाया गया तथा रिवॉल्वर दिखाकर वहां से हट जाने को कहा गया। साथ ही पूरी जमीन पर कब्जा करने की बात भी कही गई। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण और भूमि के अन्य हिस्सेदार भी मौके पर पहुंच गए। पीड़िता का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे ग्रामीणों को भी धमकाया गया तथा झूठे मुकदमों में फंसाने की चेतावनी दी गई। मामले से भयभीत पीड़िता ने जिलाधिकारी से अपनी भूमि को अवैध कब्जे से बचाने, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने परिवार की सुरक्षा की भी गुहार लगाई है।

### उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज देवरिया दौरे पर, कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री 17 जून को देवरिया के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह 10:05 बजे हेलीकॉप्टर से रामपुर कारखाना क्षेत्र के देसही गांव पहुंचेंगे, जहां मुस्कान हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद उपमुख्यमंत्री पुलिस लाइन पहुंचकर महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। यहां वह पौधरोपण करेंगे तथा मेडिकल कॉलेज में स्थापित योगा कक्ष का शुभारंभ भी करेंगे। कार्यक्रम के अगले चरण में वह सीसी रोड स्थित श्री मनोकामना हनुमान मंदिर पहुंचकर स्वच्छता अभियान में सहभागिता करेंगे। इसके उपरांत विकास भवन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास एवं जनकल्याण योजनाओं की प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन करेंगे। दोपहर 12:40 बजे उपमुख्यमंत्री देवरिया क्लब में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रमों के समापन के बाद वह पुलिस लाइन से हेलीकॉप्टर द्वारा गोरखपुर के लिए रवाना होंगे।

## गांव के बीच संचालित शराब ठेके के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

» सतगता की महिलाओं ने ठेका हटाने की मांग उठाई, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम सतगता में गांव के बीच संचालित देशी शराब के ठेके को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को ग्रामीण महिलाओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। महिलाओं का आरोप है कि शराब ठेके के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है तथा महिलाओं और छात्राओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ज्ञापन में महिलाओं ने बताया कि जनवरी 2025 से अब तक कई बार प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के बीच स्थित शराब ठेका सामाजिक वातावरण को प्रभावित कर रहा है और इसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराब की दुकान की आड़ में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब, बीयर एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री भी की जाती है। विरोध करने पर ठेका संचालकों द्वारा अभद्र व्यवहार एवं धमकियां देने की शिकायत भी की गई है। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे बहन-बेटियों एवं बुजुर्गों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मई माह में आबकारी विभाग द्वारा दुकान पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई थी, लेकिन इसके बावजूद ठेका यथास्थान संचालित हो रहा है। महिलाओं का आरोप है कि कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने शीघ्र ठेका हटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीण महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शराब का ठेका गांव से बाहर स्थानांतरित नहीं किया गया तो वे जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने के साथ ही मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाएंगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, आयुक्त झांसी मंडल, सांसद झांसी-ललितपुर एवं सदर विधायक को भी भेजी गई है। ज्ञापन पर गीता, रूपवती, रानी, मुन्नी, बिटिया, मचु सहित दर्जनों महिलाओं के हस्ताक्षर एवं अंगूठे के निशान दर्ज हैं।

### महरौनी में महामंडलेश्वर श्री रामबालक दास जी का प्रवास

गौसेवा और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ किया वृक्षारोपण

**महरौनी।** योध्या धाम से पधारे परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री रामबालक दास जी महाराज का महरौनी प्रवास श्रद्धा, आध्यात्मिकता एवं जनकल्याण के संदेशों के साथ संपन्न हुआ। महरौनी के निवारी स्थित अखंडधाम आश्रम में प्रवास के दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों से भेंट कर गौसंरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की। महामंडलेश्वर श्री रामबालक दास जी महाराज ने अखंडधाम आश्रम पहुंचकर आश्रम के प्रबंधक महात्मा अघटयुक्ति आनंद जी एवं महात्मा चैतन्ययुक्ति आनंद जी व महात्मा चैतन्य अखंडानंद जी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान धर्म, अध्यात्म, राष्ट्रहित, गौसेवा एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर सारगर्भित विचार-विमर्श हुआ। प्रवास के दौरान उन्होंने आश्रम परिसर स्थित गौशाला के दर्शन किए एवं अपने हाथों से गौमाता को गुड़, रोटी एवं दलिया खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गौवंश की सेवा, स्वच्छता, चारे-पानी एवं देखभाल की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी गौशालाएं समाज के लिए प्रेरणा का केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि गौशाला की व्यवस्था देखकर उनका मन गद्गद हो गया है।

## मेड हटाकर मकान बनाने का आरोप

● विरोध करने पर दंपती से मारपीट

● हाथ में फ्रैक्चर, जान से मारने की धमकी देने का आरोप

● कोतवाली में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरधा में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ग्रामीण ने आरोप लगाया है कि उसकी भूमि की मेड हटाकर मकान निर्माण किए जाने का विरोध करने पर दबंगों ने उसके और उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। मामले में कोतवाली पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बिरधा निवासी हलकन पुत्र शेर सिंह ने बताया कि वह और उसका परिवार करीब दो माह के लिए गांव से बाहर गए हुए थे। वापस लौटने पर पता चला कि गांव के अजोध्या ने उसकी जमीन की मेड हटाकर वहां मकान का निर्माण करा लिया है। पीड़ित के अनुसार 8 जून को वह अपनी जमीन की मेड पर बंधिया लगाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अजोध्या, उसके पुत्र सोनू और सुरेश तथा लीला मौके पर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हलकन और उसकी पत्नी सुवित्ती के साथ लात-घूंसों और लाठियों से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान हलकन के दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई। पुलिस द्वारा कराए गए चिकित्सकीय परीक्षण और एक्स-रे में हाथ में फ्रैक्चर होने की पुष्टि हुई। पीड़ित ने जिला अस्पताल में उपचार कराया, जहां इलाज पर हजारों रुपये खर्च होने की बात कही गई है। हलकन का आरोप है कि आरोपियों ने न केवल मारपीट की बल्कि उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपियों ने कथित रूप से कहा कि यदि उनके खिलाफ शिकायत या रिपोर्ट की गई तो पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अजोध्या, सोनू, सुरेश और लीला के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक देवराज सिंह को सौंपी गई है। पीड़ित ने प्रशासन से आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़ित पिता ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सुनील कुशवाहा उर्फ लिल्ले के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रशांत राणा को सौंपी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### वृद्धावस्था पेंशन आवेदकों के अभिलेखों के अद्यतनकरण हेतु आवश्यक सूचना




**फ़िरोज़ाबाद** – उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन हेतु जन्म तिथि प्रमाण पत्र के सम्बंध में नवीन दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शासनादेश के अनुसार आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। अतः शासन द्वारा आयु प्रमाण के रूप में निर्धारित अभिलेखों के अनुसार वर्ष 2024 के पश्चात् ऑनलाइन कराने वाले ऐसे लाभार्थी जिनको अभी तक पेंशन की एक भी किश्त प्राप्त नहीं हुई है को आयु प्रमाण-पत्र हेतु अपने ऑनलाइन आवेदन में ग्रामीण क्षेत्र में लाभार्थी द्वारा परिवार रजिस्टर की नकल अथवा शैक्षिक प्रमाण-पत्र एवं नगरीय क्षेत्र में शैक्षिक प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस अथवा पासपोर्ट में से किसी एक अभिलेख संलग्न कराना अनिवार्य है। अन्यथा निर्धारित अभिलेख उपलब्ध न होने की स्थिति में भविष्य में पेंशन संबंधी कार्यवाही प्रभावित हो सकती है। आवेदक उक्त अभिलेखों को नजदीकी जनसेवा केन्द्र अथवा सी0एस0सी0 पर जाकर अपलोड (संलग्न) करा सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त लाभार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन दबरई, फिरोजाबाद के कक्ष संख्या-19 में एक [illegible] स्थापित किया गया है। इस Help Desk पर तैनात कार्मिक द्वारा आवेदकों के अभिलेखों का ऑनलाइन अपलोड कार्य निःशुल्क किया जाएगा।आवेदक अपने साथ निम्नलिखित अभिलेख अवश्य लाएं। पेंशन पंजीकरण संख्या अथवा बैंक खाते का विवरण एवं आधार कार्ड। शासन द्वारा निर्धारित वैध आयु प्रमाण-पत्रों में से कोई एक दस्तावेज ।अपना मोबाइल फोन (ओ.टी.पी. के लिये)। अतः उपरान्त के 2024 के पश्चात् ऑनलाइन कराने वाले वृद्धावस्था पेंशन आवेदकों से अनुरोध है कि वे यथाशीघ्र अपने अभिलेख अद्यतन कराकर शासन की मंशा के अनुरूप अपनी पेंशन संबंधी अभिलेखीय प्रक्रिया पूर्ण करा लें। जिससे निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा आगामी किस्त में शासन पेंशन धनराशि आधार लिंक बैंक खाते में प्राप्त हो सके। जिन लाभार्थियों को योजनान्तर्गत वर्ष 2026 में पेंशन धनराशि का भुगतान प्राप्त हो रहा है, उन्हें किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं करनी है।

राजमती जिला समाज कल्याण अधिकारी फिरोजाबाद

### पार्षद निधि गुप्ता के प्रयासों से, विधायक दलजीत भोला ग्रेवाल ने सेक्टर-32 ए में मुख्य सीवर लाइन की डी-सिल्टिंग कार्य की शुरुआत करवाई

**आने वाले दिनों में क्षेत्र में और भी विकास कार्य होंगे शुरू: पार्षद निधि गुप्ता**



**लुधियाना-** वार्ड नंबर 19 से पार्षद एवं आम आदमी पार्टी जिला लुधियाना की सचिव निधि गुप्ता के प्रयासों से लगभग 91 लाख रुपये की लागत से सेक्टर-32 ए में मुख्य सीवर लाइन की डीसिल्टिंग के कार्य का शुभारंभ आज पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, विधायक ग्रेवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के तहत पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में युद्धस्तर पर विकास कार्य चल रहे हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इलाका पार्षद निधि गुप्ता ने कहा कि बरसात के दिनों में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सेक्टर-32 ए में मुख्य सीवर लाइन की डीसिल्टिंग का कार्य आज शुरू करवाया गया है। उन्होंने विधायक ग्रेवाल और समूचे पार्टी नेतृत्व का क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। गुप्ता ने कहा कि आने वाले दिनों में क्षेत्र में कई अन्य विकास प्रोजेक्ट भी शुरू होने जा रहे हैं। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा परमिंदर गिन्द्रा, महिंदर शर्मा, हरजीत सिंह, सुखमनी प्रॉपर्टी डीलर, विमल नारंग, महावीर, लखविंदर लक्खा, अमित गुप्ता, एडवोकेट हैप्पी, वार्ड प्रधान अंकुर गुलाटी और प्रधान लवली मनोचा भी उपस्थित रहे।

# सपा का आरोप-राम मंदिर में चंदा चोरी

**● चंदा मामले पर पूर्व विधायक बोले- सरकार जाति देखकर करती है एनकाउंटर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुल्तानपुर में समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर सरकारी नौकरियों में 'PDA' (पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति) आरक्षण में बड़े पैमाने पर घोटाले का आरोप लगाया है। पार्टी ने अपने सुपर मक्कार्केट स्थित कार्यालय से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इस मुद्दे पर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान, पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने अयोध्या के राम मंदिर में कथित चंदा चोरी के मामले को लेकर सरकार और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 'जो लोग भगवान के घर में चोरी कर रहे हैं, उनके लिए आम जनता का हक मार लेना कोई बड़ी बात नहीं है।' वर्मा ने दावा किया कि ट्रस्ट के लेखा अधिकारी ने स्वयं कैमरे के सामने चोरी की बात स्वीकार की थी, लेकिन इसके बावजूद सीसीटीवी फुटेज हटा दिए गए और अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वर्मा ने चांदा क्षेत्र में हुई एक हालिया घटना और पुलिस कार्रवाई पर भी टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस के ढुलमुल रवैये के कारण आरोपियों को तुरंत जमानत मिल गई। उन्होंने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा, 'यह सरकार जाति देखकर एनकाउंटर करती है, जाति देखकर कार्रवाई करती है और जाति देखकर नहीं करती है।' पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विशेष नैरेटिव के तहत काम कर रही है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के एक पुराने बयान का उल्लेख किया, जिसमें मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि '86 में से 56 एसडीएम यादव बने थे।' वर्मा ने कहा कि उस समय नेता प्रतिपक्ष (अखिलेश यादव) ने सदन में कहा था कि यदि यह बात सही है, तो इसे पटल पर रखा जाए, लेकिन आज तक न मुख्यमंत्री और न ही किसी अन्य नेता ने इसे साबित किया। उन्होंने इसे 'एक जाति के प्रति नफरत फैलाकर वोट लेने की राजनीति' बताया। उन्होंने सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग के जरिए हुई नियुक्तियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस भर्ती में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज को आरक्षण नहीं दिया गया। वर्मा ने कहा कि सरकार जानबूझकर सभी विभागों में आउटसोर्सिंग (ठेका पद्धति) लागू कर रही है, जिससे आरक्षण खुद-ब-खुद खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'ठेका पद्धति का मतलब है जितने दिन मजदूरी, उतने दिन का वेतन। 11 महीने का एग्रीमेंट होता है और उसके बाद नौकरी मिलेगी या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं होती। 'वर्मा ने साफ किया कि समाजवादी पार्टी इन मुद्दों को लेकर चुप नहीं बैठेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी का लीगल सेल इस मामले में कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। इसके साथ ही, सपा नेता गांव-गांव जाकर चौपाल लगाएंगे और सड़कों पर उतरकर इस 'आरक्षण विरोधी' नीति के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव और महासचिव




सलाहुद्दीन अहमद के नेतृत्व में पार्टी ने आरोप लगाया कि 2019 से 2026 तक की विभिन्न सरकारी भर्तियों में 'PDA' वर्ग के आरक्षण नियमों की अनदेखी की गई है। उनका दावा है कि इस दौरान कुल 11,514 से अधिक पदों का नुकसान हुआ है। पार्टी ने प्रमुख भर्तियों में कथित तौर पर 'लूटे गए' पदों के आंकड़े भी जारी किए। इनमें 69 हजार शिक्षक भर्ती (2019) में 7,933 पद, लेखपाल भर्ती (2025) में 960 पद, PSSSC कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती (2026) में 588 पद, और एडेड जूनियर हाईस्कूल मास्टर/हेडमास्टर भर्ती (2021-22) में 547 पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, UPSSSC कनिष्ठ सहायक व अन्य भर्तियों (2023) में लगभग 300 पदों की कटौती का आरोप है। सपा ने ग्राम पंचायत अधिकारी, वन रक्षक, पशु चिकित्सक, और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सहित कुल 22 अलग-अलग विभागों की भर्तियों की सूची जारी कर सरकार को घेरा है। इस प्रदर्शन में वीरेंद्र मौर्य, अमित पासी, शकील अहमद, विजय यादव और राज नारायण यादव जैसे कई पार्टी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। समाजवादी पार्टी ने घोषणा की है कि वे 'PDA' वर्ग के अधिकारों की इस लड़ाई को जनता के बीच ले जाएंगे।

## भक्ति भाव से सराबोर हुआ रिठौरा, जेठ के बड़े मंगलवार पर जगह-जगह हुए भंडारे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार के अवसर पर कस्बा रिठौरा पूरी तरह से भक्ति और सेवा के रंग में डूबा नजर आया। इस पावन अवसर पर कस्बे में विभिन्न स्थानों पर भव्य भंडारों का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। पहला मुख्य आयोजन बरेली-पीलीभीत हाईवे पर नगर पंचायत कार्यालय के समीप हुआ। यहां स्थानीय व्यापारियों और समाजसेवियों के सहयोग से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हाईवे से गुजरने वाले मुसाफिरों, राहगीरों और वाहन चालकों को रोक-रोककर पूरी श्रद्धा और आदर के साथ पूड़ी, सब्जी और शीतल जल का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य में राहुल गुप्ता, सुभाषचंद्र, राजकुमारी, निकेता गुप्ता, श्रमिका गुप्ता और आकर्ष गुप्ता आदि ने पूरी निष्ठा के साथ आगंतुकों की सेवा की और व्यवस्थाएं संभालीं। इसी कड़ी में कस्बे के ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व वाले भुमसेन मंदिर परिसर में भी भव्य भंडारा आयोजित



किया गया। यहां सुबह से ही बजरंगबली और बाबा भुमसेन के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में उषा कश्यप, अंशु उर्फ गोलू,ब्रजेश कुमार कश्यप,अनीसा, अंकिता और नन्हें कश्यप आदि के सौजन्य से आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और दूर-दराज से आए भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान पूरा माहौल 'जय श्रीराम' और 'जय बजरंगबली' के जयकारों से गुंजायमान रहा। देर शाम तक चले इन आयोजनों में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद छका। क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने कहा कि जेठ के मंगलवार का सनातन धर्म में विशेष महत्व है और इस दिन सेवा भाव से किया गया दान-पुण्य जीवन में सुख-समृद्धि लाता है।

### संजय सेतु पर सभी वाहनों का संचालन शुरू; गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर व नेपाल के लोगों को भी लाभ

**बहराइच।** लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित घाघरा घाट के संजय सेतु पर मंगलवार से सभी छोटे-बड़े वाहनों का संचालन शुरू हो जाएगा। इससे अब भारी वाहनों के लंबी दूरी नहीं तय करनी पड़ेगी। समय की भी बचत होगी। संजय सेतु पर तकनीकी खामियों और मरम्मत कार्य के चलते 16 अप्रैल से भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया था। इस दौरान छोटे वाहनों को पीपा पुल और अन्य वैकल्पिक मार्गों से निकाला जा रहा था, जबकि बसों और भारी वाहनों को लंबा चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता था। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद पुल की तकनीकी जांच और सुरक्षा परीक्षण कराया गया। जांच रिपोर्ट संतोषजनक मिलने के बाद पहले छोटे वाहनों का संचालन शुरू किया गया था। अब प्रशासन ने रोडवेज बसों, ट्रकों और अन्य भारी वाहनों को भी पुल से गुजरने की अनुमति दे दी है। जरवलरोड थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि संजय सेतु पर मरम्मत कार्य पूर्ण होने और सुरक्षा मानकों की पुष्टि के बाद सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन की अनुमति दे दी गई है। मंगलवार से पुल पर यातायात पूरी तरह सामान्य रहेगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।पुल के पूर्ण रूप से खुलने से बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर तथा नेपाल सीमा क्षेत्र से आने-जाने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

# ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार पर गूंजा भक्ति का स्वर

**● सुंदरकाण्ड पाठ एवं महाप्रसाद वितरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ, सुल्तानपुर।** ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगलवार के अवसर पर नगर पंचायत लंभुआ के सेमरी राणा नगर स्थित सिंह किराना स्टोर पर धार्मिक आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। विगत वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी यहां सुंदरकाण्ड पाठ, हनुमान जी की आराधना तथा महाप्रसाद वितरण का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकाण्ड का पाठ कर संकटमोचन भगवान हनुमान का स्मरण किया। पूरे वातावरण में भक्ति गीतों और जयकारों की गूंज से आध्यात्मिक माहौल बना रहा। सुंदरकाण्ड पाठ के दौरान श्रद्धालुओं ने देश, समाज एवं परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना के लिए प्रार्थना की। पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात हनुमान जी की आरती की गई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया।

इसके बाद महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर पूरे दिन भक्तों का आवागमन बना रहा। आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगलवार के अवसर पर यह धार्मिक आयोजन कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है। उनका कहना था कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, सहयोग और धार्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। साथ ही नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं




से जोड़ने का कार्य भी करते हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया। आयोजन को सफल बनाने में युवाओं एवं क्षेत्रवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर पुष्पेन्द्र कुमार सिंह, मुकेश सिंह, सुरेंद्र तिवारी, शैलेश सिंह, अमित तिवारी, संतकुमार, शुभम, ओम प्रकाश शुक्ला, अटल जायसवाल, दिलीप वर्मा, शीतला प्रसाद वर्मा, लव तिवारी, राजमणि, चंदन सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## मंगलवार को खुले परिषदीय विद्यालय, बच्चों का हुआ भव्य स्वागत

**● रोली-चंदन का तिलक, माल्यार्पण और मिष्ठान के साथ नए सत्र का आगाज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ (सुल्तानपुर)।** गर्मी की एक माह लंबी छुट्टियों के बाद मंगलवार से क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में एक बार फिर बच्चों की चहल-पहल लौट आई। विद्यालय खुलते ही शिक्षकों और छात्रों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर विद्यालयों में बच्चों का स्वागत उत्सव की तरह किया गया। रोली-चंदन का तिलक लगाकर, मालाएं पहनाकर तथा मिष्ठान खिलाकर विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों में साफ-सफाई, स्वच्छता और छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। विद्यालय खुलने से पहले परिसर, कक्षाओं, शौचालयों, पेयजल टंकियों तथा रसोईघर की सफाई सुनिश्चित कराई गई। साथ ही खाद्यान्न, गैस सिलेंडर, मसाले एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। विद्यालय पहुंचने पर बच्चों के चेहरों पर अलग ही खुशी दिखाई दी। लंबे अवकाश के बाद अपने मित्रों और शिक्षकों से मिलकर बच्चे उत्साहित नजर आए। शिक्षकों ने बच्चों से गर्मी की छुट्टियों के दौरान किए गए कार्यों, अनुभवों और यादगार पलों को साझा कराया, जिससे विद्यालय का वातावरण आत्मीय और आनंदमय बना रहा।

मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत बच्चों को विशेष रूप से हलवा, खीर और अन्य मिष्ठान परोसे गए। इसके अलावा नामांकन और छात्र उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षकों द्वारा अभिभावकों से संपर्क अभियान भी शुरू किया गया, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय मुरली लंभुआ में प्रधानाध्यापक रणवीर सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यालय




परिसर की साफ-सफाई के बाद बच्चों का रोली-चंदन का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। शिक्षकों ने बच्चों के साथ संवाद कर उनके अवकाश के अनुभव सुने और नए शैक्षिक सत्र में नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। विद्यालयों में पहले ही दिन उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। शिक्षा विभाग को उम्मीद है कि इस तरह के स्वागत कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की विद्यालयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और नामांकन व उपस्थिति में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा।

# सर्राफा दुकान की दीवार काटकर चोरी



**● गोसाईगंज में लाखों के आभूषण पार, जांच में जुटी पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुलतानपुर के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मिश्रौली चौराहे पर स्थित एक ज्वेलरी शॉप में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने दुकान की दीवार में सेंध लगाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब पीड़ित दुकानदार अपनी दुकान पर पहुंचा, जिसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिश्रौली बाजार निवासी अनिल सोनी (पुत्र स्वर्गीय शिवप्रसाद सोनी) की मिश्रौली चौराहे पर 'अनिल ज्वेलर्स' नाम से सोने-चांदी की दुकान है। पीड़ित के मुताबिक, 15 जून की रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे की तरफ से दीवार काटकर अंदर प्रवेश किया। 16 जून की सुबह करीब 10 बजे जब अनिल सोनी दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्होंने पीछे की दीवार कटी हुई पाई। दुकान के अंदर तिजोरी और अन्य सामान अस्त-व्यस्त था। चोर दुकान से लगभग 5 ग्राम पुराने सोने के लॉकेट, 250 ग्राम वजन की 5 जोड़ी चांदी की पायल और करीब 50 ग्राम पुरानी चांदी चुरा ले गए। पीड़ित सर्राफ ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन और पूछताछ की, लेकिन घटना के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद, अनिल सोनी ने 16 जून 2026 को गोसाईगंज थाना प्रभारी को लिखित शिकायती पत्र सौंपकर मामले की रिपोर्ट दर्ज करने और उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरी का जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग की है।

### बहराइच में केडीसी से गोलवाघाट तक फोरलेन सड़क का शिलान्यास, जाम से मिलेगी निजात

**बहराइच।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए किसान पीजी कॉलेज से गोलवाघाट तक फोरलेन सड़क निर्माण के लिए सोमवार को बहराइच सांसद डॉ. आनंद गोंड ने सदर विधायक प्रतिनिधि शिवम जायसवाल समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ शिलान्यास किया। करीब 22 करोड़ की लागत से सड़क को चौड़ा करने का कार्य किया जाएगा। सांसद ने कहा कि किसान पीजी कॉलेज से गोलवाघाट पुल तक सिंगल लेन सड़क बनी हुई है। यहां आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। बढ़ती जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात कर फोरलेन सड़क निर्माण की मांग की गई थी। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री का आशीर्वाद मिला और आज हम लोग सड़क निर्माण के लिए शिलान्यास कर रहे है। फोरलेन सड़क बन जाने से शहरवासियों को आवागमन सुगम होने के साथ जाम की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि नया पुल पुराने पुल पर बढ़ते दबाव को कम करेगा और भारी वाहनों की आवाजाही भी आसान होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, जिला महामंत्री रणविजय सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## जन कल्याण मेले का ब्लॉक प्रमुख के साथ विधायक ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**● जन कल्याण मेले में विभिन्न विभागों में 87 लोगों को पंजीकृतकिया गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरेली/** देश की भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भदपुरा ब्लॉक मुख्यालय पर जनकल्याण मेले का आयोजन किया गया इस मेले का उद्घाटन भाजपा विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने यहां के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार के साथ फीता काट कर किया गया इस मेले में सभी विभागों के द्वारा अपने-आपने बैनर लगाकर उपस्थित रहे। जिसके तहत जनता को अपनी शिकायत दर्ज करवाने में किसी भी तरह की कोई भी विधान उत्पन्न ना हो इस मेले का उद्घाटन करने के बाद विधायक ने ब्लॉक प्रमुख के साथ मेले में आए अनेकों विभागों के पास जाकर स्थिति का परीक्षण किया इसी दौरान दीप प्रजनन कर करके बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा अन्नप्राशन का कार्य गर्भवती महिलाओं को करवाया गया। यहां पर बाल विकास परियोजना अधिकारी विष्णु पांडे सुपरवाइजर कंचन गंगवार आदि उपस्थित थे सभी का निरीक्षण करने के बाद ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार मैं लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियां देश की सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने एवं प्रदेश सरकार के नववर्ष पूर्ण होने पर जन कल्याणकारी योजनाओं के चलाए जाने के साथ ही बिना भेदभाव के कार्य करना बताया गया। इसी अवसर पर विधायक डॉक्टर आर्य ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा आज देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार है इससे पहले भी सरकारी हुआ करती थी परंतु योजनाओं का लाभ जनता को सीधे नहीं मिल पाता था जो आज जनता को मिल रहा है। यहां पर उपस्थित विभागों में पेयजल कृषि विभाग पशुपालन विभाग समाज कल्याण शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग समेत अनेकों विभागों के लोग उपस्थित थे इस कार्यक्रम में मौजूद यहां के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य खंड विकास अधिकारी कौशल कुमार गुप्ता। सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविकांत यादव प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार का मंडल अध्यक्ष ठाकुर जयदीप सिंह खेम कारन लाल गंगवार खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश गन्ना समिति सचिव मेधा चतुर्वेदी ग्राम प्रधान वेदपाल सिंह कनौजिया बलराम सिंह गुड्डू यादव सनी त्रिवेंद्र कुमार रविंद कुमार गंगवार सदस्य क्षेत्र पंचायत यज्ञ देव गंगवार समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## ग्राम बन्ना में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ भव्य समापन

**● अंतिम दिन रुक्मिणी विवाह प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन, श्रद्धालु हुए भावविभोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** ग्राम बन्ना में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन कथा वाचिका पूनम यादव ने भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मिणी के विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्त भावविभोर हो उठे।समापन अवसर पर कथा वाचिका पूनम यादव ने उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कथा वाचन के दौरान उनसे किसी प्रकार की कोई त्रुटि या भूल हुई हो तो सभी भक्तजन उन्हें क्षमा करें। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से भगवान के बताए मार्ग पर चलने और धर्म एवं मानवता की सेवा करने का संदेश दिया। कथा के समापन पर क्षेत्र के विभिन्न



गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर भक्तों ने कथा वाचिका एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यज्ञपति किशन यादव, परीक्षित मनोज यादव सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार उपेंद्र यादव ने कथा वाचिका पूनम यादव का पटका पहनाकर एवं स्मृति स्वरूप तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। समापन के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण भी किया गया।

### बहराइच में प्राणघातक हमले के दो दोषियों को चार साल की कठोर सजा, छह हजार रुपये जुर्माना

**बहराइच।** जिला जज राजेश कुमार सिंह ने प्राणघातक हमला करने के मामले में दो लोगों को दोषी ठहराते हुए चार-चार वर्ष के साश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों पर छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर उन्हें तीन माह अतिरिक्त जेल में रहना पड़ेगा। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता अपराध गिरीश चंद्र शुक्ल ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि कैसरगंज के सिदरखा कुंडासर निवासी राम सिंह 20 नवंबर 2013 को थाने में तहरीर देकर मुकदमा लिखाया कि टेड़वा सरैया निवासी बलराज व देशराज उनके बेटे पप्पू उर्फ धर्मेंद्र कुमार सिंह को मक्का दंवाई करवाने के लिए घर पर बुलाकर ले गये। वहा कुल्हाड़ी मारकर उसे घायल करने के बाद आग में ढकेल दिया था। इससे उनका दाहिनी पैर जल गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया था। अदालत ने मामले का विचारण करने के बाद दोनों आरोपितों को दोषी करार दिया। मंगलवार को सजा पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने दोनों आरोपितों को सजा सुनाई। दोषियों का सजायावी वारंट तैयार कर सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया गया है।

## रजत मुकुट से सजे बाबा जनवारीनाथ, श्रद्धालुओं ने उतारी भव्य आरती

**● पुरुषोत्तम मास के अंतिम सोमवार को हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा धाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ (सुलतानपुर)।** पुरुषोत्तम मास के अंतिम सोमवार को प्रसिद्ध बाबा जनवारीनाथ धाम में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सायंकालीन श्रृंगार आरती के दौरान भगवान शिव का विशेष पूजन-अर्चन कर उनका मनोहारी श्रृंगार किया गया। रजत मुकुट से अलंकृत बाबा जनवारीनाथ के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पूरे मंदिर परिसर में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रृंगार आरती से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके बाद सुगंधित पुष्पों, बेलपत्र और विशेष पूजन सामग्री से बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग और अरघे को भी विशेष रूप से सजाया गया, जिससे पूरा मंदिर अलौकिक आभा से दमक उठा।



करीब डेढ़ घंटे तक चले धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव का पूजन किया और आरती में शामिल हुए। विद्वान आचार्यों के सस्वर मंत्रोच्चार और रुद्राष्टक पाठ से पूरा धाम शिवमय हो गया।

श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर भगवान भोलेनाथ की आराधना करते रहे। इस अवसर पर अमेठी निवासी मुख्य यजमान मनोज बरनवाल ने अपने परिवार सहित विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान गणेश एवं नंदी महाराज का पूजन कर सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना की। अभिषेक के उपरांत बाबा जनवारीनाथ को रजत मुकुट धारण कराया गया, जिसने उनके दिव्य स्वरूप को और अधिक आकर्षक बना दिया। प्रधान आचार्य पंडित रविशंकर शुक्ल के नेतृत्व में आचार्य अमित तिवारी, आचार्य प्रमोद योगी, आचार्य विपिन शुक्ल एवं आचार्य सौरभ मिश्र ने वैदिक रीति से पूजन सम्पन्न कराया। रुद्राष्टक और शिव आरती के सस्वर पाठ के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर भगवान शिव का गुणगान करते रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बाबा जनवारीनाथ धाम सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली यह श्रृंगार आरती क्षेत्र के शिवभक्तों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। इस अवसर पर ट्रस्ट के रणबीर सिंह, कृष्णपाल सिंह, गया प्रसाद मिश्र, शोभनाथ मिश्र, शिवम बरनवाल, शिवम अग्रहरि, सेमन्तक मिश्र, प्रमोद मिश्र, संतराम तिवारी, संदीप गुप्त सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## विकास भवन में 17 से 20 जून तक लगेगा रोजगार मेला

भदोही। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास भवन (डीपीआरसी) ज्ञानपुर में 17 जून से 20 जून 2026 तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में देश और प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी तथा योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश तथा जिलाधिकारी भदोही के अनुपालन में आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों का सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन करने के बाद मेले में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। हालांकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता या मार्ग व्यय देय नहीं होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं से रोजगार मेले में भाग लेकर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने की अपील की है।

## गोरखपुर में बड़ा हादसाः राप्ती नदी में डूबे चार मासूम, तलाश में जुटी एनडीआरएफ, परिजनों में मचा कोहराम



**गोरखपुर।** जिले के माधवपुर क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। राप्ती नदी में नहाने गए चार बच्चों के अचानक डूब जाने की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना की खबर फैलते ही परिजन बदहवास होकर नदी किनारे पहुंच गए, जहां चीख-पुकार और मातम का माहौल देखने को मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चारों बच्चे अन्य साथियों के साथ राप्ती नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान वे नदी के गहरे हिस्से में पहुंच गए और तेज बहाव की चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते चारों बच्चे पानी में लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए मंडलायुक्त अनिक ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ तथा एसडीएम सदर दीपक गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की कमान संभाली। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बच्चों की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम को तत्काल बुलाया गया। एनडीआरएफ के जवान स्थानीय गोताखोरों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर नदी में सघन सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। देर शाम तक बच्चों का कोई पता नहीं चल सका था, जिसके चलते परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे जमा हैं और बच्चों के सकुशल मिलने की प्रार्थना कर रहे हैं। प्रशासन लगातार अभियान पर नजर बनाए हुए है और नदी के कई हिस्सों में खोजबीन कराई जा रही है अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में नदी-तालाबों में नहाने के दौरान विशेष सावधानी बरतें तथा बच्चों को बिना निगरानी के पानी के पास न जाने दें। फिलहाल पूरे जिले की निगाहें राप्ती नदी में चल रहे राहत एवं बचाव अभियान पर टिकी हैं, जहां चार मासूमों की तलाश के लिए समय के खिलाफ जंग जारी है।

# जेसीबी से कराया जा रहा है नरेगा का कार्य दबंगई के साथ बनवाया जा रहा है सड़क

**● अधिकारियों के ऊपर दबाव बनाकर जेसीबी से कार्य करा कर नरेगा की मजदूरी मजदूरों के खाते में डालकर निकालेगे ग्राम प्रधान**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर।** लालगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत सेमरी गांव में दबंग ग्राम प्रधान के द्वारा सरकारी सड़क पर जेसीबी से मिट्टी खुदवा कर ट्राली ट्रैक्टर से मिट्टी दूर से ले जाकर बनवाया जा रहा है सड़क ग्रामीणों ने शिकायत किया तो ग्राम प्रधान ने दंबगयी से लाठी डंडे लेकर जहां से पैमाइश हुआ था वहां से ना बनवा कर दूसरे जगह से बनवाना शुरू कर दिए सड़क पैमाइश वाला पत्थर उखाड़ कर फेंक दिए ग्रामीणों को धमकी देते हुए खुलेआम जेसीबी से बनवा रहे हैं सड़क ब्लॉक से नरेगा मजदूरों के खाते में करेंगे भुगतान ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि कई एक बार वीडियो बनाकर सच्चाई के साथ उनकी शिकायत किया गया लेकिन नहीं हुआ दबंग ग्राम प्रधान के ऊपर कारवाई ग्रामीणों ने बताया कि खुलेआम अधिकारियों के सामने गुंडई से बनवाई जा रही सड़क एक तरफ सरकार मजदूरों को रोजगार देने की बात कर रही है वहीं दूसरी तरफ दबंग ग्राम प्रधान मजदूरों को पेट पर मारते हुए जेसीबी से करवा रहे है। काम अपने चहते लोगों के खाते में डलवा कर पैसा भरवा कर मास्टर रोल निकाल लेंगे नहीं होगा ऐसे भ्रष्ट ग्राम प्रधान के ऊपर कोई कार्रवाई ग्रामीणो ने वीडियो बनाकर जिले के आला अधिकारियों को भी कराया अवगत लेकिन नहीं हुआ ग्राम प्रधान के उपर कोई कार्रवाई मौके पर प्रधान कर रहा है दबंगई और गुंडागर्दी जिला प्रशासन से ग्रामीणों का मांग है कि ऐसे भ्रष्ट ग्राम प्रधान के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो ताकि यह दोबारा इस तरीके की भ्रष्टाचार ना करें।



## हरपुर बुदहट में किशोरी को लेकर फरार हो रहा प्रेमी पकड़ा गया

**सहजनवां गोरखपुर:** जिले के हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र में एक किशोरी को लेकर फरार होने की कोशिश कर रहे युवक को परिजनों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी सोमवार की सुबह करीब पांच बजे घर से शौच के लिए निकली थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटी तो परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। किशोरी की खोजबीन करते हुए परिजन संतकबीरनगर जनपद की सीमा में स्थित शिवापार क्षेत्र तक पहुंच गए। वहां उन्होंने देखा कि गांव का ही एक युवक राजकपूर चौहान पुत्र कालीचरण चौहान किशोरी को अपनी बाइक पर बैठाकर कहीं ले जा रहा था। यह दृश्य देखते ही परिजनों ने तत्काल उसका पीछा किया और दोनों को रोक लिया। परिजनों ने युवक को पकड़कर मौके पर ही पूछताछ की और बाद में किशोरी के साथ उसे हरपुर-बुदहट पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और किशोरी को अपने संरक्षण में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

# बेलन बरौधा मे पड़ा है आधा अधूरा कार्य आधे अधूरे कार्य से नाराज है ग्रामीण




**● फर्जी काम दिखाकर कराया गया है ज्यादा से ज्यादा भुगतान धरातल पर नहीं है पूर्ण काम**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलन बरौधा मे 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी आधे अधूरे पड़े हैं कार्य नहीं हुआ है कोई पूरा कार्य सिर्फ फर्जी वाउचर लगाकर कराया गया है जबरदस्त भुगतान आधे अधूरे कार्य से नाराज हैं ग्रामीण पूर्ण कराने का कौन है जिम्मेदार सिर्फ कागज पर दिखाया गया है काम पूर्ण लेकिन धरातल पर नहीं है पूर्ण कार्य ग्रामीणों ने किया जांच की मांग शिकायत करने के बाद भी अधिकारी करते हैं हीला हवाली ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि तमाम शिकायत के बाद अधिकारी बताते है कहानी यहां चले जाओ वहां चले जाओ कहीं जाने पर नहीं होता है कार्रवाई जबकि ग्राम पंचायत का जांच किया जाए तो कोई भी कार्य पूर्ण नहीं किया गया सिर्फ आधा अधूरा कर भुगतान कर लिया गया है सचिव करते हैं अपने मनमानी फोन लगाने पर नहीं उठता सचिव का फोन कौन है इसका जिम्मेदार ग्रामीणों का जिला प्रशासन से मांग है कि एक बार ग्राम पंचायत बेलन बरौधा के कार्य का किया जाए जांच तब खुलेगा ग्राम पंचायत के कार्य का पोल।

# बिना नंबर प्लेट के खनन सामग्री ढो रहे डंपर पर पुलिस की कार्रवाई, वाहन सीज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोलाबाजार गोरखपुर:** गोला थाना क्षेत्र के विमुटी में बिना नंबर प्लेट के खनन सामग्री का परिवहन कर रहे एक डंपर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार, क्षेत्राधिकारी गोला दरवेश कुमार ने वाहन जांच के दौरान डंपर को पकड़ा। जांच में पाया गया कि वाहन बिना नंबर प्लेट के संचालित किया जा रहा था। प्राप्त विवरण के अनुसार पकड़े गए डंपर पर बड़हलगंज थाना, गीडा क्षेत्र का चिन्हांकन भी अंकित था। सामान्यतः खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के संबंध में जिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत उनके संचालन की अनुमति होती है, वहां वाहन और उसके दस्तावेजों का विवरण दर्ज रहता है। ऐसे में गोला क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के वाहन का संचालन संदिग्ध प्रतीत होने पर क्षेत्राधिकारी द्वारा वाहन को रोककर जांच की गई और आवश्यक कार्रवाई की गई। उक्त वाहन पर बड़हलगंज थाना गीडा लिखा हुआ पाया गया, जबकि वाहन गोला थाना क्षेत्र में संचालित हो रहा था। वाहन के दस्तावेजों एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच के बाद पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए डंपर को सीज कर दिया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी गोला दरवेश



कुमार ने कहा कि यातायात नियमों और खनन से संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बिना नंबर प्लेट अथवा नियमों के विपरीत संचालित होने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। क्षेत्र में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# ब्लाक मुख्यालय पर चल रहे तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का हुआ समापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीखड़ मीरजापुर,** विकास खण्ड मुख्यालय पर चल रहे तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का मंगलवार को हुआ समापन। जिसमें सुशासन प्रधानमंत्री के द्वारा 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष मे सीखड़ विकास खण्ड के सभागार कक्ष मे रविवार से चल रहे तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ व्लाक प्रमुख छत्रपति सतेन्द्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे स्वास्थ्य विभाग, बाल एवं पुष्टाहार विभाग,कृषि विभाग, शिक्षा विभाग , और अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को स्टाल पर लगे सामग्री के गुणो के बारे मे बताते हुए योजनाओं से लाभान्वित होने की बात बताई गई। बाल एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा सीडीपीओ डॉ नीलू मिश्रा के आदेशानुसार मुख्य सेविका रेनू मौर्या के कुशल नेतृत्व मे आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो ने हरे साग सब्जी, मौसमी फल,सैजन पत्ती ,चना गुड़ जैसे पौष्टिक सामग्री का स्टाल लगाकर उपस्थित महिलाओ को उसके गुणो के बारे में विन्दुवार जानकारी दी तथा गर्भवती महिलाओ को नियमित रुप से पौष्टिक सामग्री का सेवन करने के लिए कार्यकत्रीयो ने बताई, वहीं आए हुए अतिथियो ने सभी स्टालो पर पहुंच कर संबंधित स्टालो पर लगे सामानो के बारे में जानकारी लिया।



इस दौरान व्लाक प्रमुख छत्रपति सतेन्द्र कुमार सिंह, मण्डलअध्यक्ष विजय कुमार सिंह भारद्वाज, मण्डल मंत्री अनूप कुमार सिंह, मण्डल मंत्री नीरज कुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी श्री राम जी मिश्रा, एडीओ पंचायत अरूण कुमार मिश्रा खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार राय, एडीओ आईएसबी मुरली श्याम, एडीओ एजी रोहित सिंह, एडीओ समाज कल्याण विनोद कुमार शुक्ला, डॉ विन्धबहादुर सिंह, तथा ग्राम सचिव, एवं शिक्षा विभाग के अध्यापक ,अध्यापिका सहित सभी विभागों के स्टाप उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर दिया जोर

**» विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में सीडीओ सत, समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के दिए निर्देश**

**» आवास, पोषण, हर घर जल और स्कूल चलो अभियान की प्रगति पर सीडीओ ने की विस्तृत समीक्षा, विकास प्रदर्शनी के सफल आयोजन के दिए निर्देश**

**» सूचना विभाग द्वारा 17 से 20 जून तक लगेगी विकास प्रदर्शनी, जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलधियां होंगी प्रदर्शित**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** जनपद में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा हेतु मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वीबीजी रामजी कार्यक्रम, जनगणना की तैयारियों, लू (हीट वेव) से बचाव संबंधी व्यवस्थाओं, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं, फैमिली आईडी निर्माण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य तथा पोषण अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। सीडीओ ने निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने लाभार्थीपरक योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को समय से लाभान्वित करते हुए लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में स्कूल चलो अभियान, हर घर जल नल योजना, गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, पशुपालन विभाग की गतिविधियों तथा क्षेत्र पंचायतों द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा, पेयजल एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त ऑडिट आपत्तियों, शासन एवं परिषद संदर्भों, विभिन्न आयोगों से प्राप्त प्रकरणों, जन शिकायतों, आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित मामलों तथा न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

बैठक में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। सीडीओ ने अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए योग कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सूचना विभाग द्वारा 17 जून से 20 जून तक आयोजित की जाने वाली विकास प्रदर्शनी की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों की जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं, उपलब्धियों तथा नवाचारों को आकर्षक एवं प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करें, ताकि आमजन को शासन की योजनाओं एवं उनके लाभों की समुचित जानकारी प्राप्त हो सके। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में जिला परिजना अधिकारी आदित्य, जिला विकास अधिकारी सपना अवस्थी, अधिशासी अभियंता जल निगम लालजी, खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मुहर्रम को लेकर सीओ ने की पीस कमेटी की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सुरियावां।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना सुरियावां परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी भदोही सुमित त्रिपाठी ने की। इसमें ताजियादारों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों एवं डिजिटल वॉलंटियरों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने की अपील की। साथ ही स्पष्ट किया कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जाएगा तथा सड़क अवरुद्ध कर कोई आयोजन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं। असामाजिक एवं अराजक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर है



और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। आपत्तिजनक, भ्रामक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान ताजियादारों ने कुछ स्थानों पर मार्ग और विद्युत व्यवस्था से संबंधित समस्याओं को उठाया। इस पर क्षेत्राधिकारी ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधिकारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ की मौत




**चुनार, मीरजापुर।** मंगलवार को दोपहर करीब 2:30 बजे चुनार रेलवे स्टेशन पर डीएफसी लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 60 वर्ष का शव मिला।

जिसकी मृत्यु मालगाड़ी की चपेट में आने से हो गई है। शव की पहचान नहीं हो पाई है।मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में स्वरोजगार योजनाओं की दी गई जानकारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के अंतर्गत मंगलवार को विकासखंड सभागार भदोही में उद्योग विभाग की ओर से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला रहे। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों, महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने लोगों से योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

उपायुक्त उद्योग ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) वित्त पोषण योजना, एक उत्पाद एक व्यंजन योजना सहित अन्य स्वरोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी। वहीं खंड विकास अधिकारी ने ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के चयनित लाभार्थियों को सिलाई मशीन सहित विभिन्न टूलकिट वितरित किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत तीन लाभार्थियों को क्रमशः 25 लाख, 20 लाख और 5 लाख रुपये के डेमो चेक प्रदान किए गए। लाभार्थियों ने सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया तथा नियमित योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में जनपद में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न विभागों द्वारा विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, लाभार्थी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# योग से शरीर की अनेक व्याधियों से मिलती है मुक्ति- योगी राम ध्यान आर्य

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार,मिर्जापुर।** 16 जून भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आर.टी.सी. किला ग्राउंड चुनार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित छह दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। शिविर के प्रथम दिवस नगर के प्रबुद्ध नागरिकों एवं योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।शिविर को संबोधित करते हुए पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी योगी राम ध्यान आर्य ने योग एवं प्राणायाम की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति योग और प्राणायाम को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लेता है, वह अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से मुक्ति प्राप्त कर सकता है।नियमित योगाभ्यास से मोटापा,गैस, कब्ज,सर्दी-जुकाम,एलर्जी, उच्च रक्तचाप,तनाव एवं अवसाद जैसी समस्याओं में विशेष लाभ मिलता है।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शरीर के लिए भोजन आवश्यक है,उसी प्रकार शरीर,मन एवं आत्मा के संतुलित विकास के लिए



प्राणायाम आवश्यक है।योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं,बल्कि मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का भी सशक्त साधन है।कार्यक्रम का संचालन अनिल गुप्ता ने किया। शिविर में प्रमुख रूप से कमलाकर गुप्ता,पंकज सिंह,दीनानाथ गुप्ता,अवधेश वर्मा,शिवपूजन साहू,माखन लाल सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं योग साधक उपस्थित रहे।पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित यह योग शिविर 21 जून तक प्रतिदिन प्रातःकाल 5:30 से 6:30 बजे तक संचालित किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक लोगों से सहभागिता करने का भी आह्वान किया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में 01 शातिर गो-तस्कर घायल सहित 03 गिरफ्तार

**● कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा मय कारतूस, 05 राशि गो-वंश व एक अदद पिकअप वाहन बरामद**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर विंध्याचल।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा पुरस्कार घोषित। इनामिया गो-तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षगण को निर्देश दिए गये हैं उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना विंध्याचल पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । आज दिनांक:16.06.2026 को थाना विंध्याचल पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि पिकअप वाहन से गो-वंश ले जाया जा रहा है थाना विंध्याचल पुलिस टीम द्वारा गैपुरा से पिकअप वाहन का पीछा किया गया तो अभियुक्तगण लालगंज की तरफ भागे । उक्त वाहन को प्रभारी निरीक्षक थाना विन्ध्याचल, चौकी प्रभारी गैपुरा व अष्टभुजा मय पुलिस टीम के साथ लालगंज रोड पर दादर पहाड़ी के पास घेराबन्दी की गयी तो अभियुक्तों द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किये परन्तु थाना विंध्याचल पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी सीमित कार्यवाही की गयी, जिसमें एक गो-तस्कर को गोली लगी जो गिर कर कराहने लगा एकाएक धावा बोलकर घायल सहित दो अन्य गो-तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया । उनका नाम पता पूछा गया तो घायल अभियुक्त ने अपना नाम रोहित यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी बलौनी खुर्द पोस्ट बसिला थाना चन्दौली जनपद चन्दौली बताया जिसके दाहिने पैर में गोली लगी है।तथा अन्य अभियुक्तों द्वारा अपना नाम पता क्रमशः 2.अशोक यादव पुत्र रामाश्रय यादव निवासी ग्राम डोहिल थाना चंदौली जनपद चंदौली 3.राजीव तिवारी पुत्र आसाराम तिवारी निवासी नौगांव देवीपुर पोस्ट नदिनी थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर बताया गया, जिनकी तलाशी ली गयी तो घायल अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस .315 बोर, तथा अन्य के कब्जे से पिकअप वाहन तथा वध हेतु ले जाए जा रहे कुल-05 राशि गो-वंश बरामद किया गया घायल गिरफ्तार अभियुक्त रोहित उपरोक्त को पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया है, जहां उसकी स्थिति सामान्य है । उक्त के सम्बन्ध में थाना विंध्याचल पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है



**पूछताछ का विवरण–** पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग गो-तस्करी करते है तथा बिहार में ले जाकर बेचते है।

**पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण**

1.रोहित यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी बलौनी खुर्द पोस्ट बसिला थाना चन्दौली जनपद चन्दौली ( पुलिस मुठभेड़ में घायल)।

2.अशोक यादव पुत्र रामाश्रय यादव निवासी ग्राम डोहिल थाना चंदौली जनपद चंदौली।

3.राजीव तिवारी पुत्र आसाराम तिवारी निवासी नौगांव देवीपुर पोस्ट नदिनी थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।

**विवरण बरामदगी**

01 अदद देशी तमंचा .315 बोर, 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस .315 बोर।

05 राशि गोवंश बरामद।

पिकअप वाहन संख्या- UP 64 CT 6282।

## संक्षिप्त खबरें

### तमंचे की नोक पर बदमाशों ने मोबाइल व ब्लूटूथ लूटकर हुए फरार



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के इंदलपुर कब्रिस्तान के समीप मंगलवार को रैपीडो बाइक में काम करने वाले एक कर्मचारी को बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे की नोक पर मोबाइल व ब्लूटूथ लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने घटित वारदात की तहरीर पुलिस को दी है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित चकदोदी, प्रयागपुरम निवासी पत्रकार अखिलेश कुमार शुक्ला के बड़े भाई अनिल कुमार शुक्ला पुत्र जगजीवन शुक्ला रैपीडो बाइक टैक्सी में काम करते हैं। मंगलवार भोर लगभग 4:30 बजे वह बाइक लेकर गंगोत्री नगर स्थित सवारी को लेने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह इंदलपुर कब्रिस्तान के समीप पहुंचे। बताते हैं कि फिल्मी स्टाइल में एक बाइक पर तीन शातिर बदमाश ओवर टेक कर बाइक को रोक लिए। पहले वह कुछ समझ पाते, तब तक बाइक सवार बदमाशों में एक शातिर ने तमंचा सटा दिया और मोबाइल व ब्लूटूथ लूट कर फरार होने लगे। इसके बावजूद पीड़ित अनिल कुमार शुक्ला ने बाइक सवार बदमाशों का काफी दूर तक पीछा किया, लेकिन वह सभी चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहे। किसी तरह वह अपने परिजनों को घटित वारदात की सूचना दिए। बता दें कि नैनी कोतवाली क्षेत्र इलाके में बीते कई महीनों के दौरान अब तक एक-एक कर चोरी छिनैती की कई घटनाएं घटित हो चुकी है। पीड़ित ने बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए नैनी कोतवाली में तहरीर दी है।

### 15 यूपी बटालियन एनसीसी के 303 कैडेट्स ने 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण की



**ब्यूरो प्रयागराज**-15 यूपी बटालियन एनसीसी के 303 कैडेट्स ने प्रतिष्ठित एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बटालियन से संबद्ध विभिन्न शिक्षण संस्थानों के इन कैडेट्स ने प्रशिक्षण अवधि के दौरान उत्कृष्ट समर्पण, अनुशासन और परिश्रम का परिचय दिया। परीक्षा में ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सेवा, राष्ट्रीय एकता तथा सैन्य जागरूकता सहित विभिन्न विषयों का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर 15 यूपी बटालियन एनसीसी की कमांडिंग ऑफिसर, कर्नल ऋतु श्रीवास्तव रावत, ने सभी सफल कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स (ए.एन.ओ.), स्थायी प्रशिक्षण स्टाफ (पी.आई. स्टाफ.), केयरटेकर ऑफिसर्स तथा संबंधित शिक्षण संस्थानों के योगदान की भी सराहना की। अपने उद्बोधन में कर्नल ऋतु श्रीवास्तव रावत ने कहा, 'यह उपलब्धि हमारे कैडेट्स के अनुशासन, समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। 'बी' प्रमाणपत्र उनके व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें जिम्मेदार नागरिक और राष्ट्र के भावी नेतृत्वकर्ता बनने के लिए तैयार करता है। 'यह सफलता बटालियन की राष्ट्र निर्माण के लिए अनुशासित, जिम्मेदार एवं देशभक्त युवाओं के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# कुकुरकटवा गांव में तिहरा हत्याकांड

**● एक ही परिवार के तीन लोगों की सोते समय हत्या**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मेजा/प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र स्थित कुकुरकटवा गांव में सोमवार रात हुए तिहरे हत्याकांड ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक ही परिवार के तीन लोगों की बेरहमी से हत्या किए जाने से गांव में सनसनी फैल गई है। मृतकों में 65 वर्षीय श्यामलाल गुप्ता उर्फ कल्लू, उनकी भाभी अमरावती (58) तथा इंद्रावती (55) शामिल हैं। तीनों के शव मंगलवार सुबह घर के बाहर और आंगन में खून से लथपथ अवस्था में मिले। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि हमलावरों ने सोते समय कुल्हाड़ी, लोहे की रॉड या किसी भारी धारदार हथियार से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या की है। वारदात की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि घटनास्थल पर चारों ओर खून बिखरा पड़ा था। वहीं मृतक श्यामलाल के छोटे भाई नींबू लाल ने बताया कि सोमवार रात परिवार के सभी लोगों ने एक साथ भोजन किया था। रात करीब नौ बजे सभी सोने चले गए। वह अपने कमरे में सोए थे, जबकि बड़े भाई श्यामलाल, उनकी पत्नी सरस्वती, भाभी अमरावती और इंद्रावती घर के बाहर और आंगन में सो रहे थे। मंगलवार सुबह जब वह कमरे से बाहर निकले तो चारपाई के पास श्यामलाल का शव पड़ा मिला। उनके सिर से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ था। कुछ दूरी पर अमरावती और इंद्रावती के शव भी पड़े मिले। यह दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई।

**घर में मौजूद चौथी महिला बची**

घटना के समय घर में कुल चार लोग मौजूद थे। इनमें एक लगभग 60 वर्षीय महिला भी थी, जो सुरक्षित पाई गई। पुलिस के अनुसार महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ है। पुलिस उससे भी पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। परिजनों के मुताबिक, लगभग 15 दिन पहले आरोपी युवक ने उनके घर की एक युवती को लेकर परिवार को धमकी दी थी। इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से भी की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब परिवार का आरोप है कि उसी रंजिश में इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मेजा थाना पुलिस, वरिष्ठ अधिकारी तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। डीसीपी यमुनापार विवेक चंद्र यादव ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर पड़ोस में रहने वाले युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। आरोपी की तलाश में कई टीमें गठित की गई हैं।

### कौशांबी में बाइक पर पीछे बैठे बेटे ने पिता की गोली मारकर की हत्या

**कौशांबी।** सफाई कर्मी रामनरेश कोरी के हत्यारोपित बेटे राहल को अपने पिता की आदतें नापसंद थीं। इसे लेकर पिता-पुत्र के बीच अक्सर झगड़ा होता था। राहुल गोली मारने की धमकी देता था पर, रामनरेश हर बार उसे नजर अंदाज कर देते थे। यहीं भूल आखिरकार राम नरेश के लिए अंतिम साबित हुई। छत्तूपुर मजरा कैनी निवासी रामनरेश के हंसते-खेलते परिवार में तीन पहले पहले ही संकट आ गया था। सफाई कर्मी की सरकारी नौकरी के साथ ही पैतृक खेती से गृहस्थी की गाड़ी दौड़ रही थी। तीन साल पहले राम नरेश को न जाने क्या हुआ उन्होंने पत्नी सुधा देवी, बड़े बेटे राहुल, 14 वर्षीय अरुण कुमार व 10 वर्षीय अंकुज से दूरी बनाना शुरू कर दिया। वह ड्यूटी से घर जाने के बाद परिवार के साथ नहीं रहते थे। बड़ी बेटी बिट्टन 18 साल की है। बेटी की शादी की चिंता भी राम नरेश को नहीं थी। वह अक्सर पट्टीदारों के यहां ही भोजन करते थे। दिवंगत रामनरेश के भतीजे गोरेलाल की मानें तो चाची का व्यवहार ठीक नहीं था। इसी वजह से राम नरेश ज्यादा मतलब नहीं रखते थे। चाची के उकसाने पर राहुल अक्सर उनके पैसों की मांग करता था। पैसे नहीं मिलने पर गोली मारने की धमकी देता था। इसी के अलावा परिवार की एक महिला को लेकर पत्नी को शक था।

### 500 रुपये के विवाद में दुकानदार को पैर में मारी गोली,आरोपी फरार, पुलिस जांच में जुटी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के दक्षिणी लोकपुर में बकाया रुपये के विवाद को लेकर एक दुकानदार को पैर में गोली मारने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार रात की है। गोली लगने से दुकानदार घायल हो गया, जिसे परिजनों ने तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।जानकारी के अनुसार, दक्षिणी लोकपुर निवासी अनिल कुमार सिंह, पुत्र स्वर्गीय सूर्य नारायण सिंह, किराना दुकान चलाते हैं। पड़ोस में रहने वाले शिवम शर्मा पर करीब 3,000 रुपये लंबे समय से बकाया थे। दुकानदार कई बार शिवम से रुपये मांग चुका था, लेकिन भुगतान नहीं किया जा रहा था।सोमवार को शिवम रुपये देने के लिए दुकान पर पहुंचा और 3,000 रुपये की जगह 2,500 रुपये देने लगा। इस पर अनिल कुमार सिंह ने पूरा बकाया भुगतान करने की बात कही। शिवम ने शेष 500 रुपये बाद में देने की बात कही, जिसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।विवाद बढ़ने पर आरोप है कि शिवम शर्मा ने तमंचे से अनिल कुमार सिंह पर गोली चला दी। गोली उनके पैर में घुटने के नीचे लगी और आर-पार निकल गई। गोली लगते ही अनिल जमीन पर गिर पड़े, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया।गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। इससे पहले परिजन घायल दुकानदार को इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल ले गए,।सूचना मिलने पर नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर घायल, परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तलाश शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ममता ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा: भवानीपुर में हार पर रार

**● मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की जीत को दी चुनौती**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव नतीजों को कानूनी चुनौती दी है। इस सीट पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल के वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने उन्हें शिकस्त दी थी। ममता बनर्जी ने इस चुनावी हार के खिलाफ हाईकोर्ट में एक चुनाव याचिका दायर की है। 2026 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को अपने इस पुराने गढ़ में करारी हार का सामना करना पड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने 15,105 मतों के अंतर से पराजित किया। इस अप्रत्याशित हार ने राज्य के राजनीतिक समीकरणों को पूरी तरह बदल दिया है। इस चुनावी नतीजे के बाद से ही टीएमसी खेमे में भारी असंतोष और बेचैनी देखी जा रही है। पहले विधायकों ने और अब सांसदों ने भी बगावत कर दी है। हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका में ममता बनर्जी ने बेहद गंभीर मांगें रखी हैं। कानूनी याचिका के जरिए उन्होंने भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र के सभी चुनाव संबंधी रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने का आग्रह किया है। इसमें मतदान से जुड़े दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ईवीएम शामिल हैं। ममता बनर्जी का कहना है कि इन उपकरणों और दस्तावेजों को तुरंत सील किया जाए ताकि इनके साथ कोई छेड़छाड़ या इन्हें नष्ट न किया जा सके। साल 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट पर मिली करीबी हार को तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने स्वीकार नहीं किया था। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी की जीत को सीधे कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी। ममता बनर्जी का आरोप था कि वोटों की गिनती में धांधली की गई है, इसलिए उन्होंने नंदीग्राम में फिर से मतगणना कराने की मांग की थी। इस हाई-प्रोफाइल मामले के शुरुआती जज ने ममता बनर्जी पर अदालत का समय खराब करने के आरोप में ?5 लाख का जुर्माना भी लगाया था, जिसके बाद मामले की सुनवाई दूसरी बेंच को सौंप दी गई। यह कानूनी लड़ाई आज भी अदालत में जारी है। हाल ही में हुए 2026 के विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को भवानीपुर सीट से भी हरा दिया है। इस नई हार के बाद ममता बनर्जी ने एक बार फिर चुनावी नतीजों को खारिज करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट में दूसरी याचिका दायर कर दी है। इसके चलते अब उच्च न्यायालय में ममता बनर्जी बनाम शुभेंदु अधिकारी के दो अलग-अलग चुनावी विवादों पर एक साथ कानूनी सुनवाई चल सकती है।

### '2 नवंबर तक निषादों को दिलाएं आरक्षण, नहीं तो छोड़ें मंत्री की कुर्सी', मुकेश सहनी का संजय निषाद को अल्टीमेटम

**प्रयागराज।** विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता पक्ष को घेरने की तैयारी तेज हो गई है। इसके तहत विकासशील इंसाफ पार्टी (वीआइपी) के संस्थापक व बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने निषादों के लिए आरक्षण की मांग बुलंद की है। सोमवार को एक होटल में निषाद समाज के लोगों के साथ बैठक करके आंदोलन की रूपरेखा तय की। उन्होंने कहा, निषादों को आरक्षण दिलाने के लिए गांव-गांव, शहर-शहर यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए उन्होंने निषाद पार्टी (निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल) के अध्यक्ष व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद से समर्थन मांगा। कहा, वह दो नवंबर तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर निषाद समाज को आरक्षण दिलाएं। आरक्षण दिलाने में असमर्थ होने पर मंत्री की कुर्सी छोड़ दें। अगर कुर्सी नहीं छोड़ेंगे तो निषाद समाज से उन्हें वोट न देने की अपील की जाएगी। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा की शुरुआत होगी। दो नवंबर तक प्रदेशभर में यात्रा भ्रमण करेगी। यात्रा गोरखपुर, प्रयागराज अथवा लखनऊ में से किसी शहर से शुरू की जाएगी।

### बसंत के पूरा में जलभराव से लोग परेशान, पार्षद और नगर निगम के खिलाफ बढ़ा आक्रोश



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के चाका स्थित बसंत के पूरा में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों में क्षेत्रीय पार्षद और नगर निगम के प्रति भारी नाराजगी व्याप्त है। लोगों का कहना है कि सड़क पर लगातार जलभराव रहने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और उन्हें रोजाना भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय निवासियों ने बताया कि सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यदि किसी व्यक्ति की तबीयत अचानक खराब हो जाए या कोई आपात स्थिति उत्पन्न हो जाए, तो वहां तक वाहन पहुंचाना भी बेहद मुश्किल हो जाता है। जलभराव के कारण पैदल चलना तक दूभर हो गया है और लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इस समस्या की शिकायत कई बार क्षेत्रीय पार्षद और नगर निगम के अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लगातार अनदेखी से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना या आपात स्थिति से बचा जा सके।

## इफको कोरडेट भारतीय कृषि में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं: बाल्मीकि त्रिपाठी

**● कोरडेट की 92वीं प्रबंध समिति बैठक संपन्न**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** कोरडेट की 92वीं प्रबंध समिति बैठक कोरडेट फूलपुर में संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता करते हुए वाल्मीकि त्रिपाठी ने कहा कि कोरडेट निरंतर अपनी गतिविधियों को क्षेत्र में संचालित कर रहा है और निरंतर प्रगति कर रहा है। इफको और कोरडेट भारतीय कृषि में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं और निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को जागरुक भी कर रहे हैं। बैठक के संयोजक डा0 विवेक दीक्षित नवनियुक्त प्रधानाचार्य, ने कॉर्डेट प्रबंध समिति के सदस्य गणों का स्वागत किया , कॉर्डेट फूलपुर के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. डी.के .सिंह ने कॉर्डेट फूलपुर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा सदस्य कुलमनी माझी (प्रधानाचार्य, कोरडेट पारादीप) एवं डॉक्टर अरविंद ढाका प्रधानाचार्य, कोरडेट आंवला) ने अपने-अपने केंद्रों की वार्षिक प्रगति आख्या, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कृषि विस्तार गतिविधियों का विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत की।

संयुक्त कृषि निदेशक प्रयागराज अनिल सागर एवं अन्य वरिष्ठ सदस्यों भरत त्रिपाठी, अभय चौधरी, आर. पी. सिंह बघेल, राजदत्त पाण्डेय, पद्मश्री राम सरन वर्मा, सचिव कोरडेट एवं राज्य वितरण प्रबंधक इफको लखनऊ यतेंद्र तेवतिया और इफको फूलपुर के इकाई प्रमुख पी0 के0 सिंह ने रिपोर्ट की सराहना की और ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक के अंत में संयोजक डा0 विवेक दीक्षित द्वारा अध्यक्ष और सभी सम्मानित सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने और बहुमूल्य मार्गदर्शन देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसी क्रम में कॉर्डेट फूलपुर के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. डी.के. सिंह के उनके पदोन्नति उपरांत प्रयागराज क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक बनाए जाने पर विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। प्रबंध समिति के सदस्यों कॉर्डेट के समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने डॉ. सिंह को माल्यार्पण करके सम्मान किया। और साथ ही नव नियुक्त प्रधानाचार्य डॉ. विवेक दीक्षित के कोरडेट फूलपुर के प्रधानाचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण की बधाई भी समिति सदस्यों एवं कर्मचारियों ने दी।

## मंसुरपुर चौराहे से युवती को जबरन वाहन में बैठाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बहरिया, प्रयागराज।** थाना बहरिया पुलिस ने युवती के अपहरण के प्रयास और जबरन वाहन में बैठाकर ले जाने के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सोमवार को थाना क्षेत्र के बाबूगंज स्थित नहर पुलिया के पास से पकड़ कर उनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अरविन्द कुमार पटेल उर्फ सोनू (21 वर्ष) पुत्र रामचरन पटेल तथा मोनू पटेल (22 वर्ष) पुत्र राधेश्याम पटेल, निवासी ग्राम चकिया धमौर, थाना बहरिया, कमिश्नरेट प्रयागराज के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 14 जून 2026 को मंसुरपुर चौराहे के पास आरोपियों ने एक युवती को जबरन अपने वाहन में बैठा लिया था। युवती द्वारा शोर-शराबा करने पर आरोपी उसे कुछ दूरी तक ले गए और बाद में छोड़कर फरार हो गए थे। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना बहरिया में मुकदमा अपराध संख्या 112/2026, धारा 87 एवं 351(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर थाना बहरिया पुलिस टीम ने सोमवार को बाबूगंज नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर दोनों वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

### जयचंद के किले पर मुस्लिम समाज के मातम के बाद अब पासी समाज ने जताया मालिकाना हक

**कौशांबी।** राजा जयचंद्र के किले पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा मातम करने का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि पासी समाज के लोगों ने किले अपने महापुरुष कड़ेदीन पासी का बताकर सनसनी फैला दी। सोमवार को किले में बड़ी संख्या में जुटे समाज के लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया। सूचना पर एसडीएम सिराथू योगेश कुमार गौड़, सीओ सत्येंद्र तिवारी, सैनी व कड़ाधाम थाने की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे व ज्ञापन लेकर धरना दे रहे लोगों को वहां से हटाया। इतिहास के पन्नों के मुताबिक कन्नौज के गहड़वाल वंश के राजा जयचंद्र ने 1170 ईशा में अपने सैनिकों के ठहराव के लिए कड़ा में किला बनवाया था। पिछले दिनों पुरातत्व विभाग ने भी किले को संरक्षित किया। रविवार को इंटरनेट मीडिया एक वीडियो पोस्ट हुआ। इसमें कुछ मुस्लिम समाज के लोग मातम करते दिख रहे हैं। युवकों के हाथ में इस्लामिक झंडा भी है। यह वीडियो किसी अंजना कबीर की इंस्टाग्राम आइडी से पोस्ट किया गया था। सोमवार को वीडियो संज्ञान में आने के बाद बड़ी संख्या में किले पर पासी समाज के लोग पहुंच गए व धरना-प्रदर्शन करने लगे। लोगों का कहना था कि किला राजा जयचंद्र का नहीं बल्कि उनके समाज के महापुरुष कड़ेदीन पासी ने बनवाया था।इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस व प्रशानिक गलियारे में खलबली मच गई।

## आरएसएस के रजिस्ट्रेशन, कानूनी दर्जे, फंडिंग का हिसाब दें'- प्रियांक खड़गे का ख़त

**● भागवत बोले- ज़रूरी नहीं**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** आरएसएस के रजिस्ट्रेशन, कानूनी दर्जे और फंडिंग जैसी डिटेल को लेकर जो सवाल काफी पहले से उठते रहे हैं उसको लेकर कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने अब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिख डाला है। इसमें उन्होंने संगठन से अपने कानूनी दर्जे, रजिस्ट्रेशन, फंडिंग के स्रोत और खर्च का पूरा ब्योरा देने को कहा है। प्रियांक खड़गे ने लिखा है कि आरएसएस बहुत बड़ा संगठन है। इसकी 60 हज़ार से ज्यादा शाखाएं चल रही हैं। इतना बड़ा संगठन कानून से ऊपर नहीं रह सकता। प्रियांक खड़गे ने 2025-26 के अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा यानी एबीपीएस रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कर्नाटक में 4127 रोजाना शाखाएं, 1389 साप्ताहिक मिलन, 60 मासिक मंडलियां, 2194 समाजोत्सव (19.6 लाख लोग शामिल), 562 रूट मार्च (2.21 लाख से ज्यादा वर्दीधारी स्वयंसेवक) होते हैं। उन्होंने कहा, 'इन सभी आंकड़ों को मिलाकर देखें तो पता चलता है कि कर्नाटक में एक बहुत बड़ा और गहराई तक फैला हुआ नेटवर्क काम कर रहा है। यह नेटवर्क रोज़ाना कैडर बनाने, हर हफ़्ते और महीने लोगों तक पहुँचने, बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों और वर्दी पहनकर रूट मार्च करने जैसे काम करता है।' उन्होंने कहा, 'संविधान वाले लोकतंत्र में कोई भी संगठन, चाहे कितना भी पुराना या बड़ा हो, जांच से ऊपर नहीं हो सकता। आरएसएस राष्ट्रवाद, अनुशासन और कर्तव्य की बात करता है तो उसे खुद इन मूल्यों को दिखाना चाहिए।' प्रियांक खड़गे ने कहा कि आरएसएस को अपने शताब्दी वर्ष में सिर्फ जश्न नहीं मनाना चाहिए, बल्कि संवैधानिक जवाबदेही भी दिखानी चाहिए। प्रियांक ने आगे कहा, 'हम आरएसएस से आग्रह करते हैं कि वह अपने अधिकृत पदाधिकारियों को भेजे ताकि वे उन क़ानूनी आधारों को समझा सकें, जिनके तहत इतने बड़े पैमाने का संगठन बिना किसी औपचारिक क़ानूनी पहचान या लागू क़ानूनों के तहत 'व्यक्तियों के समूह' के तौर पर पंजीकृत हुए बिना, गुमनाम रहकर काम करता आ रहा है। 'आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया। केरल में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'आरएसएस को रजिस्ट्रेशन की ज़रूरत नहीं है क्योंकि यह सरकार से कोई फंड नहीं लेता। पिछले 100 साल से संगठन बिना रजिस्ट्रेशन के काम कर रहा है। पहले किसी ने भी यह सवाल नहीं उठाया। हिंदू धर्म भी रजिस्टर्ड नहीं है। कई अन्य संस्थाएं भी बिना रजिस्ट्रेशन के काम करती हैं। जो संगठन सरकारी फंड लेते हैं, उन्हें रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है। हम नहीं लेते। 100 साल से ज़्यादा समय में किसी ने हमसे नहीं कहा कि हमें रजस्टर्ड होना ही होगा।' भागवत ने प्रियांक के सवालों को राजनीतिक हथकंडा बताया और कहा कि लोगों के मन में भ्रम पैदा करने की कोशिश की जा रही है।आरएसएस औपचारिक रूप से किसी सोसाइटी, ट्रस्ट या एनजीओ के रूप में रजिस्टर्ड नहीं है। इसे 'व्यक्तियों का संघ' यानी एसोसिएशन ऑफ़ इंडिविजुअल्स माना जाता है। आयकर विभाग और अदालतें भी इसे इसी रूप में देखती रही हैं और आयकर छूट दी गई है।

## वीर सावरकर ने अंग्रेजों से 10 बार माफी मांगी, पोते ने कोर्ट में माना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** दक्षिणपंथी विचारक विनायक दामोदर सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर ने पुणे की एक विशेष सांसद/विधायक अदालत के सामने बड़ा बयान दिया है। मानहानि के एक मामले में गवाही देते हुए सत्यकी ने स्वीकार किया कि उनके दादा वी.डी. सावरकर ने अपनी सजा कम कराने के लिए तत्कालीन ब्रिटिश सरकार के सामने 10 बार दया याचिकाएं दायर की थीं। इसके साथ ही उन्होंने अदालत में यह भी कहा कि उसी दौर के अन्य स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों के सामने झुकने या दया याचिका दायर करने से साफ इनकार कर दिया था। जिसमें भगत सिंह का नाम सबसे ऊपर है। लाइव लॉ के मुताबिक सत्यकी सावरकर ने यह खुलासे विशेष जज अमोल शिंदे की अदालत में अपनी जिरह के दौरान किए। दरअसल, सत्यकी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एक आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि राहुल गांधी ने लंदन में दिए अपने एक भाषण में उनके दादा वीर सावरकर को बदनाम किया था। इसी मामले की सुनवाई के दौरान राहुल गांधी के वकील मिलिंद पवार ने अदालत में सत्यकी से तीखे सवाल-जवाब किए। 10 बार दया याचिका की बात मानी: सत्यकी ने अदालत के सामने स्वीकार किया, 'यह कहना सही है कि सावरकर ने दस बार दया याचिका दायर की थी। जब ये याचिकाएं दायर की गई, तब भी उन्हें 'वीर' कहा जाता था।' हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार किया कि दया याचिका दायर करने वाले व्यक्ति को 'वीर' कहना विरोधाभास है। भगत सिंह और अन्य क्रांतिकारियों का जिक्र: जिरह के दौरान सत्यकी ने कहा, 'यह सच है कि उसी दौर के अन्य क्रांतिकारी जैसे राजगुरु, बटुकेश्वर दत्त और अशफाकउल्ला खान ने कोई दया याचिका दायर नहीं की थी। मुझे यह जानकारी नहीं थी कि भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने ब्रिटिश सरकार को पत्र लिखकर खुद को युद्ध बंदी मानने की मांग की थी और किसी भी तरह की रियायत या नरमी से इनकार कर दिया था। लेकिन मैं यह जानता हूँ कि भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त अंत तक अपनी विचारधारा और सिद्धांतों पर अडिग रहे और उन्होंने अंग्रेजों के साथ कोई समझौता नहीं किया। ' सत्यकी ने बताया कि सावरकर द्वारा दायर की गई इन 10 दया याचिकाओं के रिकॉर्ड आज भी आधिकारिक सरकारी दस्तावेजों में सुरक्षित हैं। जब राहुल गांधी के वकील ने याचिकाओं की भाषा को लेकर सवाल उठाए, तो सत्यकी ने अपने दादा का बचाव करते हुए कहा कि दया याचिका दायर करना उस समय की एक सामान्य आधिकारिक प्रक्रिया थी। सत्यकी ने अदालत से कहा: 'दया याचिका दायर करना ब्रिटिश शासन के तहत सजा कम कराने की एक मानक प्रक्रिया थी। केवल सावरकर ही नहीं, बल्कि अन्य कैदियों ने भी ऐसी याचिकाएं दायर की थीं। ऐसा करना न तो असाधारण था और न ही अवैध। 'उन्होंने आगे कहा कि सावरकर की याचिकाओं में इस्तेमाल की गई भाषा विनम्रता या ब्रिटिश सरकार के प्रति वफादारी दिखाने वाली नहीं थी, बल्कि वह केवल आधिकारिक प्रोटोकॉल के तहत लिखी गई थी। सत्यकी के अनुसार, अंग्रेजों ने सावरकर की सभी याचिकाओं को यह कहकर खारिज कर दिया था कि यदि सावरकर को रिहा किया गया, तो वे फिर से क्रांतिकारी आंदोलनों में शामिल हो जाएंगे, जिससे ब्रिटिश शासन को खतरा पैदा हो सकता है। हालांकि बाद में उन्हें अंग्रेजों ने छोड़ दिया और उनकी पेंशन बांध दी। यह पूरा विवाद राहुल गांधी द्वारा 5 मार्च 2023 को यूनाइटेड किंगडम (UK) में ओवरसीज कांग्रेस के कार्यक्रम में दिए गए एक भाषण से शुरू हुआ था। सत्यकी सावरकर का आरोप है कि राहुल गांधी ने जानबूझकर सावरकर पर झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाए ताकि उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके। शिकायत के मुताबिक, राहुल गांधी ने अपने भाषण में दावा किया था कि सावरकर ने एक किताब लिखी थी जिसमें उन्होंने एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई करने का जिक्र किया था। सत्यकी का कहना है कि सावरकर ने ऐसी कोई किताब कभी नहीं लिखी और न ही ऐसी कोई घटना कभी हुई थी। सत्यकी ने इस भाषण की समाचार रिपोर्ट और यूट्यूब लिंक को सबूत के तौर पर अदालत में पेश किया है। उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 500 (मानहानि के लिए सजा) के तहत अधिकतम सजा और मुआवजे की मांग की है।इस मामले में सत्यकी सावरकर की अगली जिरह 1 जुलाई को जारी रहेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## बिहार में 14 प्रशासनिक अधिकारी बने आईएएस, संभालेंगे संयुक्त सचिव का पद




**पटना।** इसी महीने की 11 तारीख को बिहार प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में प्रोन्नत अधिकारी अब अपने वर्तमान पद पर ही संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी के रूप में काम करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। जिन अधिकारियों को आईएएस में प्रोन्नति मिली है उनमें- अपर सचिव, स्वास्थ्य, मृणायक दास, अपर सचिव सामान्य प्रशासन, विकास कुमार, बिहार राज्य भंडार निगम के प्रबंध निदेशक, डॉ. गगन, उप विकास आयुक्त, पूर्णिया, अंजनी कुमार, संयुक्त सचिव, सांस्थिक वित्त इजतबा हुसैन, मनोरंजन कुमार, निदेशक, प्रशासन शिक्षा विभाग शामिल हैं। लिस्ट में अपर सचिव सामान्य प्रशासन, रजनीश कुमार, विधु भूषण चौधरी, संयुक्त सचिव, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, वसीम अहमद, विशेष कार्य पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग, कृत्यानंद रंजन भी इस लिस्ट में शामिल हैं। वहीं, संयुक्त सचिव परिवहन विभाग, राशिद आलम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पटना, इबरार अहमद खां, सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, मनोज कुमार, संयुक्त सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा हेमंत कुमार सिंह अपर सचिव युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग शामिल हैं।

## औरंगाबाद में बर्थडे पार्टी में चली ताबड़तोड़ गोलियां, सब्जी मंडी में दहशत; 11 खोखा और शराब बरामद

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर के प्रधान डाकघर के समीप स्थित सब्जी मंडी इलाके में शुक्रवार रात ताबड़तोड़ फायरिंग से अफरा-तफरी मच गई। अचानक गोलियों की आवाज सुनते ही आसपास मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कुछ ही देर में पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फायरिंग शुरू होते ही घरों के बाहर टहल रहे लोग तुरंत अंदर चले गए और दरवाजे बंद कर लिए। लगातार गोलियों की आवाज से लोगों में भय का माहौल बन गया। घटना के बाद काफी देर तक इलाके में सन्नाटा पसरा रहा। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू की और संदिग्ध स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इसके बाद कई अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे। तलाशी के दौरान सब्जी मंडी स्थित एक नव निर्मित चहारदिवारी के भीतर से पुलिस ने 11 खोखा बरामद किए। फायरिंग के सबूत मिलने के बाद पुलिस ने पूरे परिसर को अपने कब्जे में ले लिया और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस को जांच के दौरान उसी चहारदिवारी से करीब सात लीटर शराब भी मिली। शराब बरामद होने के बाद पुलिस ने परिसर को तत्काल सील कर दिया। मामले ने अब केवल फायरिंग ही नहीं, बल्कि अवैध गतिविधियों की आशंका को भी जन्म दे दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जन्मदिन पार्टी के दौरान फायरिंग की घटना हुई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र के योगनी गांव निवासी रविकांत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सौरभ सिंह को भी मामले में आरोपित बनाया गया है। हथियार की तलाश में जुटी पुलिस नगर थाना पुलिस अब फायरिंग में इस्तेमाल हथियार की तलाश कर रही है। साथ ही घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## दिल्ली के शास्त्री नगर मेट्रो स्टेशन के पास घर में लगी आग, दमकल की 8 गाड़ियां पहुंचीं मौके पर

**दिल्ली।** शास्त्री नगर मेट्रो स्टेशन के नजदीक एक घर में दोपहर करीब एक बजे आग लग गई। सूचना पर दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है। आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। फिलहाल, किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों की भी अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं, आग बुझाने के लिए स्थानीय लोग भी आगे आए और उन्होंने पानी की बौछार करने में मदद की।

# मिशन वात्सल्य योजना की बहाली प्रक्रिया पर पटना हाई कोर्ट की रोक, सम्राट सरकार से मांगा जवाब

● पटना हाई कोर्ट ने मिशन वात्सल्य योजना के तहत संविदा आधारित नियुक्तियों के विज्ञापन की एक विवादित शर्त पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने राज्य सरकार से चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल कर अपना पक्ष स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने मिशन वात्सल्य योजना के तहत संचालित विभिन्न देखरेख संस्थानों में संविदा आधारित नियुक्तियों के लिए जारी विज्ञापन की एक विवादित शर्त पर अंतरिम रोक लगाते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। अदालत ने सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल कर अपना पक्ष स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश डॉ. अंशुमान की एकलपीठ ने दीपक कुमार सिंह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रभाकर सिंह ने अदालत को बताया कि समाज कल्याण विभाग ने 29 अप्रैल 2026 को मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत 273 विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया था। विज्ञापन में निर्धारित शर्त संख्या-7 के अनुसार स्वयंसेवी संस्थाओं (एनजीओ) के माध्यम से चयनित होकर वर्तमान में जिला बाल संरक्षण इकाइयों द्वारा संचालित गृहों में कार्यरत कर्मियों को सरकारी नियोजित कर्मी नहीं माना गया है तथा उनके पदों को रिक्त पदों की श्रेणी में शामिल कर दिया गया है। याचिकाकर्ता का तर्क था कि उक्त शर्त के प्रभावी होने पर वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को सेवा से हटाकर उनके स्थान पर नए अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने अदालत को बताया कि बिहार राज्य बालक/बालिका सुरक्षा समिति के अधीन संचालित वृहद आश्रय



गृहों में कार्यरत कई कर्मचारियों की नियुक्ति प्रारंभ में एनजीओ द्वारा संचालित बालक एवं बालिका गृहों में हुई थी। बाद में इन संस्थानों का संचालन जिला बाल संरक्षण इकाइयों के अधीन आ गया, लेकिन वर्तमान विज्ञापन में उनके पदों को भी रिक्त मानते हुए नई बहाली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दलीलों पर विचार करने के बाद हाई कोर्ट ने प्रथमदृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए विवादित शर्त संख्या-7 के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी तथा राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई सरकार के जवाब के बाद होगी।

## बिहार: घर बैठे बनेंगे बर्थ सर्टिफिकेट और पास होंगे नक्शे; सितंबर तक लॉन्च होगा ई-गवर्नेंस पोर्टल

**पटना।** प्रदेश के शहरी निकायों में डिजिटल सेवाओं के विस्तार की दिशा में चल रही महत्वाकांक्षी ई-गवर्नेंस परियोजना का पोर्टल अगस्त-सितंबर तक शुरू होने की संभावना है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने इसके लिए जारी निविदा की समय-सीमा बीते दिनों बार बढ़ा दी थी, ताकि अधिक संख्या में योग्य एजेंसियां परियोजना में भाग ले सकें और बेहतर तकनीकी विकल्प उपलब्ध हो सकें। अब प्रक्रिया प्रारंभ होने की संभावना जताई गई है। राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) के तहत लागू की जा रही यह परियोजना शहरी प्लेटफॉर्म फार डिलीवरी आफ ऑनलाइन गवर्नेंस आधारित एकीकृत ई-गवर्नेंस समाधान से संबंधित है। इसके तहत सभी नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों की विभिन्न सेवाओं को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार ने इस परियोजना के लिए अगले पांच वर्षों में वस्तु एवं सेवा कर सहित 119.90 करोड़ रुपये खर्च करने की स्वीकृति दी है। राशि ई-गवर्नेंस मॉड्यूल के विकास, कार्यान्वयन, संचालन, रखरखाव तथा सभी नगर निकायों में दोहरी लेखा प्रणाली को एकीकृत रूप से संचालित करने पर खर्च की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित एजेंसी पोर्टल के अनुकूलन और कार्यान्वयन का काम शुरू करेगी। नई व्यवस्था लागू होने पर होल्डिंग टैक्स भुगतान, जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र, भवन निर्माण स्वीकृति, शिकायत निवारण समेत कई नागरिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी।

# पटना मेट्रो डिपो निर्माण से सड़क बंद

● 25 हजार लोग परेशान, हाई कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पटना।** पटना मेट्रो रेल डिपो के निर्माण के कारण पूर्वी पटना के रानीपुर और पहाड़ी इलाके को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण 50 फीट चौड़ी सड़क बंद किए जाने का मामला पटना हाई कोर्ट पहुंच गया है। इस सड़क के बंद होने से करीब 25 हजार स्थानीय निवासियों की आवाजाही प्रभावित होने का दावा किया गया है। मामले की सुनवाई करते हुए पटना हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और पटना मेट्रो रेल कारपोरेशन को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय एवं न्यायाधीश सोनी श्रीवास्तव की खंडपीठ ने मंगलवार को इस मामले से जुड़ी लोकहित याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने प्रतिवादियों को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई निर्धारित की। याचिकाकर्ता सतीश कुमार की ओर से अदालत को बताया गया कि करीब 75 एकड़ में विकसित किए जा रहे पटना मेट्रो रेल डिपो के कारण रानीपुर और पहाड़ी को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह अवरुद्ध कर दी गई है। यह सड़क एनएच-30 (बख्तियारपुर-पटना मार्ग), कंकड़बाग- पटना-गया रोड तथा आईएसबीटी और मेट्रो स्टेशन को जोड़ने वाले स्टेट हाईवे-1 के बीच महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग का काम करती थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुमीत कुमार सिंह ने दलील दी कि सड़क बंद करने से पहले प्रशासन और मेट्रो प्राधिकरण ने कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं कराया। उन्होंने कहा कि 'छप्पन का डगर' नामक सहायक सड़क, जिसकी चौड़ाई कई स्थानों पर 100 से 150 फीट तक है, को भी अवरुद्ध कर दिया गया है। इससे रानीपुर और पहाड़ी क्षेत्र के 250 से अधिक परिवारों सहित लगभग 25 हजार लोगों के आवागमन और आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि कमा बस स्टैंड और मेट्रो स्टेशन परियोजना के कारण क्षेत्र में यातायात का भारी दबाव उत्पन्न हो गया है। अब एनएच-30 से स्टेट हाईवे-1 तक पहुंचने के लिए केवल एक मार्ग ही शेष रह गया है, जिससे प्रतिदिन हजारों यात्रियों को जाम और आवागमन की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# ICU जैसा है लालू का कमरा; 10 सर्कुलर रोड बंगले से मोह के 2 कारण

● राबड़ी देवी ने सरकार से 10, सर्कुलर रोड स्थित बंगले में रहने देने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि विधान परिषद में उनका कार्यकाल मई 2030 तक है और यह बंगला लालू प्रसाद के स्वास्थ्य के लिए अनुकूल है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** पहले आंखें तरेरी गईं और मुश्कें तानी गईं। उसके बाद सुरक्षा में कटौती के बहाने दबाव बढ़ाने का प्रयास हुआ। विक्टिम कार्ड चलते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद बिना सुरक्षा बल के पटना की सड़कों पर भरी दोपहर विचरण किए। फिर भी सरकार अपने निर्णय से न पीछे हटी, न लालू परिवार पर पिघली-पसीजी। अंततः पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की ओर से उनके सचिव ने सरकार को पत्र लिखा। आग्रह यह कि राबड़ी जब तक विधान परिषद में हैं, तब तक इसी मनचाहे बंगले (10, सर्कुलर रोड) में रहने दिया जाए। उल्लेखनीय है कि विधान परिषद में राबड़ी का कार्यकाल छह मई, 2030 को पूरा होगा। उल्लेखनीय है कि बंगला खाली करने की समय-सीमा 15 जून को पूरी हो चुकी है और नियमानुसार अब प्रशासनिक हस्तक्षेप हो सकता है। ऐसे में अनुनय के जरिये राबड़ी ने बचाव के लिए एक आड़ ले लिया है। भवन निर्माण विभाग की ओर से उन्हें मिला यह तीसरा नोटिस था, जिसके बाद वे आगबबूला हुई थीं। पहला नोटिस पिछले वर्ष नवंबर में ही मिला था। उसके जरिये उन्हें विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से 39, हार्डिंग रोड में जाने का निर्देश है। संभव है कि देर-सबेर राबड़ी 10, सर्कुलर रोड वाले बंगले को खाली कर दें, क्योंकि अंदरखाने पैकिंग आदि चल रही है।

**मोह के दो कारण:**

10, सर्कुलर रोड पिछले दो दशक से यह राजद की राजनीति का केंद्र रहा है। इसके प्रति लालू परिवार के मोह का दूसरा कारण इसे अपनी सुविधा के अनुसार व्यवस्थित कर लेना भी है। किडनी प्रत्यारोपण के बाद लालू को संक्रमण आदि से विशेष बचाव करना होता है। इसके अलावा उनके लिए एक ऐसे कमरा चाहिए, जो अपेक्षित चिकित्सकीय उपकरणों के साथ सुसज्जित हो। वह कमरा एक तरह से आईसीयू सरीखा ही होता है। पत्र में इसका भी हवाला दिया गया है। आग्रह यह कि नए बंगले में ये सारी सुविधाएं अपेक्षित होंगी।

# असम के बराक घाटी में हाईकोर्ट बेंच की मांग तेज, 200 से अधिक लोगों ने किया समर्थन

● बरखोला में जागरूकता सभा और हस्ताक्षर अभियान, स्थायी हाईकोर्ट बेंच की मांग को मिला जनसमर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**श्रीभूमि-** असम, के बराक घाटी में गौहाटी हाईकोर्ट की स्थायी बेंच स्थापित करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट बेंच डिमांड इम्प्लीमेंटेशन कमेटी, कछार जिला समिति के तत्वावधान में 16 जून (मंगलवार) को बरखोला बाजार स्थित सेडो कम्युनिटी सेंटर में जागरूकता सभा एवं जनहस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों तथा विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभा की अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष ध्रुव कुमार साहा ने की। उन्होंने कहा कि बराक घाटी के लगभग 40 लाख लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए सैकड़ों किलोमीटर दूर गुवाहाटी जाना पड़ता है, जिससे समय, धन और श्रम की भारी हानि होती है। उन्होंने क्षेत्र में स्थायी हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में भाजपा नेता उदय शंकर गोस्वामी, शिक्षाविद विभाष देव, समाजसेवी रसराज दास, अधिवक्ता धर्मानंद देव तथा अधिवक्ता तिना शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अधिवक्ता धर्मानंद देव ने अपने प्रस्तुतीकरण में हाईकोर्ट बेंच की मांग का ऐतिहासिक और कानूनी परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, मुकदमों की संख्या और न्याय चाहने वाले लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए बराक घाटी में स्थायी बेंच की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। वक्ताओं ने इस मांग को गैर-राजनीतिक बताते हुए इसे न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने से जुड़ा जनहित का विषय बताया और केंद्र तथा राज्य सरकार से शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की अपील की। सभा के बाद आयोजित जनहस्ताक्षर अभियान में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों के अनुसार, एक ही दिन में 200 से अधिक लोगों ने बराक घाटी में स्थायी हाईकोर्ट बेंच की स्थापना के समर्थन में हस्ताक्षर किए। समिति ने बताया कि मांग को लेकर आगामी दिनों में भी जागरूकता कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियान जारी रहेंगे। समिति के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि बराक घाटी के लोगों के व्यापक समर्थन और एकजुट प्रयासों से यह लंबे समय से लंबित मांग भविष्य में अवश्य पूरी होगी जनक कल्याण हेतु।

# मछली उत्पादन में बिहार की लंबी छलांग: 10.28 लाख टन पहुंचा आंकड़ा, अब एक्सपोर्ट की तैयारी

● बिहार में मछली पालन और जल कृषि की असीम संभावनाओं पर चर्चा हुई, मंत्री नंदकिशोर राम ने गांवों में पहुंच कर पलायन रोकने का दावा किया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** बिहार में मछली पालन और जल कृषि की असीम संभावना है। इस भरोसे के साथ डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग मंत्री नंदकिशोर राम ने मंगलवार को दावा किया कि उनका विभाग गांवों में पहुंचेगा और पलायन रोक देगा। वे मीठापुर स्थित नवनिर्मित मत्स्य विकास भवन में मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कॉनक्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बिहार मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के निकट है। अभी राज्य से 89.62 हजार टन मछली देश के प्रमुख शहरों में भेजी जा रही है। उल्लेखनीय है कि कॉनक्लेव में बिहार में उत्पादित मछलियों को प्रसंस्कृत कर दूसरे राज्यों में भेजने और दूसरे देशों में निर्यात की संभावना और आधारभूत संरचना पर विचार-विमर्श हुआ। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में चिह्नित तीन प्रखंडों और सात पंचायतों में आधुनिक मत्स्य बाजारों का निर्माण किया जा रहा है। किसानों की तरह मछली पालकों को भी रियायती दर पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रयास चल रहा है। अब तो राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ भी हो चुका है, जिसके जरिये मछली उत्पादन को बढ़ावा मिलना तय है। विभागीय सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने बताया कि मछली के निर्यात को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें प्रोसेसिंग प्लांट, फिश फीड मिल और आरएएस या बायोफ्लॉक आदि हैं। जब तक उत्पादन सरप्लस नहीं होगा, तब तक दूसरे राज्यों को निर्यात नहीं कर सकते। कॉनक्लेव में डॉ. विजय कुमार बेहरा और तुषार सिंगला आदि सम्मिलित रहे।

**10.28 लाख टन हुआ मछली उत्पादन:**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल मछली



उत्पादन 9.69 लाख टन था, जो बढ़कर 2025-26 में 10.28 लाख टन हो गया। 7,990 हेक्टेयर में नए जल क्षेत्र का सृजन, 2,721 हेक्टेयर चौर भूमि में आधुनिक तालाबों का निर्माण और 5,264 ट्यूबवेल लगाए गए हैं। 233 मत्स्य बीज हैचरी बनाई गई है। इनसे बिहार की लगभग 70 प्रतिशत मत्स्य बीज की आवश्यकता की पूर्ति हो रही। इसका परिणाम है कि 2025-26 में 2,753.45 मिलियन मत्स्य बीज का वार्षिक उत्पादन हुआ। राज्य में स्थापित 89 फिश फीड मिलों से 50 हजार टन मछली आहार का उत्पादन राज्य के अंदर ही होने लगा है। मछली बाजारों में स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अब तक 6,449 वाहन एवं 12,172 मत्स्य विपणन किट का वितरण हो चुका है।

# झारखंड के खनिजों पर अमेरिका की नजर

● लिथियम और टाइटेनियम जैसे दुर्लभ मिनरल्स के खनन में अमेरिकी कंपनियों ने दिखाई रुचि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची।** झारखंड में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कोयला और लोहे जैसे पारंपरिक खनिजों के बाद अब यहां के दुर्लभ खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) पर दुनिया की महाशक्ति अमेरिका की नजर टिकी है। राज्य में दुर्लभ खनिजों की खोज, खनन, प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) और उन्नत तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों ने भारी दिलचस्पी दिखाई है। इस सिलसिले में मंगलवार को रांची में उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। मुख्य सचिव अविनाश कुमार और अमेरिकी काउंसलेट जेनरल कैली जाइलडियाज के नेतृत्व में आए एक उच्च स्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के बीच झारखंड में खनिज क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं को लेकर चर्चा हुई।

**झारखंड में मौजूद हैं 20 से अधिक दुर्लभ खनिज**

बैठक के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया गया कि झारखंड कोयला, लौह अयस्क, तांबा, बॉक्साइट, सोना और लाइमस्टोन जैसे पारंपरिक खनिजों के मामले में समृद्ध है। यहां लिथियम, टाइटेनियम, वैनेडियम, सिल्वर और ग्रेफाइट सहित 20 से अधिक अत्यंत दुर्लभ एवं रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खनिज भंडार भी मौजूद हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा नए खनिज क्षेत्रों के अन्वेषण (एक्सप्लोरेशन) की प्रक्रिया को भी लगातार गति दी जा रही है। अमेरिकी कंपनियों ने विशेष रूप से इन दुर्लभ खनिजों की खोज और उनकी प्रोसेसिंग से जुड़ी गतिविधियों में काम करने की इच्छा प्रकट की है।

**अमेरिकी कंपनियों को मिला आमंत्रण**

मुख्य सचिव ने अमेरिकी काउंसलेट जेनरल के माध्यम से वहां की दिग्गज कंपनियों को झारखंड में खनन और अत्याधुनिक तकनीक आधारित परियोजनाओं से जुड़ने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया। इस दौरान यह जानकारी भी सामने आई कि अमेरिका की अग्रणी माइनिंग कंपनियों के प्रतिष्ठित समूह यूएसआइएसपीए (USISPA) ने झारखंड सरकार से सीधा संपर्क स्थापित किया है। इस समूह ने राज्य के खनिज ब्लॉकों की आगामी खुली नीलामी (ओपन ऑक्शन) प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की इच्छा जताई है।

**अत्याधुनिक तकनीक से बदलेगी माइनिंग की सूरत**

झारखंड सरकार इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर की उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए दुनिया भर की अग्रणी कंपनियों के साथ लगातार संपर्क में है।

इच्छुक अमेरिकी कंपनियां राज्य में पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए खनिज ब्लॉक प्राप्त कर अत्याधुनिक तकनीकों के साथ काम कर सकेंगी, जिससे राज्य के राजस्व और रोजगार में बड़ा उछाल आने की उम्मीद है। इस बैठक में खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव अरवा राजकमल, खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा सहित अमेरिकी दूतावास और राज्य सरकार के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड राज्यसभा चुनाव: वोटिंग से पहले एनडीए की घेराबंदी तेज

● होटल में शिफ्ट होंगे सभी विधायक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** झारखंड में दो राज्यसभा सीटों के चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियां पूरी ताकत झोंक रही हैं। किसी भी तरह की गलती या टूट से बचने के लिए पार्टियां अपने विधायकों पर खास नजर रखे हुए हैं। भाजपा और एनडीए ने सतर्कता बरतते हुए अपने सभी विधायकों को होटल में शिफ्ट करने का फैसला किया है। मंगलवार दोपहर दो बजे तक सभी विधायकों को रेडिसन होटल पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। 18 जून को सभी एनडीए विधायक होटल से साथ-साथ विधानसभा पहुंचकर वोट डालेंगे। विपक्षी दलों में टूट की अटकलें लग रही हैं, इसलिए एनडीए ने यह एहतियाती कदम उठाया है।

**कांग्रेस भी पूरी तरह सक्रिय**

दूसरी ओर कांग्रेस भी पूरी तरह सक्रिय है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता प्रदीप यादव समेत कई बड़े नेताओं को विधायकों से लगातार संपर्क बनाए रखने और मतदान की तैयारियों को सुचारू ढंग से चलाने का जिम्मा सौंपा गया है।

विधायकों की कोई भी समस्या या सुझाव हो तो उसे पार्टी की उच्च कमान तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। कांग्रेस को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के समर्थन के भरोसे अपनी जीत का विश्वास है। फिर भी पार्टी किसी भी लापरवाही से बचना चाहती है। इसलिए हर विधायक से निरंतर बातचीत जारी है।

**चुनाव में मुकाबला काफी दिलचस्प**

कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक अजय शर्मा, नासिर हुसैन और प्रदेश प्रभारी के रांची पहुंचने की संभावना है। इस चुनाव में मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। तीन मजबूत उम्मीदवार मैदान में हैं- जेएमएम के बैजनाथ राम, कांग्रेस के प्रणव झा और भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवाणी। जेएमएम आत्मविश्वास से भरा हुआ है, लेकिन कांग्रेस थोड़ी चिंतित है।

**कांग्रेस को अपने विधायकों से डर**

वजह है निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवाणी। कांग्रेस को डर है कि उनके विधायक किसी प्रलोभन में न फंस जाएं। इसलिए पार्टी विधायकों को एकजुट रखने के लिए पूरी कोशिश कर रही है।दोनों पार्टियां अंतिम समय तक अपनी रणनीति पर काम कर रही हैं। 18 जून को होने वाला मतदान तय करेगा कि इन दोनों सीटों पर किसका पलड़ा भारी रहता है।

# करोड़ों खर्च फिर भी जलमग्न हुई रांची, सड़कों से ऊंची नालियों और एसटीपी घेराबंदी ने रोकी पानी की निकासी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में रविवार को हुई मूसलाधार बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। सेवा सदन रोड और बड़ा तालाब के आसपास का इलाका घंटों तक जलमग्न रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रविवार को हुई बारिश के दौरान जल जमाव का मुख्य कारण सड़क से ऊंची नालियां, आसपास के मकानों और दुकानों का ऊंचा स्तर तथा बड़ा तालाब के किनारे बनाए गए एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) की संरचना जलजमाव का प्रमुख कारण बन गई है। जिसके कारण बारिश के दौरान सेवा सदन अस्पताल के आसपास लगभग 500 से 600 मीटर तक सड़कें पानी में डूब गईं। जलजमाव की चपेट में एक दर्जन से अधिक दुकानें, मंदिर, अस्पताल परिसर तथा बिजली सब-स्टेशन भी आ गए। कई स्थानों पर पानी अस्पताल परिसर तक पहुंच गया, जिससे मरीजों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार बड़ा तालाब में नालों के गंदे पानी को सीधे प्रवेश करने से रोकने के लिए वर्ष 2023 में लगभग 8.20 करोड़ रुपये की लागत से एसटीपी प्लांट का निर्माण कराया गया था। इस परियोजना का उद्देश्य नालों के गंदे पानी को फिल्टर कर तालाब में पहुंचाना था, ताकि जलाशय प्रदूषण से बच सके। हालांकि लोगों का कहना है कि जिस स्थान से वर्षों से बारिश का पानी सीधे बड़ा तालाब में प्रवेश करता था, उसी क्षेत्र में एसटीपी संरचना और घेराबंदी कर दी गई। इससे बरसाती पानी की प्राकृतिक निकासी बाधित हो गई और पानी सड़कों पर जमा होने लगा।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एसटीपी निर्माण के दौरान यदि बरसाती पानी की निकासी के लिए तीन से चार बड़े फाटक या जल प्रवाह मार्ग बनाए गए होते तो वर्तमान स्थिति नहीं बनती। उनका आरोप है कि परियोजना बनाते समय जल निकासी की जरूरतों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। सेवा सदन रोड के दोनों ओर विभिन्न निर्माण कार्यों के कारण कई स्थानों पर दीवारों और भवनों का स्तर ऊंचा हो गया है। इसके मुकाबले सड़क नीचे रह गई है। नालियां होने के बावजूद भारी बारिश के समय पानी तेजी से नहीं निकल



पाता, जिससे जलभराव की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार नगाबाबा खटाल, पहाड़ी टोला, जलान रोड, हरमू रोड, रातू रोड, अपर बाजार समेत कई क्षेत्रों का बरसाती पानी बड़ा तालाब की ओर आता है। ऐसे में निकासी व्यवस्था बाधित होने पर सेवा सदन रोड सबसे अधिक प्रभावित होती है। रांची की मेयर रौशनी खलखो ने कहा कि नगर निगम पूरे मामले की निगरानी कर रहा है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में जलजमाव की समस्या के दौरान वे स्वयं देर रात तक मौके पर मौजूद रहीं और जल निकासी कार्यों की निगरानी की। उन्होंने कहा कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए तकनीकी स्तर पर समीक्षा की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल



**कोंच (जालौन)-** सोमवार की देर रात कोंच-एट सड़क मार्ग पर अंडा कोल्ड स्टोर के समीप दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देख उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक, अजय कुमार पुत्र नंद किशोर अहिरवार (22) निवासी ग्राम बरोदा कला रात करीब 11 बजे कस्बा एट से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान कोल्ड स्टोर के समीप सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर होने से अजय कुमार बाइक से उछलकर सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तत्काल ही 108 एंबुलेंस सेवा और 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल अजय को सीएचसी कोंच ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी जुटाई।

### जनता दरबार में गूंजी कुलडोमरी के लेखपाल के खिलाफ शिकायत, जांच के दिये निर्देश



**अनपरा/ सोनभद्र-** अनपरा दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड के जनता दरबार में कुलडोमरी क्षेत्र के लेखपाल के खिलाफ शिकायतों की गूंज सुनाई दी। क्षेत्र के ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। जनता दरबार में डिबुलगंज से पहुंचे व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल सहित दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के लेखपाल राकेश बैसवार द्वारा निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए लोगों से धन की मांग की जाती है। ग्रामीणों का कहना था कि जो व्यक्ति पैसे नहीं देता, उसके आवेदन को किसी न किसी कारण से लंबित या निरस्त कर दिया जाता है, जबकि पैसे देने वालों के कार्य आसानी से कर दिए जाते हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार लोगों से जानबूझकर दोबारा आवेदन पत्र भरवाए जाते हैं, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक एवं उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार और जनता के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

**एनएच-44 पर हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित के पुत्र की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम अंधेर थाना जखौरा निवासी अंकेश पुत्र बृजेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसके पिता बृजेश कुमार 25 मई 2026 को गांव के पुष्पेंद्र पुत्र रंगराज के साथ निजी कार्य से मोटरसाइकिल संख्या यूपी-94 एए-1226 से ललितपुर जा रहे थे। मोटरसाइकिल को पुष्पेंद्र चला रहा था। शिकायत के अनुसार दोपहर करीब 1.05 बजे जब दोनों टीकमगढ़ रेलवे ब्रिज से लगभग 100 मीटर पहले राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रही सफेद रंग की कार संख्या यूपी-93 बीजी-3233 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार बृजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को जिला मेडिकल कॉलेज ललितपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना के संबंध में अंकेश ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक देवराज मौर्य को सौंपी गई है।

# चमेंड़ गांव की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने धनराशि निकालने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच (जालौन)-** विकास खंड कोंच के ग्राम चमेंड़ की महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह की धनराशि का गबन करने और फर्जी निकासी किए जाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को एसडीएम से पूरे मामले की शिकायत की है। महिलाओं ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम चमेंड़ निवासी ममता, गुड्डी, राखी, रानी, रिंकी, सुनीता, सीता, लीलावती आदि महिलाओं ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह गांव में संचालित संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। समूह के फील्ड ऑफिसर सहित जयपाल सिंह निवासी हिंगुटा ने उनके नाम पर कथित रूप से 74 हजार रुपये की फर्जी निकासी कर ली है। महिलाओं ने बताया कि जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उक्त दोनों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि निकाली गई राशि बैंक खाते में वापस जमा कर दी जाएगी। शिकायतकर्ता महिलाओं के अनुसार, उक्त दोनों ने पहली बार 10 हजार तथा दूसरी बार 4 हजार रुपये यानी कि कुल 14 हजार रुपये ही जमा किए गए और शेष धनराशि बैंक खाते में जमा ही नहीं की। शिकायतकर्ता महिलाओं ने बताया कि वर्ष 2015 से जुड़े इस मामले के कारण अब हम सभी के ऊपर 1 लाख से अधिक रुपये की बकाया देनदारी दर्शाई जा रही है, इतना ही नहीं हम सभी के नाम पर वसूली की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। इससे वह आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं। शिकायतकर्ता महिलाओं ने एसडीएम से मांग की है कि हम सभी के नाम से फर्जी तरीके से निकाली गई 74 हजार रुपये की धनराशि बैंक खाते में जमा कराई जाए तथा पूरे मामले में संलिप्त लोगों के विरुद्ध जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## ग्रेट निकोबार द्वीप को बचाने कांग्रेसियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच (जालौन)-** ग्रेट निकोबार द्वीप को बचाने तथा कॉरपोरेट लूट रोकने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने सोमवार की देर शाम चंदकुआं चौराहे पर हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने किया। स्थानीय तमाम नागरिकों ने अभियान में भाग लेकर अपने हस्ताक्षर किए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि ग्रेट निकोबार क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां की जैव विविधता, वन संपदा और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बड़े विकास परियोजनाओं के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का खतरा बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो सकता है। कांग्रेस पार्टी पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक धरोहरों को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से जनसमर्थन जुटाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है ताकि सरकार तक जनता की आवाज पहुंचाई जा सके। कांग्रेसियों ने मौजूद जनता को ग्रेट निकोबार के महत्व और संभावित पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे में अहम जानकारी दी। इस मौके पर श्रीनारायण दीक्षित, नासिर खान, सईद, शाकिर अली, अवधेश अवस्थी, शहाबुद्दीन राइन, विशाल अहमद, विनोद कुशवाहा, सज्जन वर्मा, सूरज याज्ञिक, सभासद रघुवीर कुशवाहा, आजादुद्दीन, लकी दुबे, संजीव कुशवाहा, आमिर, मुन्नालाल रजक, अरविंद शर्मा, कासिम, जाकिर, आशीष, पप्पू सोनी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अमरनाथ यात्रा सेवा हेतु विशाल भंडारे की तैयारियां तेज

**21 जून को ललितपुर से जाएगा जत्था**

**ललितपुर।** श्रीशिव सेवक दिल्ली भंडारा, पोष पत्री (जम्मू-कश्मीर) के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 30वें फाइव स्टार विशाल भंडारे की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। भंडारा आयोजन के लिए श्रद्धालु एवं समाजसेवी लगातार सहयोग राशि भेजकर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। यह जानकारी शाखा प्रमुख हरि मोहन चौरसिया एवं भारत चौरसिया ने एक विशेष मुलाकात के दौरान संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से अमरनाथ यात्रा के दौरान दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है, जिसमें देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा की जाती है। इस पुण्य कार्य में नागरिकों का हमेशा से भरपूर सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रा सेवा के लिए 21 जून को ललितपुर से श्रद्धालुओं का एक जत्था रवाना होगा। भंडारे के सफल आयोजन के लिए क्षेत्र के अनेक समाजसेवी एवं श्रद्धालु आर्थिक एवं अन्य प्रकार से सहयोग प्रदान कर रहे हैं। भंडारे के सहयोगकर्ताओं में शुभम चौरसिया, सुनील चौरसिया तथा वीरेंद्र जैन मंडी परिवार सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हैं।

# राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश, जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा

**● लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करें, लापरवाही पर होगी जवाबदेही-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा लक्ष्य प्राप्ति में पिछड़ने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर बकायेदारों के विरुद्ध प्रभावी वसूली कार्रवाई, आरसी का नियमित मिलान, सरकारी भूमि की सुरक्षा तथा जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा भूमि संबंधी विवादों का समाधान मौके पर जाकर सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को त्वरित न्याय मिल सके। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं राजस्व कार्मिकों को अपने दायित्वों का गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न होने पाए। बैठक के दौरान परिवहन विभाग को ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग में पकड़े जाने वाले वाहनों के साथ-साथ संबंधित खदान एवं परमिट धारकों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बाजार में बिकने वाली खाद्य सामग्री की नियमित जांच कराई जाए तथा मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्धारित मानकों एवं शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक ढंग से किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) वागीश कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बभनी की साइबर टीम द्वारा ठगी के रुपये कराए वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) श्री ऋषभ रुणवाल के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बभनी की साइबर टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आवेदक राजकुमार पुत्र स्व. रामजस निवासी ग्राम धनवार, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र के बैंक खाते से साइबर ठगी के माध्यम से 5,000/- रुपये की धनराशि कट गई थी। घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत प्राप्त होने पर थाना बभनी पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए तथा संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर होल्ड कराई गई धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पुलिस की तत्परता एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप पीड़ित को उसकी पूरी 5,000/- रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक वापस प्राप्त हो गई।

धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित द्वारा सोनभद्र पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की गई। धनराशि वापस कराने वाली टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रसाद यादव, थाना बभनी, उप निरीक्षक भवदल लाल, मुख्य आरक्षी मोहम्मदमीर, आरक्षी/ऑपरेटर एनशराम पाल, आरक्षी रघुवीर कुमार यादव शामिल रहे। जनपद पुलिस की अपील: यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना घटित होती है तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा [www.cybercrime.gov.in](http://www.cybercrime.gov.in) पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते प्रभावी कार्यवाही कर धनराशि वापस कराई जा सके।

### उन्नाव: साधु का हत्यारा एक लाख का इनामी इजराइल पुलिस मुठभेड़ में ढेर, स्वाट का सिपाही भी घायल

**उन्नाव।** बांगरमऊ के घूरेटोला में साधु मिलनदास की हत्या के मुख्य आरोपित एक लाख के इनामी इजराइल को सोमवार तड़के 5 बजे पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मुठभेड़ के दौरान स्वाट टीम का एक सिपाही भी घायल हुआ है। बांगरमऊ के घूरेटोला मुहल्ले में 9 जून मंगलवार की दोपहर निर्माणाधीन मंदिर से लगभग 300 मीटर दूर सभासद अतीक की झोपड़ी में बांगरमऊ के पूर्वियाटोला निवासी इजरायल ने अपने साथियों के साथ मिलकर साधु मिलन दास की पीठ में खंजर घोपकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर यामीन, शफी, लल्ली और अली मोहम्मद को जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य आरोपित इजराइल और शानू लगातार पुलिस की गिरफ्त से दूर थे। पुलिस ने इजराइल पर एक लाख का इनाम घोषित किया था।सोमवार तड़के बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के आगे ताजपुर गांव जाने वाले अंडरपास के पास पुलिस और मुख्य आरोपित इजराइल के बीच मुठभेड़ हो गई। दो गोली लगने से हत्यारोपित इजराइल ढेर हो गया।

### ट्रेक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार युवती घायल



**कोंच (जालौन)-** एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे कस्बे में नदीगांव रोड स्थित सोनालिका एजेंसी के पास घटित हुई जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, प्रिया पटेल पुत्री हरीसिंह पटेल निवासी नया पटेल नगर (निकट बाबू पैलेस) अपनी सहेली कशिश के साथ पंचमुखी क्षेत्र से कोचिंग पढ़कर स्कूटी से वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान सोनालिका एजेंसी के समीप सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से प्रिया स्कूटी से उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसकी सहेली कशिश को मामूली चोटें आई। घायलावस्था में प्रिया को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई।

## मारकंडेश्वर से पंचानन तक 10 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण हेतु विधायक आज करेंगे भूमि पूजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** मारकंडेश्वर तिराहे से लेकर पंचानन स्थित सरदार पटेल चौक तक नगर की सबसे व्यस्ततम और प्रमुख सड़क चौड़ीकरण के साथ नए निर्माण की लोगों की आस विधायक के प्रयास से अब पूरी होने वाली है। नए सिरे से इस सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन आज बुधवार को सुबह साढ़े 9 बजे मारकंडेश्वर तिराहे पर विधायक के कर कमलों द्वारा किया जाएगा।

विधायक मूलचंद्र निरंजन ने एक जानकारी में बताया है कि मारकंडेश्वर तिराहे से लेकर पंचानन स्थित सरदार पटेल चौक तक की वर्तमान जर्जर और 7 मीटर चौड़ी सड़क पर आवागमन करने वाले क्षेत्रवासियों को अब परेशान नहीं होना पड़ेगा, बहुत जल्द ही करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से 2 किमी दूरी की यह सड़क 10 मीटर चौड़ी बनकर तैयार हो जाएगी। विधायक ने बताया कि इस प्रमुख सड़क की दशा सुधार के लिए वह लगातार प्रयासरत थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं लोक निर्माण मंत्री ने क्षेत्रवासियों के हित में उनकी इस मांग को पूरा कर बजट जारी किया है जिसके लिए मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अब जल्द ही सुंदर सड़क बनाई जाएगी। गौरतलब हो कि इस सड़क मार्ग पर गल्ला मंडी, ब्लॉक कार्यालय, वन कार्यालय, राजकीय बीज गोदाम, महिला महाविद्यालय, पब्लिक स्कूल, कई पेट्रो पंप, कृषि यंत्र प्रतिष्ठान, विवाह घरों सहित रेलवे स्टेशन और बाजार जाने के लिए बाईपास रास्ता है जिससे यह सड़क मार्ग काफी व्यस्त और प्रमुख है। बीते काफी समय से यह सड़क उखड़ी पड़ी हुई है और धूल के गुबार के बीच बड़े-बड़े गड्ढों में से होकर लोगों को निकलना पड़ता है। इस सड़क के चौडीकरण के साथ नए सिरे से निर्माण कार्य की मांग लोगों द्वारा की जा रही थी।

## भगवान के श्रीविग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व भेंड़ में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)-** तहसील क्षेत्र के ग्राम भेंड़ में चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंगलवार को भगवान के श्रीविग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों धर्मालु सज्जनों के साथ क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने भी भाग लिया।

भेंड़ गांव स्थित श्री बालाजी धाम मलू सरकार धर्म स्थल पर श्री रामजानकी, श्री लक्ष्मी नारायण एवं शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पिछले तीन दिनों से अवधेश कुमार दीक्षित कानपुर देहात के निर्देशन में विद्वान ब्राह्मणों वेदप्रकाश, शशिकांत, गुड्डू, रौनक आदि द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपादित कराए जा रहे हैं जिसमें ब्राह्मण आगमन, गणेश पूजन व वेदी पूजन के बाद मंगलवार को श्रीविग्रहों की भव्य शोभायात्रा पूरे गांव में बैंड-बाजों के साथ निकाली गई। महंत बबलू पटेल ने बताया कि इस आयोजन के अंतिम दिवस 17 जून बुधवार को भगवान के श्रीविग्रह वेद ध्वनि के बीच गर्भगृह में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान की भूमिका में श्यामसुंदर लंबरदार भेंड़, श्यामू अग्रवाल कोंच एवं रामबिहारी पटेल सतोह अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। संचालन शिवेंद्र सिंह निरंजन ने किया। इस दौरान नरेंद्र द्विवेदी लल्लन, नरोत्तम पुजारी, नरेंद्र, पवन पटेल सिमिरिया, बबलू पाल कूंड़ा, अनूप पटेल विरगुवां, प्रमोद कुमार आदि शामिल रहे।

## सोनभद्र की पहचान को नई मजबूती सदर तहसील से हटेगा रॉबर्ट्सगंज' नाम

**● सोनभद्र की पहचान को नई मजबूती सदर तहसील से हटेगा 'रॉबर्ट्सगंज' नाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** सदर विधायक भूपेश चौबे की पहल एवं शासन स्तर पर किए गए प्रयासों के अनुरूप जनपद सोनभद्र की ऐतिहासिक एवं भौगोलिक पहचान को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ द्वारा सदर तहसील का नाम 'रॉबर्ट्सगंज' से परिवर्तित कर 'सोनभद्र' किए जाने तथा ग्राम टाड़के डौर उर्फ रॉबर्ट्सगंज का नाम परिवर्तित कर केवल ग्राम टाड़ के डौर' किए जाने का प्रस्ताव मंडलायुक्त को प्रेषित किया गया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि जनपद की पहचान को एकरूपता प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व में नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज का नाम परिवर्तित कर नगर पालिका परिषद सोनभद्र किया जा चुका है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन एवं रोडवेज स्टेशन का नाम भी रॉबर्ट्सगंज के स्थान पर 'सोनभद्र' किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि सदर तहसील एवं ग्राम टाड़के डौर उर्फ रॉबर्ट्सगंज के नाम परिवर्तन का प्रकरण वर्ष 2022 से विभिन्न स्तरों पर विचाराधीन था। शासन की मंशा तथा जनभावनाओं के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करते हुए इसका प्रस्ताव मंडलायुक्त को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेज दिया गया है। जनपद के नाम के अनुरूप तहसील एवं अन्य प्रमुख संस्थानों के नाम एक समान होने से प्रशासनिक पहचान और जनसुविधाओं में स्पष्टता आएगी तथा सोनभद्र की विशिष्ट पहचान को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### कुटुंब न्यायालय, सोनभद्र में परामर्शदाता (काउंसलर) पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सोनभद्र ने अवगत कराया है कि कुटुंब न्यायालय अधिनियम-1984 के अंतर्गत स्थापित कुटुंब न्यायालय, सोनभद्र में उत्तर प्रदेश कुटुंब न्यायालय नियमावली-1995 के नियम 26(1) के अंतर्गत परामर्शदाता (काउंसलर) के एक पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पद हेतु अभ्यर्थी के पास समाजशास्त्र अथवा मनोविज्ञान विषय में स्नातकोत्तर उपाधि तथा समाज सेवा का अनुभव होना आवश्यक है। सामाजिक कार्य में उच्च योग्यता एवं पारिवारिक काउंसलिंग का कम से कम दो वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी। आवेदन के समय अभ्यर्थी की आयु 35 से 65 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र, शैक्षिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित 22 जून, 2026 तक प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, सोनभद्र में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कुटुंब न्यायालय, सोनभद्र के प्रशासनिक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# पिछड़े जनपद से विकसित सोनभद्र की ओर बढ़ते कदम, विकास प्रदर्शनी में दिखेगी नई तस्वीर

**● 17 से 20 जून तक पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित होगी भव्य विकास प्रदर्शनी**

**जिलाधिकारी ने तैयारियों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद सोनभद्र के पंचायत रिसोर्स सेंटर में दिनांक 17 जून से 20 जून 2026 तक चार दिवसीय भव्य विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं तथा सुशासन की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़े जाने का कार्य भी किया जाएग, जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनी में विशेष रूप से जनपद सोनभद्र में तकनीकी, डिजिटल सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। कभी पिछड़े जनपदों की श्रेणी में गिने जाने वाले सोनभद्र की विकास यात्रा एवं बदलती तस्वीर को आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल माध्यमों से आमजन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे लोग जनपद की प्रगति एवं उपलब्धियों से परिचित हो सकें।

इस दौरान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने पंचायत रिसोर्स सेंटर पहुंचकर प्रदर्शनी स्थल पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रदर्शनी को आकर्षक, व्यवस्थित एवं जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए तथा विभिन्न विभागों को अपनी उपलब्धियों एवं योजनाओं का प्रभावी प्रदर्शन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सेल्फी विथ पीएम, लाभार्थी अनुभव साझा कार्यक्रम, योजनाओं हेतु पंजीकरण एवं जन-जागरूकता गतिविधियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी में पहुंचकर विकास कार्यों का अवलोकन करने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीजीपी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की कानून व्यवस्था पर समीक्षा



**कानपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपदों में घटित विशेष कानून व्यवस्था की घटनाओं एवं विशेष अपराधों की समीक्षा, वामपंथी संगठनों, किसान संगठनों, जातीय संगठनों के बारे में चर्चा, यक्ष ऐप पर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा, Response to Media Regarding Events, जनसुनवाई की समीक्षा, सीसीटीएनएस में 60/90 दिवस के विवेचना की स्थिति, ई-साक्ष्य/ई-सम्मन की समीक्षा, ग्राउंड्स ऑफ़ अरेस्ट एंड रेअसोंस फॉर अरेस्ट , मिसिंग/रिकवर्ड चाइल्ड की समीक्षा, ऑपरेशन दहन, 68-ई एवं 68-एफ शब्द एनडीपीएस एक्ट की समीक्षा, साइबर क्राइम, जीरो फतालित्य डिस्ट्रिक्ट की समीक्षा, यातायात जाम कम करना (आरटीसी)) व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा उपर्युक्त बिंदुओं के संबंध में जनपदों द्वारा की गई कार्यवाही एवं वर्तमान वस्तुस्थिति से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

### अमरनाथ यात्रा खाद्य सामग्री से भरे ट्रक रवाना, महापौर ने हरी झंडी दिखाकर भेजी सामग्री



**कानपुर ग्रामीण।** तीन जुलाई से शुरू होने वाली श्रीअमरनाथ यात्रा के लिए कानपुर से शिव सेवक समिति द्वारा खाद्य सामग्री से भरे ट्रक रवाना किए गए,, महापौर प्रमिला पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा मार्ग के लिए भेजा,, आपको बताते चलें कि इस यात्रा में शामिल होने वाले लाखों भक्तों की सेवा सुरक्षा के लिए कानपुर से सेवा का संकल्प रवाना हुआ,, साकेत नगर स्थित नीलकंठ गेस्ट हाउस से नगर महापौर प्रमिला पांडेय और पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया ने शिव सेवक समिति द्वारा भेजी गई खाद्य सामग्री से भरे ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना किया,,शिव सेवक समिति अध्यक्ष रत्नेश वर्मा ने बताया कि उनकी समिति पिछले कई सालों से लगातार अमरनाथ यात्रियों की सेवा में समर्पित है, इस वर्ष भी भक्तों की सुविधाओं को पूरा ध्यान रखते हुए खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक सामग्री से भरा दूसरा ट्रक नीलकंठ गेस्ट हाउस गौशाला से रवाना किया गया है, अध्यक्ष रत्नेश वर्मा ने प्रदेश और नगर वासियों से अपील की है कि वे पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ श्री अमरनाथ यात्रा करें, उन्होंने आश्वस्त किया कि बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से यात्रा मार्ग पर सभी बाबा बर्फानी के भक्तों की सभी जरूरतें शिव सेवा समिति पूरा करतीं रहेंगी।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य का जनपद में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम आयोजित

**प्रतापगढ़।** प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा बुधवार एवं गुरुवार को दो दिवसीय भ्रमण पर प्रतापगढ़ आएंगी। अपने प्रवास के दौरान वह महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों में सहभागिता करने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं, जनसुनवाई व्यवस्था और कारागार की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज बुधवार को पूर्वान्ह 10 बजे वह रानीगंज गेस्ट हाउस पहुंचेंगी। इसके उपरांत पूर्वान्ह 10.45 बजे गौरा हॉस्पिटल का निरीक्षण करेंगी। इसके बाद पूर्वान्ह 11.45 बजे गौरा ब्लॉक में आयोजित जनसुनवाई एवं चौपाल कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रीय महिलाओं और आमजन की समस्याएं सुनेंगी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगी। दिन के कार्यक्रमों के उपरांत वह अपरान्ह 3.45 बजे प्रतापगढ़ गेस्ट हाउस लौटेंगी और रात्रि विश्राम करेंगी। भ्रमण के दूसरे दिन 18 जून को महिला आयोग सदस्य पूर्वान्ह 11 बजे महिला मेडिकल कॉलेज में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर नवजात बालिकाओं के सम्मान और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों को बढ़ावा देने का संदेश देंगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे जिला कारागार का निरीक्षण करेंगी। निरीक्षण एवं समीक्षा कार्यक्रमों के पश्चात वह दोपहर 1.15 बजे गेस्ट हाउस पहुंचेंगी और वहां से कौशांबी के लिए प्रस्थान करेंगी।

## कानपुर में अनुराग ठाकुर ने अयोध्या पर विपक्ष को घेरा, राम मंदिर का विरोध करने वाले अब उठा रहे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ग्रामीण।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने अयोध्या राम मंदिर में चंदा चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला,, उन्होंने कहा कि जो पार्टी वर्षो तक राम मंदिर निर्माण का विरोध करते रहे, वहीं अब मंदिर को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं, उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई हैं,तो उसके लिए एसईटी का गठन किया जा चुका है,, जांच भी होंगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएंगी,, कानपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार के 12 वर्षो के कार्यकाल को देश के लिए परिवर्तन कारी बताया, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीतें 12वर्षो में देश के सबसे बेमिसाल वर्षो में शामिल हैं, उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने विकास, बुनियादी ढांचे,गरीब कल्याण, डिजिटल इंडिया, आत्म निर्भर भारत, और राष्ट्रीय सुरक्षा, के क्षेत्र में जितना काम किया है उतना किसी पूर्व वर्ती सरकार ने नहीं किया, उनका कहना था कि देश आज वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है,और जनता लगातार भाजपा सरकार की नीतियों पर विश्वास कर रही है, अनुराग ठाकुर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय से लूट और भ्रष्टाचार की राजनीति चल रही थी, यही कारण है कि अब वहां के कई जनप्रतिनिधि पार्टी छोड़ रहे हैं और टीएमसी के भीतर ज्यादा भय और असंतोष का संकेत हैं।

## तीन साल जन-जन बेहालः सभासदों ने पालिका अध्यक्ष व प्रतिनिधि पर लगाए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** नगर पालिका परिषद उन्नाव की कार्यशैली को लेकर नाराज दर्जनभर सभासदों ने मंगलवार को मोर्चा खोलते हुए पालिका अध्यक्ष एवं उनके प्रतिनिधि पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। सभासदों ने कहा कि पिछले तीन वर्षो में नगर की जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है, जबकि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा विकास के लिए दिए जा रहे भारी-भरकम बजट पर भ्रष्टाचार की दीमक लग गई है। सभासदों ने साक्ष्यों का पिटारा सौंपते हुए दावा किया कि पालिका प्रशासन द्वारा कई मामलों में गलत जानकारी दी जा रही है। उनका आरोप है कि जहां जेम पोर्टल पर खजूर के पेड़ उपलब्ध नहीं होने की बात कही गई, वहीं वास्तविकता कुछ और है। उन्होंने कहा कि आरोपों को झूठ बताने वाले लोग अनर्गल बयानबाजी में माहिर हैं, लेकिन तारीख, समय और दस्तावेज स्वयं बता रहे हैं कि वास्तविकता क्या है।

सभासदों ने आरोप लगाया कि पालिका अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधि की संपत्तियों एवं वाहनों का काफिला लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि 3 जून को करीब दो करोड़ रुपये मूल्य की जमीन खरीदी गई, जबकि आय कम होने की बात कही जा रही है। सभासदों का कहना है कि नगर पालिका झूठ और भ्रामक दावों से नहीं चल सकती तथा नगर में भ्रष्टाचार खुलेआम जारी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पालिका अध्यक्ष के पति द्वारा मुख्यमंत्री का संरक्षण प्राप्त होने की बात कही जाती है। इस पर सभासदों ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार करने की अनुमति दी है? उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की। सभासदों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो वे धरना-प्रदर्शन और जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## जिला खेल स्टेडियम में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश



**प्रतापगढ़।** जन सम्पर्क एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपक्रीड़ा अधिकारी रंजीत कुमार यादव ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।कार्यक्रम में क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य प्रसाद शुक्ल, हैंडबॉल प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कुश्ती प्रशिक्षक अरविन्द कुमार, कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव, खेलो इंडिया सेंटर हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह तथा तलवारबाजी प्रशिक्षिका लबली मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और अधिकाधिक पौधरोपण कर हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

## प्रभारी मंत्री ने ग्राम पंचायत दुल्हा सुमाली में जन चौपाल में सरकार की गिनाई 12 साल की उपलब्धि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास खंड बर्डपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुल्हा सुमाली में रात्रि चौपाल में मुख्य अतिथि मंत्री श्रम सेवायोजन एवं समन्वय विभाग उ0प्र0 सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कार्यक्रम में उपस्थित माता बहनों का उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण हुए है देश एवं प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ समस्त पात्र लाभार्थियों को दिया जा रहा है । प्रधानमंत्री द्वारा 82 करोड लोगों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 5 लाख तक का निः शुल्क इलाज के सुविधा दी जा रही है जिन लोगों के पास अपना मकान नहीं है उन्हें पक्का मकान दिया जा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्य,विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही ने संबोधित किया। इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एसएसपी डॉ.अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, उपजिलाधिकारी नौगढ़ राहुल सिंह, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर ओमप्रकाश यादव, ग्राम प्रधान नीतू पांडे, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिलीप पांडेय व अन्य अधिकारी/कर्मचारी, लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।

### सभासद और नगर पंचायत के जेसीबी चालक के बीच विवादः कर्मचारियों ने ईओ को ज्ञापन सौंपा




**सिद्धार्थनगर।** जिले की नगर पंचायत कपिलवस्तु में सभासद और जेसीबी चालक के बीच मारपीट का विवाद सामने आया है। चालक की पिटाई से आक्रोशित कर्मचारियों ने कार्रवाई की मांग को लेकर ईओ (अधिशासी अधिकारी) को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि शत्रुधन प्रसाद पुत्र छोटेलाल नगर पंचायत कपिलवस्तु में जेसीबी चालक के पद पर कार्यरत है ।रविवार को अध्यक्ष के आदेशानुसार आजाद नगर परसा में जेसीबी से काम चल रहा था कि इसी बीच संदीप मोदन?वाल सभासद का फोन आया कि वार्ड नं0-15 में गिट्टी मोरंग लोड कर पहुंचना है इसके लिए जेसीबी की माँग की गई, कुछ देर बाद जेसीबी लेकर जैसे ही मोहनाजोत चौराहे पर वीरू सभासद के दुकान के पास पहुंचा ही था कि बाईक पर सवार चार लोग हाकी लेकर जेसीबी के पास आ गये और जेसीबी के ऊपर चढ़ गये और मारने पीटने लगे, मारने और पीटने से गर्दन व पीठ पर बहुत चोट आई है। इस मामले में ईओ नवीन कुमार सिंह का कहना है कि ज्ञापन मिला है उचित कार्रवाई की जाएगी।

## कानपुर में विपरीत दिशा में वाहन चलाने वालों पर बड़ी कार्यवाही, ओवर स्पीड वाहनों के भी चालान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज दिनांक 16.06.26 को एसीपी यातायात मनोज कुमार सिंह एवं मंजय सिंह की उपस्थिति में यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर विपरीत दिशा में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही की गई व सही दिशा में वाहन चलाने,सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है । आज दिनांक 16.06.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 73 ट्रक, 04 बस, 94 चार पहिया/दो पहिया 171 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 05 ट्रक, 07 बस, 107 चार पहिया / दो पहिया 119 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 64 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें । नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

## 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त टीचर्स को टीईटी परीक्षा से मुक्त करने की पुरजोर मांग

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग), जनपद इकाई -प्रतापगढ़ द्वारा गुरुवार को समय 3.30बजे भारी संख्या में एकत्रित होकर एनआईसी प्रतापगढ़ में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री,केन्द्रीय शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित मांगपत्र सौंपकर देश में 23अगस्त2010से पहले और उत्तर प्रदेश में 27जुलाई 2011तक से पहले नियुक्त हुए शिक्षक, शिक्षिकाओं को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से मुक्त रखकर उनकी सेवा सुरक्षित करने और उन्हें नैसर्गिक न्याय प्रदान करने की मांग की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अशोक राय व जिला महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि इस मनमाने प्राविधान से सरकार के प्रति शिक्षक समाज में बहुत आक्रोश है। इस मांगपत्र/ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री और केन्द्र सरकार से इस मुद्दे पर मानवीय आधार पर संवेदनशीलता दिखाते हुए शिक्षकों को इससे राहत देने की पुरजोर मांग की जाएगी।

## सभी संगीन घटनाओं के सटीक खुलासे के बाद शिवली पुलिस का अब जुआंरियों पर शिकंजा, चार गिरफ्तार

● अधिक से अधिक कमाई के लालच में हार जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलने वाले गिरोह भंडाफोड़ करने में सफलता प्राप्त की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में हर तरह के अपराधियों के खिलाफ शिवली पुलिस का अभियान लगातार जारी है ,जिसके क्रम में अधिक से अधिक कमाई के लालच में हार जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलने वाले गिरोह भंडाफोड़ करने में सफलता प्राप्त की गई है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चार जुआंडियोंके पास से 35700 की नगदी भी बरामद की है। यह सफलता अपने अब तक के कार्यकाल में छोटी बड़ी सभी संगीन घटनाओं आदि का भी सटीक खुलासा करने में सफल निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के तेजतर्रार और व्यवहार कुशल जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई में मिली।

उन्होंने मोबाइल की रोशनी में जुआं खेल रहे 04 जुआरियों अनुज शुक्ला पुत्र कृपाशंकर शुक्ला निवासी ग्राम बारा सिरोही थाना कल्यानपुर, सुनील कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम बन्सटी थाना चौबेपुर, अनिल कुमार पुत्र सुन्दरलाल निवासी ग्राम बहरमपुर थाना चौबेपुर, जीतू कुमार वर्मा निवासी ग्राम बारा सिरोही थाना कल्यानपुर जनपद कानपुर नगर को ग्राम गौरी से आगे खेत में चौकी क्षेत्र बाघपुर से जुआ खेलते हुए हिरासत लिया गया। उनके पास से 35700 रुपये, 52 ताश के पत्ते और एक सफेद गमछे का फड़ भी मिला। अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले इंस्पेक्टर अमरेन्द्र बहादुर सिंह की अगुवाई वाली इस टीम में सब इंस्पेक्टर योगेन्द्र कुमार शर्मा ,कांस्टेबल बोबी सिंह, सोनवीर सिंह, प्रशिक्षु कांस्टेबल सुमित कुमार, प्रवेन्द्र, राघवेन्द्र तिवारी और अतुल प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

## पांच ग्राम पंचायतों में लगी रात्रि चौपाल, अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद की 05 ग्राम पंचायतों में सोमवार को आयोजित रात्रि चौपालों में प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। रात्रि चौपालों का आयोजन विकास खंड गौरा की ग्राम पंचायत गौरापूरेबदल, मंगरौरा की मदाफरपुर, आसपुर देवसरा की रत्तीपुर, सदर की बढ़नी तथा मानधाता की सरायनाहरराय ग्राम पंचायत में किया गया। चौपालों में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

ग्राम पंचायत गौरापूरेबदल में आयोजित चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना ने स्वयं ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने नहर में पानी की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति, राशन कार्ड, साफ-सफाई और अन्य स्थानीय समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चौपाल में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, खंड विकास अधिकारी गौरा धर्मेंद्र प्रताप सिंह सहित



विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने आवास, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, स्वच्छता, भूमि विवाद तथा अन्य विकास संबंधी समस्याएं उठाई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के वार्ड नंबर 15 विश्वनाथ नगर टोला डेंगहर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारम्भ दिन मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ बिस्कोहर बस स्टाप से होते हुए बूढ़ी राप्ती नदी घाट पर जल भरने के लिए पहुंची। अयोध्या धाम से पधारे यज्ञाचार्य बनवारी लाल त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोचारण के द्वारा मुख्य यजमान शीला देवी पत्नी स्व हरीराम त्रिपाठी को विधि विधान के अनुसार पवित्र जल भराया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पर जल को लेकर यज्ञ मण्डप में विधि विधान से स्थापित किया गया।

कथा संयोजक महेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि कथा 22 जून तक चलेगी।इस कार्यक्रम में कथा ब्यास स्वामी मधुसूदन चार्य जी, यज्ञाचार्य बनवारी लाल त्रिपाठी, मुख्य यजमान शीला देवी, मोहन मिश्रा, राम बोल पाठक, सुरेश पाण्डेय,बैजनाथ गुप्ता, हरिकीर्तन मणि त्रिपाठी, विवेक शुक्ला, संजय सोनी, डाक्टर अभि विश्वास, महेंद्र मणि त्रिपाठी, मनोज कुमार त्रिपाठी, धर्मेन्द्र मणि त्रिपाठी, धीरेंद्र मणि त्रिपाठी, राघवेंद्र, अविनाश, शुभम, आशीष, दिव्यांश, राज रतन आदि मौजूद रहे।

## उमरवैश्य समाज सभा का 21वां छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 28 जून को



**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा की एक बैठक सभा के अध्यक्ष गुलाबचंद उमरवैश्य की अध्यक्षता में मकरंदुगंज प्रतापगढ़ में संपन्न हुई। जिसमें समाज सभा द्वारा आयोजित 21वां छात्र- छात्रा सम्मान समारोह में हाईस्कूल, इंटर एवं स्नातक में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण 128 मेधावियों को 28 जून को चिलबिला उमरवैश्य धर्मशाला में सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मदनलाल आभार ज्ञापन कोषाध्यक्ष कैलाश मैनेजर द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री राम, विश्वनाथ, विजय कुमार, दीपक सभासद, हनुमान प्रसाद, अजय कुमार, देवेंद्र गुप्ता, डॉ0 श्याम, पवनेश कुमार, रमेश, जवाहरलाल बच्चा, गुलाबचंद, मदनलाल, कैलाश मैनेजर, रामेश्वर, जीतलाल आदि समाज सभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कानपुर में सपा ने निकाली पीडीए जनसंदेश यात्रा, कार्यकर्ताओं ने घर-घर किया जनसंपर्क

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर द्वारा 216 कैंट विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार शाम 5:30 बजे जाजमऊ पुरानी चुंगी से पीडीए (पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक) जनसंदेश यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एवं अध्यक्षता समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद ने की। पीडीए जनसंदेश यात्रा जाजमऊ पुरानी चुंगी से प्रारंभ होकर मककू शहीद का भट्टा, अशरफाबाद, मोती नगर, केडीए कॉलोनी, डिफेंस कॉलोनी सहित कैंट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पहुंची। यात्रा के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया तथा पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं पीडीए के सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

हाजी फज़ल महमूद ने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में पीडीए समाज के अधिकारों और भागीदारी पर लगातार चोट पहुंची है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया में देरी, आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने के प्रयास, शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों में कमी तथा बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का सबसे अधिक असर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों पर पड़ा है। सरकार की नीतियों के कारण समाज के कमजोर वर्ग स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

हाजी फज़ल महमूद ने कहा कि पीडीए जनसंदेश यात्रा केवल एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि समाज के पीड़ित, वंचित, शोषित, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर और नौजवान वर्गों की आवाज़ को बुलंद करने का एक व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा कैंट विधानसभा से शुरू होकर शहर के कोने-कोने तक पहुंचेगी और समाज के हर उस व्यक्ति तक जाएगी जो अपने अधिकारों, सम्मान और भागीदारी के लिए संघर्ष कर रहा है।

## उन्नाव क्रिकेट स्टेडियम में एकेडमी और मैदान निर्माण में करोड़ों का घोटाला, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** वक्फ बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन रजा ने सोमवार को लगभग शाम 7.45 बजे मुर्तजानगर क्षेत्र में निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम में एकेडमी व मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण के लिए दिए गए 21 करोड़ में सिर्फ तीन करोड़ खर्च करने का हिसाब मिल रहा है। लेकिन तीन करोड़ की लागत के अनुसार भी जमीन पर काम नहीं दिखा रहा है। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने करोड़ों के घालमेल का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मैं शासन से जांच कराने की मांग करूंगा।

वक्फ बोर्ड अध्यक्ष रजा स्टेडियम पहुंचे जहां निरीक्षण के बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के नाम पर लिमिटेड कंपनी बनाकर धन का बंदरबांट करने का आरोप लगाया।

बताते चलें मुर्तजानगर में 13 हेक्टेयर भूमि पर यूपीसीए स्टेडियम का निर्माण करा रहा है। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष व पूर्व रणजी खिलाड़ी मोहसिन रजा ने मैदान की दुर्दशा देख कर उस पर सवाल उठाए। उन्होंने वहां मौजूद कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से कहा कि जगह जगह घास उगी है इसे ग्राउंड कहा जाएगा। अभी तक न एकेडमी बन पाई है और ना ही मैदान बन पाया है। स्टेडियम के नाम पर सिर्फ अब तक खंडहर दिख रहा है।

वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि बीसीसीआई ने 2011 में 21 करोड़ रुपये दिए थे। इस पैसे से एकेडमी व मैदान का निर्माण होना था। पांच साल से अभी तक तीन करोड़ से काम कराने की बैलेंसशीट जानकारी दे रहे हैं। लेकिन धरातल पर वह भी नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि जो तीन करोड़ खर्च दिखाया जा रहा है उतने का काम नजर नहीं आ रहा है। मैं शासन मांग करूंगा कि पदाधिकारियों को हटाकर प्रशासक नियुक्त किया जाए। और इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### खान सर के गार्डों को नहीं मिली जमानत, पटना के कोचिंग बवाल केस में अब 20 जून को होगी सुनवाई



**पटना।** राजधानी पटना के मुसल्लहपुर हाट स्थित खान ग्लोबल स्टडीज में हुए बवाल और फायरिंग मामले में मंगलवार को अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान फैजल खान उर्फ खान सर के दोनों गार्डों को राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर तत्काल फैसला सुनाने के बजाय पुलिस को अपडेटेड केस डायरी और अन्य जरूरी दस्तावेज पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब 20 जून को होगी। इसी दिन फैजल खान से जुड़े मामले की भी सुनवाई प्रस्तावित है। उन्?हें 20 जून तक के लिए गिरफ्तारी से राहत मिली है। वहीं, ज्ञान बिंदु जीएस एकेडमी के संचालक रौशन आनंद के सहयोगियों की ओर से भी जमानत याचिका दायर किए जाने की चर्चा तेज है।

**फैजल खान पर हत्या का आरोप**

इधर, एक दिन पहले जेल से बाहर आए रौशन आनंद ने मामले को नया मोड़ दे दिया है। उन्होंने फैजल खान और एक कोल्ड स्टोरेज मालिक पर अपने भाई प्रिंस यादव की हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि सोमवार देर रात सहरसा में प्रिंस यादव का अंतिम संस्कार किया गया। उनके चाचा ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक शामिल हुए। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रिंस यादव के बड़े चाचा मनोज यादव के अनुसार, बेटे की मौत की खबर सुनने के बाद उसके माता-पिता गहरे सदमे में हैं और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। परिवार लगातार न्याय की मांग कर रहा है।

### दिल्ली: द्वारका में दो घोषित अपराधी गिरफ्तार, एक देसी कट्टे से वसूलता था रकम

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

**दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में दो घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपित देसी कट्टे के दम पर नशे के आदी लोगों को धमकाकर उनसे पैसे वसूलता था, जबकि दूसरा मोटर वाहन चोरी के मामले में अदालत द्वारा घोषित अपराधी था और लगातार ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहा था। नजफगढ़ थाना पुलिस की टीम यूईआर-दो, नांगली सकरावती क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर वापस मुड़कर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान दिलशाद उर्फ मोनू (33) निवासी धर्मपुरा, नजफगढ़ के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक लोडेड देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह नशे की लत पूरी करने के लिए अवैध हथियार के बल पर नशेड़ियों को धमकाकर उनसे पैसे लेता था। जांच में पता चला कि वह एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में अदालत द्वारा घोषित अपराधी है। वह नजफगढ़ थाना का घोषित बदमाश भी है और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट समेत 30 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संबंध में नजफगढ़ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, द्वारका नार्थ थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत आकाश मेहुलिया उर्फ चीनू (34) को गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि मोटर वाहन चोरी के मामले में घोषित अपराधी आकाश गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर सेक्टर-3 द्वारका क्षेत्र में कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आकाश को 28 जनवरी को मोटर वाहन चोरी के एक मामले में द्वारका कोर्ट द्वारा घोषित अपराधी घोषित किया गया था। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, मारपीट और वाहन चोरी समेत आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना के बाद पटरी पर लौटी चढ़ावे की गणना, प्रतिदिन आ रहे 20 लाख रुपये

● राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के बाद बाधित हुई गणना अब पटरी पर लौट आई है। प्रतिदिन 18-20 लाख रुपये का चढ़ावा आ रहा है, जिसकी नियमित गिनती कर भारतीय स्टेट बैंक में जमा किया जा रहा है।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अयोध्या।** राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद मंदिर प्रबंधन पर भी इसका गहरा असर पड़ा है। यहां की व्यवस्थाओं पर आशंकाओं के बादल अभी भी मंडरा रहे हैं। यहां तक कि चढ़ावे के रूप में अर्पित हो रही धनराशि की गणना के ठिठकने की भी चर्चा है। कुछ दिन पूर्व कर्मियों की कमी ने समस्या उत्पन्न की थी, लेकिन जल्द ही धनराशि की गणना पटरी पर आ गई। इस समय नित्य 18-20 लाख रुपये चढ़ावे के रूप में प्राप्त हो रहे हैं। प्रतिदिन ही मंदिर परिसर में निर्धारित स्थल पर चढ़ावे की गिनती कर इसे भारतीय स्टेट बैंक अयोध्या शाखा के निर्धारित खाते में जमा किया जाता है। बीते दस दिन में यह धनराशि लगभग दो करोड़ हैं। जबकि इन दिनों औसत रूप से एक लाख से अधिक भक्त दर्शन कर रहे हैं।यह धनराशि श्रद्धालुओं के बढ़ने घटने के सापेक्ष बढ़ती और घटती है। रामलला की प्रतिष्ठा के बाद चढ़ावे की धनराशि में खूब उछाल आया। तो गिनती के लिए कर्मचारी बढ़ाए गए। दानपात्र भी जगह-जगह लगाए गए थे। शुरू में इस धनराशि की गणना बैंक के कर्मचारी ही सप्ताह में एक दिन करते थे, लेकिन बाद में इसे नियमित कर दिया गया। इसमें बैंक के अलावा एक अन्य एजेंसी को लगाया गया, जिसे बैंक की ओर से हायर करने की बात कही जाती है। हाल में ही चढ़ावे में चोरी करने वाले लोग इसी एजेंसी के हिस्सा बताए गए। चढ़ावे की गणना के जुड़े सूत्र बताते हैं कि पहले एक-एक दिन में एक करोड़ धनराशि भी प्राप्त होती रही। इस समय भी कुछ एजेंसी के कर्मचारी गणना से जुड़े हैं। गणनाकर्ताओं में बैंक के 14 कर्मचारी तैनात हैं। महाकुंभ के समय नित्य का सर्वाधिक चढ़ावा एक करोड़ प्राप्त होता रहा। बैंक प्रबंधक व ट्रस्टियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क न हो पाने से उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

### गोरखपुर में राप्ती नदी में डूबे चार किशोर, एक का शव मिल, तीन की तलाश जारी

**गोरखपुर।** तिवारीपुर के माधोपुर इलाके में मंगलवार को राप्ती नदी में चार किशोरों के डूबने की सूचना से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी डॉ. कौस्तुभ, एसपी सिटी निमिष पाटील समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए और राहत-बचाव अभियान की निगरानी शुरू कर दी। देर शाम तक एक किशोर का शव बरामद कर लिया गया, जबकि तीन अन्य की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, न्यू माधोपुर कॉलोनी निवासी सतीश यादव का 13 वर्षीय पुत्र सर्वेश यादव नदी में डूब गया था। उसे बाहर निकालकर तत्काल बीआरडी मेडिकल कालेज के नेहरु अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, न्यू माधोपुर कॉलोनी निवासी विक्की यादव की 13 वर्षीय पुत्री पीहू यादव का अब तक पता नहीं चल सका है। स्वजन के अनुसार सर्वेश और पीहू भैंस चराने के लिए नदी किनारे गए थे। दोपहर करीब दो बजे दोनों नदी में उतर गए और गहरे पानी में चले गए। इसी दौरान चार बच्चों के नदी में डूबने की सूचना फैल गई, जिससे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों का दावा है कि नदी में चार किशोर नहा रहे थे। हालांकि, पुलिस अभी तक केवल सर्वेश और पीहू की ही पहचान कर सकी है। दो अन्य बच्चों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस और प्रशासन उन दोनों की पहचान तथा वास्तविक स्थिति का पता लगाने में जुटे हैं।

## खान सर पर बरसे पूर्व मंत्री बोले- यूपी से बिहार ठगने आया है 'फ्रॉड शिक्षक', CM को दूंगा पूरी डिटेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बैजनाथपुर (सहरसा)।** थाना क्षेत्र के सहुरिया पश्चिमी पंचायत के धमसेना गांव में ज्ञान बिंदु जीएस अकेडमी के निदेशक रौशन आनंद के भाई प्रिंस यादव के दाह संस्कार के बाद पीड़ित परिवार से मिलने और शोक संवेदना प्रकट करने वालों का लगातार तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं छातापुर विधायक नीरज कुमार बबलू ने मंगलवार को धमसेना पहुंचकर रौशन आनंद के परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि यह खान फ्रॉड शिक्षक है। यह उत्तर प्रदेश से बिहार में ठगने के लिए आया है। उन्होंने आगे कहा कि रौशन आनंद शिक्षा देने का काम करता है। पटना में हुई फायरिंग मामले की भी गिरफ्तारी व अच्छे से जांच होनी चाहिए। प्रिंस की संदिग्ध मौत पर उन्होंने कहा कि यह दुखद घटना है। इसमें बड़ी साजिश की आशंका है। उन्होंने कहा कि यह हत्या है और इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। यह कोसी क्षेत्र का मामला है। वो मुख्यमंत्री से मिलकर पूरी जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि फैजल खान का पाकिस्तान व नेपाल से भी कनेक्शन हो सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार के बच्चों को ऐसे शिक्षक से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले को विधानसभा में उठाया जाएगा। कानून के अनुसार दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वे और उनकी पार्टी पूरी मजबूती के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। वहीं, लोजपा के प्रदेश महासचिव सह पालीगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनील यादव भी धमसेना पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिले और अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने भी मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रिंस यादव की संदिग्ध मौत के बाद गांव में अब भी शोक का माहौल बना हुआ है। विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि लगातार पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दे रहे हैं तथा मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं।

## विकास के दावों की पोल खोल रही हैं भामियां-जमालपुर क्षेत्र की सड़कें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** भामियां, जमालपुर और आसपास के इलाकों की सड़कों की बदहाल स्थिति ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के विकास संबंधी दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र की कई सड़कें इतनी खराब हो चुकी हैं कि वे सड़कें कम और मिट्टी-पानी से भरी झीलें अधिक दिखाई देती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन फिसल जाते हैं और दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों ने बताया कि वे लंबे समय से सड़क निर्माण और मरम्मत की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि चुनावों के समय विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन बाद में उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। समाचार में उल्लेख है कि कुछ स्थानों पर सड़क की हालत इतनी खराब है कि वाहन कीचड़ और गड्ढों में फंस जाते हैं। तस्वीर में भी कुछ लोग एक वाहन को धक्का देकर निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्थानीय लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़कों की जल्द मरम्मत कराई जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के मौसम में हालात और खराब हो सकते हैं। लोगों का यह भी कहना है कि खराब सड़कों के कारण बच्चों को स्कूल जाने, मरीजों को अस्पताल पहुंचाने और आम नागरिकों को अपने दैनिक कार्यों के लिए आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर हो सकते हैं।

### सतीश उपाध्याय ने संभाला दिल्ली जल बोर्ड उपाध्यक्ष का पदभार, जल सेवाओं में सुधार का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने मंगलवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। विधायक अजय महावर, मनोज शौकीन और दिल्ली छावनी बोर्ड के सदस्य राजेश गोयल ने जल बोर्ड के सदस्य के रूप में शपथ ली। उन्होंने कहा कि लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना (एलपीएससी) का अब तक 4.6 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने लाभ उठाया है। इससे दिल्ली जल बोर्ड को 637.01 करोड़ का राजस्व मिला है। 15 अगस्त तक चलने वाली इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ता बिना जुर्माना दिए अपना बकाया बिल जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अवैध जल कनेक्शन को वैध करने के विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत घरेलू उपभोक्ता एक हजार और अन्य श्रेणी के उपभोक्ता पांच हजार रुपये का शुल्क देकर कनेक्शन को नियमित करा सकते हैं। यह योजना 31 अगस्त तक चलेगी। अब तक 3107 कनेक्शन वैध किए गए हैं। उपाध्यक्ष और तीनों सदस्यों का कार्यकाल दो वर्षों का होगा। फरवरी, 2025 में वर्तमान विधानसभा के गठन के बाद से उपाध्यक्ष और तीनों सदस्यों के पद रिक्त थे।

## हरजोत सिंह बैंस ने अमृतसर में रात 1 बजे सफाई अभियान चलाया

● गुरु नगरी की सड़कों को साफ रखने के लिए रात 10 बजे से 2 बजे तक खास सफाई अभियान चलाया जाएगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमृतसर-** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के 'मिशन क्लीन पंजाब' को ग्राउंड लेवल पर लागू करते हुए, लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर हरजोत सिंह बैंस ने मंगलवार सुबह 1:00 बजे अमृतसर के चारदीवारी वाले शहर की सड़कों पर घूमकर नए शुरू हुए नाइट क्लीनिंग कैंपेन का इंस्पेक्शन किया। हरजोत सिंह बैंस ने कहा, 'अमृतसर सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता का सेंटर है।' उन्होंने कहा कि अब पहली बार सफाई का काम सिर्फ़ दिन में ही नहीं होगा। रोज़ रात 10 बजे से सुबह 2:00 बजे तक एक स्पेशल सफाई शिफ्ट चलाई जा रही है ताकि हरमंदिर साहिब में अमृत वेला के दर्शन के लिए आने वाली संगत को साफ़ सड़कें मिल सकें। सफाई अभियान का रिव्यू करने के बाद लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर ने कहा कि यह एक रात का प्रोग्राम नहीं है। वह पवित्र शहर की सफ़ाई पक्का करने के लिए किसी भी रात को सरप्राइज़ इंस्पेक्शन करेंगे। लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर ने वॉल्ड सिटी में कई घंटे बिताए और दरबार साहिब के आस-पास के इलाकों का पैदल दौरा किया। उन्होंने सेकेंडरी वेस्ट कलेक्शन पॉइंट्स की सफ़ाई का रिव्यू किया, तंग गलियों में डोर-टू-डोर कलेक्शन प्रोसेस को मॉनिटर किया और बताया कि पहले मार्क की गई खुली डंपिंग साइट्स को खत्म कर दिया गया है। उन्होंने रात की ड्यूटी पर तैनात सफ़ाई कर्मचारियों से भी बातचीत की और उन्हें आ रही दिक्कतों के बारे में पूछा। एस. बैंस ने कहा कि हेरिटेज स्ट्रीट की चमक वापस आएगी और वॉल्ड सिटी के ज़रूरी इलाकों में रोज़ाना सफ़ाई पक्की की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब कूड़े के ढेर हट जाएंगे, तो आवारा जानवर भी सड़कों से दूर रहेंगे। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, 'मैं इस पवित्र शहर की सड़कों पर एक भी रैपर, लिफ़ाफ़ा या प्लास्टिक की बोतल नहीं देखना चाहता।' उन्होंने कहा कि नगर निगम की टीमें रात 10:00 बजे से सुबह 2:00 बजे तक सफ़ाई करती हैं, लेकिन जब लोग अपनी बालकनी और छतों से कूड़ा फेंकते हैं, तो उनकी मेहनत बेकार चली जाती है। उन्होंने कहा, 'जब पूरा शहर सो रहा होता है, तब सफ़ाई कर्मचारी अपनी ड्यूटी कर रहे होते हैं। कम से कम यह हमारी ड्यूटी तो है कि हम अपने घरों की खिड़कियों और बालकनी से सड़कों पर कूड़ा न फेंकें।' एस. बैंस ने कहा कि अमृतसर की सफ़ाई सिर्फ़ एक नागरिक ड्यूटी नहीं है। गुरु साहिब से जुड़े इस पवित्र शहर की सेवा करना हमारे लिए सेवा का प्रतीक है। सके साथ ही, लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर आज सुबह 8:00 बजे से लोकल रू मेयर, कमिश्नर और सीनियर अधिकारियों के साथ फ़ील्ड में मौजूद थे। उन्होंने घर-घर जाकर इंस्पेक्शन किया, लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों को समस्याओं का समाधान पक्का करने के निर्देश दिए। एस. बैंस ने कहा कि 'मिशन क्लीन पंजाब' ऑफिसों में बैठकर नहीं, बल्कि सड़कों पर उतरकर चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने रात के इंस्पेक्शन का वीडियो ज़्यादा से ज़्यादा शेयर करें ताकि साझा ज़िम्मेदारी की भावना मज़बूत हो सके। उन्होंने कहा, 'यह कैंपेन लोगों के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकता। अमृतसर जितना साफ़ होगा, उतने ही ज़्यादा श्रद्धालु और टूरिस्ट यहां आएंगे।'

## आमंत्रण पर वेदांता वैली पब्लिक स्कूल पहुंचे एडुक्रीया के संस्थापक राघब चंद्र नाथ

● राघब चंद्र नाथ का हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






एडुक्रीया ग्लोबल एसोसिएशन के संस्थापक एवं निदेशक राघब चंद्र नाथ विद्यालय के विशेष आमंत्रण पर जलपाईगुड़ी स्थित वेदांता वैली पब्लिक स्कूल पहुंचे। उनके विद्यालय आगमन पर स्कूल परिसर में उनका गर्मजोशी एवं भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के सलाहकार अमित रॉय एवं तमालिका दत्ता ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया, जबकि शिक्षकों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका अभिनंदन किया। वेदांता वैली पब्लिक स्कूल का संचालन ओम प्रजापति फाउंडेशन फॉर रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। ट्रस्ट के गवर्निंग बॉडी प्रेसिडेंट अमित रॉय तथा जनरल सेक्रेटरी तमालिका दत्ता हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। विद्यालय स्वयं को ओम प्रजापति फाउंडेशन फॉर रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थान के रूप में प्रस्तुत करता है। विद्यालय भ्रमण के दौरान नाथ ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। शिक्षकों ने अपनी शिक्षण पद्धतियों एवं नवाचारों की जानकारी साझा की। विद्यार्थियों से बातचीत के बाद नाथ ने शिक्षकों की रचनात्मक, प्रभावी एवं छात्र-केंद्रित शिक्षण शैली की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों—नछिमा खातून, अर्पिता घोष, तियासा साहा, शबाना परवीन, चंद्रिमा ताराफदर, सानिया महतो, प्रियंका रॉय तथा शुभ्रद्वीप कर्मकार—को व्यक्तिगत एवं वोकेशनल विकास के लिए शोध आलेख तैयार कर पुस्तकों एवं शोध-पत्रिकाओं (जर्नल्स) में प्रकाशित कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को नियमित रूप से लेखन एवं शोध कार्य से जुड़ना चाहिए, जिससे उनके ज्ञान, कौशल और प्रोफेशनल ग्रोथ में निरंतर वृद्धि होती है। नाथ ने विद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारी प्रयासों की भी सराहना की और कहा कि यह मॉडल अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### बरेली मर्डर: युवक की हत्या के बाद सड़क पर उतरे परिजन, पांच थानों की पुलिस ने संभाला मोर्चा

**बरेली।** डीजे संचालक की हत्या के बाद गुस्साए स्वजन ने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर रोड जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पांच थानों की पुलिस ने किसी तरह से जाम खुलवाया। स्वजन की मांग थी कि आरोपितों का एनकाउंटर किया जाए। पुलिस ने किसी तरह से लोगों को समझकर मामला शांत कराया। बारादरी के गोसाई घोटिया निवासी 21 वर्षीय अर्जुन मौर्य डेलापीर स्थित एक बारात घर में डीजे संचालित करते थे। सोमवार देर रात वह घर वापस आ रहे थे। मृतक के पिता राकेश मौर्य का आरोप है कि संजय नगर में हवाई जहाज वाली कोठी के पास अर्जुन को उनके घर के पीछे रहने वाले अर्पित ने अपने साथियों कुश कपिल लाभेडा के साथ अर्जुन को रोक लिया। आरोप है कि आरोपितों की पहले अर्जुन से किसी बात पर नोंकझोंक हुई और बाद में अर्पित ने तमंचा निकालकर अर्जुन के सिर में गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिया। सीसीटीवी में घटना कैद हो गई है। उधर सुबह, पोस्टमार्टम हाउस पर स्वजन ने हंगामा काट दिया। उनकी मांग थी कि, आरोपितों का एनकाउंटर किया जाए। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया मगर स्वजन अपनी जिद पर अड़े रहे बाद में रोड जाम कर दिया।

## डिफेंस कॉलोनी थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मोबाइल स्नैचिंग का खुलासा किया, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस के अंतर्गत डिफेंस कॉलोनी थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग के एक मामले का 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार 11 जून 2026 को डिफेंस कॉलोनी थाना में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें एक महिला ने मोबाइल फोन छीने जाने की सूचना दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने कार्यस्थल की ओर जा रही थीं। जब वह डिफेंस कॉलोनी के सी-ब्लॉक क्षेत्र से गुजर रही थीं, तभी मोटरसाइकिल सवार एक अज्ञात युवक पीछे से आया और उनका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। घटना के दौरान वह मोटरसाइकिल का पंजीकरण नंबर नोट नहीं कर सकीं।शिकायत के आधार पर डिफेंस कॉलोनी थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक सत्यम को सौंपी गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय शर्मा के नेतृत्व तथा सहायक पुलिस आयुक्त, डिफेंस कॉलोनी के पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में उपनिरीक्षक सत्यम, उपनिरीक्षक सचिन, हेड कांस्टेबल अशोक और कांस्टेबल अमन शामिल थे।जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल और संभावित फरारी मार्गों पर लगे 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय खुफिया सूचनाओं की मदद से आरोपी की पहचान की गई। जांच में यह भी पता चला कि वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल कई लोगों के हाथों से गुजरते हुए आरोपी तक पहुंची थी। वाहन के स्वामित्व संबंधी विवरणों ने पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग प्रदान किया।पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली।गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजीश अंसारी 26 वर्ष निवासी लाजपत नगर नई दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि त्वरित कार्रवाई, आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग और पुलिस टीम के समन्वित प्रयासों से मामले का शीघ्र खुलासा संभव हो सका। उन्होंने कहा कि दक्षिण जिला पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## एस.आई.आर. कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए बी.एल.ओज. को दी जा रही विशेष ट्रेनिंग: आशिका जैन

● जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधान सभा चब्बेवाल के प्रशिक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**होशियारपुर-** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत चलाए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एस.आई.आर.) कार्यक्रम को जिले में प्रभावी एवं सुचारु रूप से लागू करने के उद्देश्य से ई.आर.ओज की ओर से बूथ लेवल अधिकारियों (बी.एल.ओज.) को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 044 चब्बेवाल के प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी आशिका जैन ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी आशिका जैन ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सटीक बनाने में बी.एल.ओ. की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्यक्रम के तहत मतदाता सूचियों को अपडेट करने का कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके और किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से कहा कि वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें तथा मतदाता सूची संबंधी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित बी.एल.ओज. मतदाताओं को भी जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा। इस दौरान असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ. प्रदीप कौर, विजय कुमार, हरदीप सिंह तथा दविंदर सिंह ने बी.एल.ओ. को एस.आई.आर. कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं, प्रक्रियाओं और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस मौके पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (सामान्य) निधि कुमुद बंबाह, तहसीलदार चुनाव रमनदीप कौर तथा चुनाव कानूनगो लखबीर सिंह भी उपस्थित थे।

### जेल में ही रहेगा हथियार तस्कर सलीम पिस्टल, दिल्ली HC ने ट्रायल कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** हथियार तस्कर सलीम अहमद उर्फ सलीम पिस्टल को ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत पर दिल्ली हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। जून को जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए न्यायमूर्ति मधु जैन की पीठ ने सलीम अहमद को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 24 जून को होगी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगली सुनवाई तक छह जून का जमानत आदेश प्रभावी नहीं रहेगा। दिल्ली पुलिस की ओर से विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने दलील दी कि सलीम पिस्टल केवल एक मामले में ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दो मामलों में भी आरोपित है।

## सीआर पार्क थाना पुलिस ने दो चोरों को दबोचा, चोरी की दो मोटरसाइकिलें और घरेलू सामान बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस के अंतर्गत चित्तरंजन पार्क थाना पुलिस ने चोरी की वारदातों में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें, अपराध में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल तथा घरेलू उपयोग के कई चोरीशुदा सामान बरामद किए हैं। पुलिस ने यह सफलता सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और स्थानीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर हासिल की।दक्षिण जिला पुलिस के अनुसार क्षेत्र में वाहन चोरी और अन्य चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए थाना चित्तरंजन पार्क के प्रभारी निरीक्षक अनीश शर्मा के नेतृत्व तथा सहायक पुलिस आयुक्त (चित्तरंजन पार्क) के पर्यवेक्षण में विशेष टीमों का गठन किया गया था। टीम में एएसआई दलवीर सिंह, हेड कांस्टेबल रोशन और हेड कांस्टेबल गिर्राज शामिल थे।जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर उनका गहन विश्लेषण किया। फुटेज में दोनों आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से भागते हुए दिखाई दिए। इसके बाद फुटेज का मिलान अपराधियों के रिकॉर्ड से किया गया तथा मुखबिरों की सहायता ली गई। तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें अंबेडकर नगर-दक्षिण पुरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी लावारिस अथवा असुरक्षित खड़े वाहनों और घरेलू सामान को निशाना बनाते थे। चोरी के बाद वे सामान को छिपाने या ठिकाने लगाने का प्रयास करते थे ताकि पुलिस की पकड़ से बच सकें। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उदय कुमार उर्फ एलियन 24 वर्ष निवासी दक्षिण पुरी, अंबेडकर नगर, नई दिल्ली तथा सौरव कुमार 24 वर्ष निवासी दक्षिण पुरी, नई दिल्ली के रूप में हुई है। सौरव कुमार के खिलाफ पूर्व में थाना साकेत में चोरी से संबंधित एक मामला दर्ज है, जबकि उदय कुमार के खिलाफ किसी पूर्व आपराधिक मामले का रिकॉर्ड नहीं मिला है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिलें, अपराध में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, एक रक्तचाप मापने की मशीन तथा चांदी की परत चढ़े दो वॉशरूम नल बरामद किए हैं। इस कार्रवाई के जरिए थाना चित्तरंजन पार्क में दर्ज दो चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों आरोपी अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहे हैं या नहीं। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनन्त मित्तल ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि समय पर की गई कार्रवाई, तकनीकी जांच और टीम के समन्वित प्रयासों से आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरीशुदा सामान की बरामदगी संभव हो सकी।